राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 323
लखनऊ, शनिवार 25 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



15 साल पुराने केस में गवाह पेश न करने पर कोर्ट सख्त 10

छात्र ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति : पंकज चौधरी 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,44,480/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,32,450/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,08,400/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,35,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### ऊधमपुर में अचानक आई बाढ़ से कई मकान क्षतिग्रस्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के ऊधमपुर जिले के बरकुआंडा इलाके में शुक्रवार तड़के अचानक आई बाढ़ से कई मकानों को नुकसान पहुंचा, जिसके बाद प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि एहतियात के तौर पर जिला प्रशासन ने तीन प्रभावित परिवारों को बरकुआंडा के सरकारी स्कूल में ठहराया है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। साथ ही, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में बसंतगढ़ तहसील के कड़वाह गांव में भी अचानक आई बाढ़ के कारण कुछ मकानों और खेतों में खड़ी मक्के की फसल को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों के अनुसार, बाढ़ के पानी को एक वैकल्पिक मार्ग से मोड़ दिया गया, जिससे रिहायशी मकानों एवं कृषि भूमि को और अधिक नुकसान होने की आशंका नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले पांच दिन से हो रही भारी बारिश के कारण जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में व्यापक नुकसान हुआ है।

### फेक न्यूज फैलाने वाले 480 पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल ब्लॉक

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रोटेस्ट के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। इस दौरान पुलिस ने पाकिस्तान से काम कर रहे 480 सोशल मीडिया हैंडल की पहचान करके उन्हें ब्लॉक कर दिया है। पुलिस का कहना है कि ये हैंडल मिलकर फेक न्यूज और प्रोपेगैंडा फैला रहे थे। दिल्ली पुलिस ने जनता से अपील की है। कहा है कि स्टूडेंट्स और युवाओं को ऐसे विदेशी सोशल मीडिया अकाउंट से सावधान रहना चाहिए। अफवाहों और गलत जानकारी पर भरोसा न करें, सिर्फ ऑफिशियल सोर्स से ही जानकारी लें। बिना वेरिफिकेशन के कोई भी संदिग्ध या भड़काऊ पोस्ट शेयर न करें।

### ईरान पर सबसे बड़े हमले की तैयारी में अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका ईरान पर सबसे बड़ा हमला करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि तैयारी पूरी है, अब सिर्फ फैसला लेना बाकी है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान ने अभी तक पर्याप्त दर्द नहीं झेला है। ट्रम्प के बयान के बाद ईरान ने भी तुरंत जवाब दिया। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अगर अमेरिका ने हमले जारी रखे तो उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### सभागार व पुस्तकालय को लेकर मुख्यमंत्री से मिला बार प्रतिनिधिमंडल




**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन महराजगंज के प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर बार सभागार एवं पुस्तकालय भवन के निर्माण की मांग की। अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए निर्माण कार्य के लिए शासन से सहयोग की मांग उठाई। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की मांग को गंभीरता से सुनते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल रमेश कुमार मिश्रा, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ब्रजेन्द्र नाथ त्रिपाठी, बार एसोसिएशन के महामंत्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी व मनोज कुमार सिंह शामिल रहे।

# पेपर लीक संशोधन बिल कैबिनेट से मंजूर

## 10 साल की जेल व 10 करोड़ रुपये जुर्माने का प्रावधान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और पेपर लीक पर सख्त कार्रवाई की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में पेपर लीक से जुड़े कानून में संशोधन को मंजूरी दे दी गई। प्रस्तावित संशोधन के तहत संगठित पेपर लीक, परीक्षा में धांधली और नकल माफिया के खिलाफ कड़े दंडात्मक प्रावधान शामिल किए गए हैं।

सरकार का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया में छात्रों का भरोसा बहाल करना और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है। सरकार के प्रस्तावित संशोधनों में पेपर लीक मामलों की सुनवाई के लिए विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट को कानूनी आधार देने का प्रावधान किया गया है। इन अदालतों को निर्देश होगा कि ऐसे मामलों का निपटारा निर्धारित समय

> परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता व पेपर लीक पर सख्त कार्रवाई की दिशा में केंद्र सरकार ने उठाया बड़ा कदम

सीमा के भीतर किया जाए, ताकि वर्षों तक मुकदमे लंबित न रहें। सरकार का मानना है कि त्वरित न्याय से परीक्षा माफियाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति या संगठित गिरोह पेपर लीक, परीक्षा में धोखाधड़ी या उससे जुड़े अपराधों का दोषी पाया जाता है तो उसे अधिकतम 10 वर्ष की सजा और 10 करोड़ रुपये तक का जुर्माना भुगतना पड़ सकता है। यह प्रावधान अब तक के सबसे कठोर दंडात्मक उपायों में शामिल माना जा रहा है। परीक्षा प्रणाली को लेकर उठ रहे सवालों के बीच केंद्र सरकार ने शिक्षा मंत्रालय में भी अहम प्रशासनिक बदलाव किए हैं। उच्च शिक्षा विभाग में नए सचिव की नियुक्ति की गई है।

सरकार का कहना है कि प्रशासनिक सुधार, तकनीकी निगरानी और सख्त कानून के जरिए परीक्षा व्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाया जाएगा। उधर, पेपर लीक के मुद्दे पर देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक अपना अनशन समाप्त कर चुके हैं, जबकि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे संगठन अब भी शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही और सुधार की मांग पर अड़े हुए हैं। सरकार का दावा है कि नए कानूनी प्रावधान भविष्य में ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।


### संशोधन विधेयक को संसद में पेश किए जाने की तैयारी

सरकारी सूत्रों के अनुसार, संशोधन विधेयक को अगले सप्ताह संसद में पेश किए जाने की तैयारी है। मानसून सत्र के दौरान इस पर चर्चा होने की संभावना जताई जा रही है। हाल के दिनों में परीक्षा प्रणाली और पेपर लीक को लेकर संसद के दोनों सदनों में लगातार हंगामा देखने को मिला है। सरकार का कहना है कि नए कानून से परीक्षा प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाया जाएगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश जारी कर कहा था कि पेपर लीक केवल एक कानूनी नहीं, बल्कि लाखों छात्रों और उनके परिवारों के भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दोषियों की गिरफ्तारी, दोबारा परीक्षा आयोजित कराने और समय पर परिणाम घोषित करने जैसे कदम उठाए हैं, लेकिन केवल इतना पर्याप्त नहीं है। इसलिए अब सख्त कानूनी ढांचा तैयार किया जा रहा है।

**सरकार से वार्ता के बाद सीजेपी का बयान**

## दो मांगों पर सकारात्मक संकेत, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर फैसला आज

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



नीट पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर जारी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आंदोलन के बीच शुक्रवार को केंद्र सरकार और संगठन के प्रतिनिधियों के बीच अहम बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह ने सीजेपी के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी मांगों पर चर्चा की। बैठक के बाद सीजेपी नेताओं ने दावा किया कि सरकार ने उनकी कुछ मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाया है, लेकिन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के मुद्दे पर अंतिम फैसला अभी नहीं हुआ है।

संगठन ने स्पष्ट किया कि जब तक धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा नहीं देते, तब तक जंतर-मंतर पर आंदोलन जारी रहेगा। बैठक के बाद दोनों पक्षों ने बातचीत जारी रखने पर सहमति जताई और संकेत दिए कि आने वाले समय में एक और दौर की वार्ता हो सकती है। सीजेपी नेताओं के अनुसार बैठक में संगठन ने सरकार के सामने तीन प्रमुख मांगें रखीं। इनमें पहली मांग परीक्षा संबंधी घटनाओं से प्रभावित छात्रों के परिवारों को एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की है। दूसरी मांग आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने से जुड़ी है। संगठन का दावा है कि इन दोनों मुद्दों पर सरकार का रुख सकारात्मक दिखाई दिया और आगे की प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है। बैठक का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे का रहा।

सीजेपी नेताओं ने कहा कि इस मांग पर कोई समझौता नहीं हुआ है और सरकार ने इस पर फैसला लेने के लिए शनिवार दोपहर तक का समय मांगा है।

# वंदे मातरम विधेयक पेश किये जाने के अलावा नहीं हुआ संसद में पूरे सप्ताह कोई काम

> लोकसभा-राज्यसभा सोमवार तक स्थगित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक मामले को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों के निरंतर हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों में मानसून सत्र के पहले सप्ताह एक विधेयक के पेश किये जाने के अलावा कोई कामकाज नहीं हो सका।

सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को अपराह्न दो बजे राज्य सभा में विपक्ष के शोर शराबे के बीच ही वंदे मातरम् से संबंधित राष्ट्र गौरव अपमान निवारण संशोधन विधेयक 2026 रखा गया और उसके तुरंत बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी। लोक सभा में तो पूरे सप्ताह कोई कामकाज नहीं हो सका।

सोमवार से शुरू इस सत्र में पहले दिन से ही विपक्षी दलों के सदस्य पेपर लीक मामले को उठाते हुए इसके लिए जवाबदेही तय करने, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग और इस मुद्दे पर कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिए चर्चा कराने की मांग को लेकर दोनों सदनों में हंगामा करते रहे। सरकार की ओर से बिना शर्त चर्चा का प्रस्ताव किया गया लेकिन मुख्य रूप से कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दल इस पर राजी हुए। उनकी मांग थी कि पहले मंत्री इस्तीफा दें, इसके बाद चर्चा करायी जाए। इस गतिरोध के कारण कोई कामकाज नहीं हो सका। लोक सभा में शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे प्रश्न काल शुरू होते ही विपक्षी सदस्य पेपर लीक मुद्दे पर हंगामा करने लगे जिससे अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। कार्यवाही पुनः शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने फिर शोरगुल शुरू कर दिया। इस पर पीठासीन जगदम्बिका पाल ने कार्यवाही सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। राज्य सभा में इसी मुद्दे पर दिन में दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे कार्यवाही शुरू हुई। विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच गृह राज्य मंत्री राय ने उप सभापति की अनुमति से विधेयक पेश करने का प्रस्ताव रखा। सदन ने विपक्ष की आपत्तियों को ध्वनिमत से खारिज कर विधेयक रखे जाने को मंजूरी दे दी।

इस दौरान विपक्षी दलों के सदस्यों ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा तेज कर दिया। उप सभापति ने सदन में हंगामा बढ़ता देश सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी।

# कच्चा तेल 100 डॉलर पार, बाजार बेहाल

**आर.बी.सिंह**




**नई दिल्ली/लखनऊ।** शेयर बाजार में गुरुवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक बाजारों के दबाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण निवेशकों में घबराहट का माहौल रहा। सेंसेक्स ने कारोबार के दौरान 900 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ दिन का निचला स्तर छुआ, जबकि निफ्टी भी 250 अंक टूटकर बंद हुआ। कारोबार की शुरुआत से ही बाजार लाल निशान में था। शुरुआती 30 मिनट में ही सेंसेक्स 600 अंक लुढ़क गया। बैंकिंग, आईटी और ऑटो शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली देखने को मिली। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस और इंफोसिस जैसे दिग्गज शेयरों ने सूचकांक को नीचे खींचा। दिन के अंत में सेंसेक्स 912 अंक यानी 1.12त्न गिरकर 80,450 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 24,200 के नीचे फिसलकर 24,168 पर बंद हुआ।

बाजार की इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह कच्चे तेल में आई तेजी है। ब्रेंट क्रूड पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया। ईरान-इजराइल तनाव और ओपेक के उत्पादन कटौती के संकेतों से तेल के दामों में आग लगी है। तेल महंगा होने से महंगाई बढ़ने और कंपनियों के मुनाफे पर दबाव की आशंका से निवेशक सतर्क हो गए। विदेशी संस्थागत निवेशकों यानी एफआईआई ने भी लगातार चौथे दिन बिकवाली की। उन्होंने 4,200 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं डॉलर के मुकाबले रुपया भी 8 पैसे गिरकर 83.92 पर आ गया। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अभी नजदीक में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक और तिमाही नतीजों का सीजन है, इसलिए अस्थिरता बनी रह सकती है। 100 डॉलर वाला तेल भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। इससे पेट्रोल-डीजल महंगा होगा और महंगाई का दबाव बढ़ेगा। वरिष्ठ विश्लेषक राजेश अग्रवाल का कहना है कि निवेशक घबराकर बिकवाली न करें और लंबी अवधि के लिए मजबूत कंपनियों पर नजर रखें। फिलहाल बाजार में सतर्कता ही सबसे बड़ी रणनीति है।

## 26 जुलाई को सपा मनाएगी संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 26 जुलाई को पूरे उत्तर प्रदेश और देशभर में संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि इसी दिन कोल्हापुर के तत्कालीन शासक राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने महात्मा ज्योतिबा फुले की विचारधारा से प्रेरित होकर आरक्षण व्यवस्था लागू की थी। उनके अनुसार, यह सामाजिक न्याय को व्यवहार में उतारने की एक ऐतिहासिक पहल थी, जिसने आगे चलकर संविधान में समानता और सामाजिक न्याय के प्रावधानों की मजबूत नींव रखी। सपा मुखिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आरक्षण दिवस 26 जुलाई को समाजवादी पार्टी ने संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस के रूप में भी मनाने का विनम्र निर्णय ले रखा है क्योंकि इसी दिन महात्मा ज्योतिबा फुले जी द्वारा संकल्पित आरक्षण को कोल्हापुर के परम आदरणीय-अनुकरणीय श्रीमंत महाराज राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज जी ने अपने कोल्हापुर राज्य में लागू किया था। इसी दिन आरक्षण देने का शुभारंभ हुआ था।

## बांग्लादेश को बड़ा झटका, राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने दिया इस्तीफा



**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने अपने कार्यकाल के खत्म होने से दो साल पहले ही शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। वह अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पूर्व सहयोगी थे। 76 वर्षीय नेता ने अपने इस्तीफे की वजह के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मैं स्वास्थ्य संबंधी कई दिक्कतों से जूझ रहा हूं। राष्ट्रपति भवन बंगभवन के एक प्रवक्ता ने बताया कि त्यागपत्र संसद के अध्यक्ष हफीजुद्दीन अहमद को सौंपा जाएगा, जो बांग्लादेश के संविधान के अनुसार नए राष्ट्रपति के चुने जाने तक कार्यवाहक राष्ट्रपति के तौर पर काम करेंगे।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति 2026-27 के लिए 15 सितंबर से शुरू होंगे ऑनलाइन आवेदन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण हेतु विस्तृत समय-सारिणी जारी कर दी है। प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग अनुराग यादव द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार योजना के सभी चरण निर्धारित तिथियों के अनुरूप ऑनलाइन माध्यम से संपन्न कराए जाएंगे।जारी समय-सारिणी के अनुसार 22 जुलाई से 15 अगस्त तक शिक्षण संस्थान मास्टर डाटा तैयार करेंगे। इसके बाद विश्वविद्यालयों, एफिलिएटिंग एजेंसियों तथा जिला समाज कल्याण अधिकारियों द्वारा विभिन्न चरणों में सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

नवीनीकरण के लिए छात्र-छात्राएं 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, जबकि नवीन अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 सितंबर से 31 अक्टूबर तक स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन के सत्यापन, स्क्रूटनी, जनपदीय समिति की स्वीकृति, मांग सृजन तथा धनराशि अंतरण की प्रक्रिया चरणबद्ध ढंग से पूरी की जाएगी। शासनादेश के अनुसार नवीनीकरण वाले पात्र छात्रों के बैंक खातों में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि 1 से 10 दिसंबर 2026 के बीच तथा नवीन छात्रों के खातों में 27 से 31 जनवरी 2027 के बीच अंतरित की जाएगी।

## अदालत की कार्यवाही सोशल मीडिया पर साझा करने से पहले लेनी होगी अनुमति



**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उसकी कार्यवाही की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग को संबंधित सेक्रेटरी जनरल या हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की पूर्व अनुमति के बिना सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल मंचों पर पोस्ट करने, दोबारा साझा करने या अपलोड करने पर अंतरिम रोक लगा दी। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने अदालत की कार्यवाही के लाइव-स्ट्रीम और उसके वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाने के कथित दुरुपयोग का मुद्दा उठाने वाली एक याचिका पर केंद्र सरकार तथा अन्य पक्षों से जवाब भी मांगा।

# प्रयागराज समेत कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना, सावधान रहें किसान

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**



प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अगले कुछ घंटों के दौरान गरज-चमक, बिजली गिरने और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। यह पूर्वानुमान शक्रवार सुबहभारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने जारी किया है। इसके ही मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों और किसानों को सावधानी बरतने की अपील किया है।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए), कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस. एन. सुनील पांडेय ने बताया कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, इटावा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा, कौशाम्बी, आजमगढ़, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, अयोध्या, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, कन्नौज, हरदोई, सीतापुर, बहराइच, गोंडा, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बरेली और बदायूं समेत आसपास के क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं तथा आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। इसलिए खुले स्थानों, खेतों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें तथा खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थान पर रहें।

डॉ. एस. एन. सुनील पांडेय का कहना है कि प्रयागराज और आसपास के जिलों में अगले कुछ घंटों तक मौसम सक्रिय रहेगा। गरज-चमक, तेज हवाओं और हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। किसान खेतों में कार्य करते समय विशेष सावधानी बरतें और मौसम सामान्य होने के बाद ही कृषि कार्य करें। आमजन भी बिजली चमकने के दौरान खुले स्थानों से दूर रहें तथा मौसम विभाग की सलाह का पालन करें।

**कार्रवाई** | **एफएसडीए की जांच में अंतर्राज्यीय सिंडिकेट बेनकाब**

# लखनऊ से देहरादून तक फैला नकली दवाओं का नेटवर्क ध्वस्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अमीनाबाद में बरामद नकली फ्लोजेन दवा के सैंपल से शुरू हुई जांच ने आखिरकार देहरादून में संचालित अवैध दवा निर्माण फैक्ट्री का पर्दाफाश कर दिया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) एवं क्राइम ब्रांच गाजियाबाद की संयुक्त टीम ने डिजिटल साक्ष्यों और मोबाइल चैट के आधार पर पूरे अंतरराज्यीय नेटवर्क का खुलासा कर दिया।

संयुक्त टीम कार्रवाई करते हुए देहरादून में संचालित अवैध नकली दवा निर्माण फैक्ट्री पर छापा मारकर करीब एक करोड़ रुपये मूल्य की नकली दवाएं, पैकेजिंग सामग्री और आधुनिक मशीनरी बरामद की है। इस संयुक्त अभियान में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

उल्लेखनीय है कि 19 जुलाई को थाना अमीनाबाद, लखनऊ में नकली दवाओं के भंडारण और बिक्री के मामले में दर्ज मुकदमे के दौरान 43 प्रकार की नकली दवाएं बरामद हुई थीं। शुरुआती जांच में मिले दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर एफएसडीए मुख्यालय ने विशेष प्रवर्तन टीम गठित की।

टीम ने मोबाइल डेटा, व्हाट्सएप चैट, पैकेजिंग पैटर्न और सप्लाई चेन का विश्लेषण करते हुए पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़नी शुरू कीं। जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई कि गिरोह का मुख्य सप्लायर राजेंद्र सिंह उर्फ अरुण टुंडा गाजियाबाद में मौजूद है। इसके बाद एफएसडीए की विशेष टीम ने क्राइम ब्रांच गाजियाबाद के सहयोग से उसे 22 जुलाई को केडब्ल्यू मॉल, राजनगर एक्सटेंशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने बताया कि अमीनाबाद में हुई कार्रवाई के दौरान बरामद टैबलेट फ्लोजेन ए ए दवा का नमूना जांच में स्प्यूरियस (नकली) पाया गया था। इसी बीच गिरफ्तार आरोपित राजेंद्र सिंह उर्फ अरुण टुंडा के मोबाइल की डिजिटल जांच में फ्लोजेन ब्रांड की नकली स्ट्रिप्स की तस्वीरें, पैकेजिंग से जुड़े दस्तावेज और मशीनों से संबंधित व्हाट्सएप चैट मिलीं।

इन डिजिटल साक्ष्यों ने यह स्पष्ट कर दिया कि लखनऊ में बरामद नकली दवा और देहरादून में संचालित अवैध फैक्ट्री एक ही अंतरराज्यीय नेटवर्क का हिस्सा हैं। इसी सुराग के आधार पर जांच आगे बढ़ी और देहरादून स्थित फैक्ट्री पर छापा मार कर पूरे सिंडिकेट का पर्दाफाश किया गया। गिरफ्तार आरोपितों के मोबाइल की डिजिटल फॉरेंसिक जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।

व्हाट्सएप चैट में प्रसिद्ध दवा ब्रांडों की नकली स्ट्रिप्स, पैकेजिंग सामग्री, मशीनों के स्पेयर पार्ट्स और निर्माण से जुड़ी तस्वीरें मिलीं। जांच में यह भी सामने आया कि पैकेजिंग पर जानबूझकर ऐसे बदलाव किए गए थे, जिन्हें आम ग्राहक आसानी से पहचान नहीं सकता था। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर देहरादून स्थित अवैध फैक्ट्री का पता चला। आरोपित की निशानदेही पर उत्तर प्रदेश एफएसडीए, क्राइम ब्रांच गाजियाबाद और उत्तराखंड एफएसडीए के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने देहरादून के देवीपुर न्यू हाईवे रोड, ईस्ट होपटाउन स्थित परिसर में छापा मारा। यहां एक कमरे में आधुनिक अलू-अलू पैकिंग मशीन, स्ट्रिप मशीन, इंकजेट बेल्ट प्रिंटर, कंप्रेसर, हाई वोल्टेज स्टेबलाइजर, बड़ी मात्रा में सेमीफिनिश टैबलेट और कैप्सूल, प्रिंटेड एल्युमिनियम फॉयल, रैपर और मास्टर कार्टन बरामद किए गए। मौके पर मिले साक्ष्यों से स्पष्ट हुआ कि यहां बिना किसी वैध लाइसेंस के नकली दवाओं का निर्माण कर उन्हें प्रसिद्ध कंपनियों की पैकेजिंग में भरकर बाजार में भेजने की तैयारी की जा रही थी।

# भारत-नेपाल सीमा पर वारिस द पंजाब से जुड़ा वांछित गिरफ्तार

- फर्जी आधार कार्ड के साथ भारत में कर रहा था प्रवेश
- तीन स्थानीय लोग भी हिरासत में

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

वारिस द पंजाब संगठन से जुड़े विक्रमजीत सिंह और मनवीर सिंह को हिरासत में लिया गया है। आरोप है कि दोनों फर्जी और अपूर्ण दस्तावेजों के सहारे भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने उनकी मदद करने के आरोप में तीन स्थानीय लोगों को भी हिरासत में लिया है।

भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा चेकपोस्ट पर गुरुवार शाम ये कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, विक्रमजीत सिंह फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल कर भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। पूछताछ में उसने बताया कि वह पिछले एक वर्ष से नेपाल के काठमांडू में रह रहा था। उसने यह भी बताया कि पंजाब के अजनाला थाने पर हुए हमले के मामले में वह वांछित है और उसके वकीलों ने समझौते की प्रक्रिया के लिए उसे पंजाब बुलाया था। इसी के चलते वह नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश कर रहा था।

जांच में सामने आया है कि दोनों को अवैध तरीके से भारत में प्रवेश कराने में तीन स्थानीय लोगों ने मदद की थी। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। विक्रमजीत सिंह की गिरफ्तारी की सूचना पंजाब पुलिस को भी दे दी गई है। फिलहाल स्थानीय पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही हैं। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### 2023 के अजनाला थाना हमले में है वांछित

गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद देर रात पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव और अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी रूपईडीहा थाने पहुंचे और पूछताछ की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विक्रमजीत सिंह वर्ष 2023 में पंजाब के अजनाला थाने पर हुए हमले के मामले में वांछित है। घटना के बाद वह करीब दो वर्ष तक महाराष्ट्र, पीलीभीत और पूरनपुर में छिपा रहा। इसके बाद पिछले एक वर्ष से वह नेपाल के काठमांडू में रह रहा था।

### वीजा नहीं होने पर मनवीर सिंह भी हिरासत में

पुलिस के अनुसार, मनवीर सिंह मूल रूप से पंजाब का रहने वाला है और वर्तमान में अमेरिका में निवास करता है। वह अपनी पत्नी, बेटी और विक्रमजीत सिंह के साथ भारत में प्रवेश कर रहा था। उसके पास वैध वीजा नहीं होने के कारण उसे हिरासत में लिया गया है। प्रारंभिक जांच में मनवीर सिंह के खिलाफ कोई पूर्व में मुकदमे दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। वहीं उसकी पत्नी के पास वैध यात्रा दस्तावेज मिलने पर उन्हें लखनऊ भेज दिया गया।

## बालिका को बेचने के आरोप में छह गिरफ्तार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक बालिका को अपहरण कर के बेचने के प्रयास में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर के जेल भेजा है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के खमरिया हरिवंश गांव के निवासी रंजित शर्मा ने कोतवाली देहात में तहरीर दिया कि उस की पुत्री जिस की उम्र 15 वर्ष है। कुछ लोग अपहरण कर के बेचने के चक्कर में है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज के जांच शुरू किया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि इस घटना में शामिल शोएब पुत्र अति उल्ला शोएब खान पुत्र यार खान मुजीब खान पुत्र हशीद उमेंर पुत्र अली उल्ला अब्दुल अजीज पुत्र अब्दुल अजीम निवासी बैजपुर एक्मा इटियाथोक को गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से छात्र की मौत

- मोटरसाइकिल पर सवार थे तीन छात्र, एक की मौके पर मौत, दो घायल
- इटियाथोक के नव्वागांव-आर्यनगर मार्ग पर हादसा, घायलों का अस्पताल में इलाज जारी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

इटियाथोक थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक छात्र की मौके पर मौत हो गई। हादसे में दो अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना नव्वागांव-आर्यनगर मार्ग पर बीरपुर सूबेदार के पास हुई। टंडेल पुरवा गांव निवासी विशाल, उसका छोटा भाई विवेक और देवभारी निवासी अंकित तीनों एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विशाल की मौके पर ही मौत हो गई।

विशाल और विवेक इटियाथोक जनता इंटर कॉलेज में कक्षा 12 में दाखिला कराने गए थे। वापसी में वे पांडेय पुरवा स्थित एक निजी विद्यालय में अपने पुराने शिक्षकों से मिलने भी गए थे। वहां से लौटते समय अंकित भी उनके साथ था। विशाल की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक के पिता राजेश कोलकाता में नेवी शिप पर निजी नौकरी करते हैं।

बेटे की मौत की सूचना मिलते ही वे मुंबई से घर के लिए रवाना हो गए हैं। विशाल दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई विवेक अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### ई-रिक्शा को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, महिला की मौत, चार घायल




गौरा चौकी क्षेत्र के खोड़ारे अंतर्गत चंद्रदीप घाट रोड पर गुरुवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। कुंडली बाबा से लौट रहे एक परिवार के ई-रिक्शा को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इहादसे में फोटू देवी (30) की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं 5 साल की सृष्टि को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। अन्य तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस कार्रवाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन चालक की तलाश जारी है। धार्मिक स्थान से लौटते समय हुए इस हादसे से परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### गेहूं क्रय केंद्र प्रभारी पर पैसा हड़पने का आरोप

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के उज्जैनी जमाल बहलोल पुर गांव के निवासी सूर्य मणि मिश्रा पुत्र शेष दत्त ने कहोंबा चौकी पर तहरीर दिया कि मीर गंज के पी सी एफ केंद्र प्रभारी अनिल मिश्रा ने 35 कुतल 40 किलो ग्राम गेहूं खरीदा था। जिस का अभिलेख ऑनलाइन अपलोड नहीं किया गया।जिस से पैसा नहीं आया। केंद्र प्रभारी से जब जानकारी किया गया तो उन्हें ने बताया कि भी लोड नहीं हुआ है। बस दिनों तक दौड़ने के बाद बताया कि साइड बंद हो गई। इस पर उस ने पी सी एफ के जिला प्रबंधन एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी से किया तो केंद्र प्रभारी से पचास हजार रूपया दिया। अभी 41 हजार रूपया बाकी है जिस को नहीं दिया गया। इस पर मुकदमा लिखाने की मांग किया है।

### नहर में डूबी युवती का सात दिन बाद मिला शव



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के सुजौली थाना क्षेत्र में नहर में डूबी एक युवती का शव सात दिन बाद बरामद हुआ है। पुलिस ने शुक्रवार सुबह शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नयापुरवा ग्राम निवासी 26 वर्षीय राधा बीते शुक्रवार, 17 मई को शाम करीब पांच बजे नहर की पटरी से घास लेकर घर लौट रही थी। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में गिरकर डूब गई थी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और गोताखोरों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला था। गुरुवार देर रात घटना स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर नहर के किनारे उसका शव मिला। सूचना मिलने पर सुजौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। थाना प्रभारी सुजौली ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व नहर में डूबी युवती का शव मिला है, जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### युवक पर लाठी-डंडा व धारदार हथियार से हमला




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के डल्लापुरवा में रिश्तेदारी से वापस लौट रहे युवक पर लाठी डंडा व धारदार हथियार से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। मुरलीपुरवा पाठक पुरवा गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र ईश्वर दीन उम्र करीब 35 वर्ष ने शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह डल्लापुरवा गांव रिश्तेदारी में गए थे। वापस लौटते समय जुगराज के घर के सामने सड़क पर भैंस बंधी थी तथा कीचड़ अधिक था। लिहाजा वह उनके द्वार से निकलने लगा। तभी जुगराज व उनके बेटे बेचई गाली देने लगे। जिसका विरोध किया तो पिता पुत्र ने मिलकर लाठी डंडा व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घायल युवक राजेश कुमार को उपचार के लिए सीएचसी शिवपुर भेजा। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। डा. अभय कुमार कैराती ने बताया कि बेहतर उपचार एवं एक्सरा के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### 1,255 वाहनों के हुआ चालान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर चलाए गए सघन यातायात अभियान के दौरान 1,255 वाहनों का चालान किया गया। नियमों का उल्लंघन करने वालों से 15.17 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया, जबकि नौ वाहनों को सीज भी किया गया। गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह तक यातायात पुलिस ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने कुल 1,255 वाहनों का चालान करते हुए 15 लाख 17 हजार 7 रुपए का जुर्माना लगाया। अभियान के दौरान बिना नियमों का पालन करने वाले चालकों पर विशेष नजर रखी गई।यातायात प्रभारी ने बताया कि तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने, गलत अथवा अस्पष्ट नंबर प्लेट का उपयोग करने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर नौ वाहनों को सीज भी किया गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करने के लिए सभी वाहन चालकों का नियमों का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### आबादी के बीच कुएं में गिरा मगरमच्छ



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के बेलामकन गांव में शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे आबादी के पास स्थित एक कुएं में विशालकाय मगरमच्छ गिरने की सूचना से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर नानपारा रेंज के वन दरोगा बृजेश वर्मा वन विभाग की टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने करीब 10 फीट लंबे मगरमच्छ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वन दरोगा बृजेश वर्मा ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मगरमच्छ को कतर्नियाघाट वन प्रभाग के महादेव ताल में सुरक्षित छोड़ दिया गया है। वन विभाग ने वर्षाकाल को देखते हुए लोगों से नदी, नाला, नहर और तालाब आदि जलस्रोतों के किनारे अकेले न जाने तथा विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। संवेदनशील क्षेत्रों में मगरमच्छ के हमले से बचाव को लेकर पोस्टर लगाने के साथ ही जनजागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को भी जागरूक किया जा रहा है।

### एसएमसी व अभिभावक बैठक में शिक्षा व स्वास्थ्य पर जोर



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** रेहरा बाजार क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मौहरवा में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) एवं अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक रहने और बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई। बैठक में अभिभावकों को बताया गया कि डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से प्राप्त धनराशि का उपयोग बच्चों के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार यूनिफॉर्म, जूते, मोज़े और स्कूल बैग की खरीद में किया जाए, ताकि सभी छात्र-छात्राएं आवश्यक शैक्षिक सामग्री के साथ विद्यालय आ सकें। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक कामता प्रसाद ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बच्चों की नियमित उपस्थिति और अभिभावकों का सहयोग विद्यालय की प्रगति के लिए बेहद आवश्यक है। बैठक में एसएमसी अध्यक्ष संग्राम, उपाध्यक्ष संगीता यादव, अभिभावक लल्लन यादव, ओम प्रकाश सिंह सहित अन्य अभिभावक एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का समापन शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और विद्यालय के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ हुआ।

# रेलवे फाटक तोड़कर भागी तेज रफ्तार पिकअप

- भूपगंज रेलवे क्रॉसिंग पर समय रहते टला बड़ा हादसा

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



थाना पयागपुर क्षेत्र स्थित भूपगंज रेलवे क्रॉसिंग पर शुक्रवार को एक बड़ी लापरवाही सामने आई। तेज रफ्तार पिकअप चालक ने बंद रेलवे फाटक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बैरियर टूट गया। इसके बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना के बाद रेलवे कर्मचारियों और आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रेलवे फाटक ट्रेन के गुजरने के लिए बंद किया जा चुका था। इसी दौरान तेज गति से पहुंची पिकअप ने रुकने के बजाय सीधे बैरियर में टक्कर मार दी। बैरियर टूटते ही चालक वाहन लेकर फरार हो गया। कुछ ही देर बाद निर्धारित ट्रेन के गुजरने की सूचना से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रेलवे कर्मचारियों ने तत्काल स्थिति को संभालते हुए उच्च अधिकारियों को सूचना दी और आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की। समय रहते सतर्कता बरते जाने से संभावित बड़ा रेल हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलने पर संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त बैरियर का निरीक्षण किया।

फरार पिकअप चालक की पहचान और वाहन का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि रेलवे फाटक पर इस तरह की लापरवाही न केवल चालक बल्कि रेल यात्रियों की जान भी खतरे में डालती है। दोषी चालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अम्मा की प्रधानी में सारे बेटे हुए प्रधान, गांव का नहीं खुद का कराया विकास

- प्रकरण कटरा विकासखंड के ग्राम पंचायत रायपुर फकीर का जहां बिना इंटरलॉकिंग लगाए निकाल लिया गया पैसा

**नरेंद्र लाल गुप्ता**



**गोंडा समृद्धि न्यूज।** कटरा विकासखंड का एक ऐसा गांव रायपुर फकीर जहां की प्रधान एक महिला कांति देवी है किंतु जो प्रधान प्रतिनिधि है उनके सभी बेटे ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि जब गत दिवस समृद्धि न्यूज़ की टीम ने मौके पर जाकर देखा और उसके बारे में प्रधान प्रतिनिधि उमेश तिवारी को फोन लगाया तो उनके द्वारा बताया गया कि विकास का कार्य हमारे छोटे भाई मणिकांत तिवारी देखते हैं इसका मतलब साफ है अव्वल तो प्रधान महिला उनकी माताजी हैं उसके बाद उनके बेटे उमेश तिवारी हैं।

उन्होंने भी विकास का कार्य अपने छोटे भाई मणिकांत तिवारी को दे रखा है यहां यह एक ऐसा गांव है जहां एक ही सड़क को दो-तीन नाम से दिखाकर और इंटरलॉकिंग लगवाने का पैसा खारिज कर लिया गया इंटरलॉकिंग लगा ही नहीं और पैसा डकार लिया गया हम बात कर रहे हैं ग्राम पंचायत रायपुर फकीर के मजरा बिशुन पुरवा का जहां एक ही सड़क को दो नाम से दिखाकर उस पर पैसा भी खारिज कर लिया गया और इंटरलॉकिंग भी नहीं लगाई गई बिशुनपुरवा के स्वामीनाथ के घर से संतोष के घर तक इंटरलॉकिंग कीमत 55,295, 2020-21 में फिर इस सड़क को कुंमारे के घर से संतोष के घर तक इंटरलॉकिंग कीमत 72,315/- यह भी 2020-21 में ही दिखाया गया है कहने का तात्पर्य यह है कि दो नाम से एक ही सड़क को दिखाकर 1,27,607 रुपए निकालिए गए और उस पर इंटरलॉकिंग भी नहीं लगाई गई अगर इसको फर्जी भुगतान न कहा जाए तो क्या कहा जाए इसी प्रकार पीडब्लूडी रोड से अयोध्या के खेत तक इंटरलॉकिंग कीमत 1,15,921 बगैर काम किये निकाल लिए गये। घोटाले की लिस्ट बहुत लंबी है इसलिए शेष घोटाले की कड़ी हम आपको अगले अंक में बताएंगे । यहां हम एक बात अवश्य कहना चाहेंगे गांव में जयलाल ,मनोज मिश्रा ,अवध राज एवं दिनेश पंडित इत्यादि ने बताया की इस गांव का कभी विकास नहीं हुआ आज स्थिति यह है की साइकिल ,मोटरसाइकिल तो छोड़ दीजिए पैदल चलना भी मुश्किल है ।

# दहेज लोभियों ने विवाहिता को घर से भगाया

- पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पति सहित नौ लोगों पर मुकदमा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

दहेज में पांच लाख रुपया कार ने देने पर एक विवाहिता महिला को मार पीट कर घर से भगा दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पति ससुर सास सहित नौ लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा नगर कोतवाली में दर्ज किया गया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के पटेल नगर एल आई सी कालोनी निवासी शोभा राम की पुत्री किरन देवी ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया कि उस का विवाह विवाह 11 अप्रैल .2023 को हिन्दू रिति रिवाज से विनय कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी बंगला बाजार आशियाना लखनऊ के साथ एक मैरिज हाल में हुआ था । अपने हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था, तथा शादी के बाद ससुराल गई। साथ रहने लगी। करीब तीन माह के बाद पता चला कि पति विनय कुमार, सांस मिथिलेश पति के मामा ओम बाबू उर्फ पप्पू देवर पवन कुमार। जेठ अनिल कुमार नन्द सोनी देवरानी अर्चना जेठानी शुषमा।

मायके वालों द्वारा दिये गये दहेज से संतुष्ट नहीं थे। पति विनय कुमार व उसके घर वालों सांस, जेठ, देवर देवरानी, जेठानी ने कहा कि चार पहिया गाडी, सोने की चैन व पाँच लाख रूपये नगद अपने मायके से लेकर आओ, इस पर कहा कि मेरे माता व भाईयों कि माली हालात ठीक नहीं हैं।

मांग को पूरा नहीं कर सकते है।इस पर पति से बात की और समझाया कि हम लोग गरीब व्यक्ति है, आप लागों की मांगें पूरी नहीं कर सकते हैं, इस पर पति विनय कुमार, फोन पर ही भाई को मां बहन की भद्दी-भद्दी गाली दी और धमकी दिया कि लखनऊ में कहीं नजर आ गये तो जान से मरवाकर लाश गायब करा देंगे। दहेज की मांगो को लेकर बराबर प्रताड़ित करते रहे।मोबाइल को भी छीन लिया। किसी तरह गुजर बसर करती रही। दहेज में चार पहिया गाडी, सोने की चैन व पाँच लाख रूपये की मांग को लेकर मारने पीटने पर गम्भीर चोटे आई। जेवरात व समस्त कपड़े छीनकर मात्र पहने हुए कपड़े में हाथ पकड़कर घर से बाहर भगा दिया। उसके बाद किसी तरह रोती बिलखती हुई 112 की पुलिस को फोन किया, पुलिस आयी और थाना आशियानान लखनऊ ले गई। वहीं पर बुला कर समझौता कराया गया। सुबह दहेज की मांग को लेकर पुनः मार पीट कर समस्त जेवरात व समस्त कपडे छीनकर जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर मायके पटेल नगर, एलआईसी कलोनी, थाना कोतवाली नगर भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी की कारवाही की जाएगी।

# बौंडी के होनहार छात्र प्रत्युष पाल सम्मानित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




- नीट-2026 में 601 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का बढ़ाया मान

विकासखंड बौंडी के होनहार छात्र प्रत्युष पाल ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-2026) में 601 अंक, ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 9739 तथा कैटेगरी रैंक 4327 प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे बौंडी क्षेत्र एवं जनपद बहराइच का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षक परिवार द्वारा संकुल बैठक में उन्हें तथा उनके परिवार को सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों ने प्रत्युष पाल एवं उसके परिवार को नोडल शिक्षक संकुल साकेत भूषण तिवारी द्वारा अंगवस्त्र एवं शिक्षक संकुल अमित आर्य द्वारा स्मृति-चिह्न तथा अनुपम बहन द्वारा उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर उनके पिता धनलाल पाल एवं माता उर्मिला पाल को भी सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी बच्चे की सफलता के पीछे उसके माता-पिता का त्याग, प्रोत्साहन और संस्कार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्युष पाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं निरंतर परिश्रम को दिया। उन्होंने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा (प्राइमरी) से लेकर आगे की पढ़ाई तक की नींव स्थानीय स्तर पर ही रखी गई। इसके बाद उन्होंने बहराइच में रहकर नीट की तैयारी की। बेहतर प्रदर्शन के लिए वे समय-समय पर लखनऊ जाकर टेस्ट सीरीज़ में शामिल हुए, जिससे उन्हें परीक्षा के पैटर्न को समझने और अपनी तैयारी को और अधिक मजबूत बनाने में सहायता मिली। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद प्रत्युष पाल ने अपनी लगन, अनुशासन और कठिन परिश्रम से यह सिद्ध कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रत्युष की उपलब्धि क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और आने वाली पीढ़ी को शिक्षा के प्रति जागरूक करेगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षक ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे एक सफल चिकित्सक बनकर समाज एवं राष्ट्र की सेवा करेंगे।

# बाढ़ से पूर्व संवेदनशील क्षेत्रों में आयोजित हो रही बाढ़ चौपाल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- गांव-गांव दस्तक देकर लोगों को जागरूक कर रहा प्रशासन



संभावित बाढ़ से पूर्व तहसील नानपारा के बाढ़ हेतु संवेदनशील क्षेत्रों में जन-धन की हानि को न्यून से न्यूनतम करने, ग्राम स्तर पर बाढ़ सुरक्षा समिति का गठन करते हुए समिति के सदस्यों का नाम, पता व मोबाइल नम्बर संग्रहीत करने तथा बाढ़ से बचाव व समस्याओं के निराकरण हेतु शासन एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के नेतृत्व में गांव-गांव राहत चौपाल/ जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। एसडीएम द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए रोस्टर जारी कर अधिकारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं हैं, जिससे प्रत्येक संवेदनशील गांव तक प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित हो सके। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 23 से 29 जुलाई तक शिवपुर एवं नानपारा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में क्रमवार बाढ़ चौपाल लगातार आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में गुरूवार को ब्लाक शिवपुर सभागार में नायब तहसीलदार शिवपुर की अध्यक्षता में बाढ़ चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बौण्डी, लौकिहा, शिवपुर, बल्दूपुरवा एवं अम्बरपुर सहित कई ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, कोटेदार, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, सफाई कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बाढ़ राहत चौपाल के दौरान ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों, राहत एवं बचाव व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, संक्रामक रोगों से बचाव, पशुधन की सुरक्षा, विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव, सर्पदंश एवं बाढ़ के दौरान निकलने वाले वन्य जीवों से सुरक्षित रहने के उपायों की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई साथ ही आपदा की स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचना देने तथा अफवाहों से बचने की भी अपील की गई। एसडीएम ने बताया कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जनसुरक्षा को मद्देनज़र रखते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि बाढ़ संभावित प्रत्येक गांव में समयबद्ध तरीके से चौपाल आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि किसी भी आपदा का प्रभाव को न्यूनतम किया जा सके।

उन्होंने कहा कि सतर्कता, पूर्व तैयारी और जनसहभागिता ही बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने का सबसे सशक्त माध्यम है। तहसील प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बाढ़ चौपालों का यह अभियान आगामी दिनों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार निरंतर जारी रहेगा, जिससे प्रत्येक संवेदनशील गांव तक प्रशासन की तैयारियों और जागरूकता अभियान का लाभ पहुंच सके।



## एसपी ने अखिल उत्तर प्रदेश बधिर संस्था के पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को जनपद में देवीपाटन डिवीजन डीफ वेलफेयर एसोसिएशन संबद्ध अखिल उत्तरप्रदेश बधिर संस्था के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न यातायात जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान पुलिसकर्मियों को सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ डीईएएफ लोगो अभियान के विषय में जागरुक किया गया था। जिससे पुलिसकर्मियों की सांकेतिक भाषा की समझ में वृद्धि हुई। इस सराहनीय कार्य के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने संस्था के पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा भविष्य में इसी प्रकार सहयोग प्रदान किये जाने के लिए अनुरोध किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात राज सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर नरायण दत्त मिश्रा, प्रभारी यातायात रामप्रकाश तथा संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# साइबर सेल की तत्परता से पीड़ित को वापस मिले अपने 40 हजार रुपये

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**




थाना सादुल्लानगर पुलिस की सक्रियता और साइबर हेल्पडेस्क की त्वरित कार्रवाई से साइबर फ्रॉड का शिकार हुए एक युवक के 40 हजार रुपये वापस उसके खाते में जमा करा दिए गए। पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ित ने राहत की सांस ली।

शिकायत मिलते ही थाना सादुल्लानगर की साइबर हेल्पडेस्क और संबंधित बैंक की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के खाते में पहुंची 40 हजार रुपये की धनराशि को होल्ड करा दिया। इसके बाद आवश्यक जांच पूरी कर न्यायालय से आदेश प्राप्त किया गया और बैंक के नोडल अधिकारी के समन्वय से विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए पूरी राशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई। इस सराहनीय कार्रवाई में थानाध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा, महिला उपनिरीक्षक तेजल पटेल, कांस्टेबल मुरारी लाल और कांस्टेबल अमित कुमार की प्रमुख भूमिका रही।

# जलभराव से बदहाल ओबरीडीह-जाफरपुर मार्ग बना परेशानी का सबब

- स्कूली बच्चों व राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे में एजी हाशमी इंटर कॉलेज के बगल से ओबरीडीह होते हुए जाफरपुर को जोड़ने वाली सड़क बरसात के पानी से लबालब है। कई दिनों से सड़क पर जलभराव बने रहने से राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है।

इसी मार्ग पर किसान बालिका इंटर कॉलेज और किसान कॉन्वेंट स्कूल स्थित हैं। प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं इसी रास्ते से विद्यालय पहुंचते हैं। सड़क पर भरे पानी के बीच आवागमन करने को मजबूर बच्चों के फिसलकर गिरने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। इससे उनकी स्कूल ड्रेस खराब होने के साथ चोट लगने का भी खतरा बना रहता है।

स्थानीय निवासी नंदकिशोर, राधेश्याम, अंकित, अमित, अवधेश, संजय, मुरलीधर गुप्ता, राजेश, राहुल, दिलीप और अमन ने बताया कि हर वर्ष बरसात में यह सड़क तालाब का रूप ले लेती है। जल निकासी की व्यवस्था न होने से लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ता है। उन्होंने बताया कि कई बुजुर्ग महिलाएं फिसलकर चोटिल हो चुकी हैं, जबकि दोपहिया वाहन चालक भी आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन से सड़क पर जमा पानी की तत्काल निकासी कराने तथा स्थायी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बरसात के दौरान हादसों की आशंका और बढ़ सकती है।

# छात्र ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति : पंकज चौधरी

**▸ नीट परीक्षा में सफल विद्यार्थियों से मिले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, छात्रों का किया स्वागत**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी से शुक्रवार को नीट परीक्षा में सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने भेंट की।

पंकज चौधरी ने अपने राजधानी लखनऊ स्थित आवास पर नीट क्वालीफाइड छात्रों का स्वागत किया तथा उनकी सफलता पर उनको बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है और देश के भविष्य के निर्माता हैं। उन्होंने कहा कि छात्र किसी पक्ष व विपक्ष के नहीं होते, बल्कि उनका एक मात्र ध्येय अपने लक्ष्य को प्राप्त करना और राष्ट्र के विकास में अपनी रचनात्मक भूमिका सुनिश्चित करना होता है। यही छात्र शक्ति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विकसित भारत निर्माण के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ, देश के भविष्य के साथ राजनीति नहीं होनी चाहिए बल्कि सकारात्मकता के साथ समाधान खोजे जाने चाहिए। पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निर्णय लिया है कि पेपर लीक के सभी मामलों में दोषियों को कठोर दण्ड देने के लिए व केस के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाएगा। सभी संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दे दिये गए हैं। विद्यार्थियों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए सरकार द्वारा निर्णयों की श्रृंखला में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

### सभी का प्रयास समस्या के समाधान का होना चाहिए

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं है बल्कि छात्रों की समस्याओं के समाधान का है। नीट सहित अन्य विषयों पर भी सदन में चर्चा होनी चाहिए और सभी का प्रयास समस्या के समाधान का होना चाहिए। छात्रों और उनसे जुड़े किसी भी मुद्दे का राजनीतिकरण भी नहीं होना चाहिए और अराजकता भी नहीं होना चाहिए। चौधरी ने नीट परीक्षा में सफल सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह एवं लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित रहे।

# शांतिपूर्ण आंदोलन समाप्त करें सभी छात्र : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री के फ़ैसले के बाद सोनम वांगचुक का अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त करना एक स्वागत योग्य कदम है। यह संवाद और सकारात्मक समाधान की दिशा में एक सराहनीय लोकतांत्रिक कदम है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री के फैसले पर विश्वास रखकर अपना शांतिपूर्ण आंदोलन समाप्त करें। वे अपनी बेशुमार ऊर्जा राष्ट्र निर्माण, शिक्षा तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में लगाएं।

केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री ने पेपर लीक की गंभीरता को समझते हुए कठोर कानून और फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट का फ़ैसला लेकर करोड़ों युवाओं के भविष्य की रक्षा का ऐतिहासिक कदम उठाया है। हमें पूरा भरोसा है कि छात्र हित में इस फ़ैसले के सकारात्मक परिणाम हासिल होंगे। भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा देश के युवाओं के साथ खड़े रहे हैं। उनके सपनों की रक्षा के लिए मोदी की सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करती रहेगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ताजा हालात में यह ज़ाहिर हो गया है कि कांग्रेस के राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सपा के अखिलेश यादव समेत आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल व अन्य विपक्षी दलों का छात्रों के मुद्दे पर राजनीति करना केवल सत्ता प्राप्ति का प्रयास है। उनको छात्रों के उज्ज्वल भविष्य से कोई वास्तविक सरोकार नहीं है। उनको मालूम होना चाहिए कि भारत का युवा जागरूक है।

राष्ट्रहित में वह अपने उज्ज्वल भविष्य और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास के साथ भारतीय जनता पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा है। यही विश्वास विकसित भारत की एक मजबूत नींव है।

## खबरें एक नजर में

### संयुक्त आयुक्त ग्राम्य विकास संजय कुमार निलम्बित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों पर उत्तर प्रदेश शासन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संजय कुमार पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त (मनरेगा), ग्राम्य विकास, उ0प्र0 को तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित किया गया है। इन पर जनपद उन्नाव में उपायुक्त (स्वतः रोजगार), राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के पद पर तैनाती की अवधि में की गयी वित्तीय अनियमितता के लिए प्रथमदृष्ट्या दोषी होने व उनके द्वारा लोकपालों का कार्यकाल 15 मार्च को पूर्ण होने के पश्चात् उनका कार्यकाल विस्तार व नवीनीकरण के संबंध में कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं करने, तथा संबंधित विशेषज्ञ के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं करने, भारत सरकार के निर्देशों एवं शासनादेश का उल्लंघन करने, मनरेगा के विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर कोई उचित कार्यवाही नहीं करने आदि के आरोप हैं। संजय कुमार पाण्डेय के विरूद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली-1999 के नियम-7 के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुये आयुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ को जांच अधिकारी नामित किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि संजय कुमार पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त (मनरेगा) ग्राम्य विकास विभाग के विरूद्ध आरोप पत्र गठित कर पृथक से प्रेषित किया जायेगा।

### पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे डाक कर्मचारी 28 को करेंगे प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर कर्मचारी विरोधी नीतियों, लक्ष्य आधारित उत्पीड़न, निजीकरण तथा विभागीय समस्याओं के विरोध में डाक कर्मचारी कार्यालय में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन कर रहे हैं। भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ का कहना है कि 27 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर काम होगा। भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ के प्रान्तीय महामंत्री मिथिलेश शुक्ला ने हिन्दुस्थान समाचार से बताया कि कर्मचारियों का शोषण बंद करने व पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर डाक विभाग के कर्मचारी आन्दोलनरत हैं। जीपीओ में कार्यरत कर्मचारी काली पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 28 जुलाई को सभी मण्डलीय कार्यालयों पर विरोध प्रदर्शन होगा। इसके बाद डाक कर्मचारी 05 अगस्त को एक दिवसीए हड़ताल करेंगे। मिथिलेश शुक्ला ने कहा कि यदि इसके बावजूद सरकार हमारी मांगों को नहीं मानती है तो 18 अगस्त 2026 से डाक विभाग के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ के प्रान्तीय महामंत्री मिथिलेश शुक्ला का कहना है कि डाक प्रशासन की हठधर्मिता तथा कर्मचारियों पर बढ़ते मानसिक एवं प्रशासनिक दबाव के कारण डाक विभाग के कर्मचारी आन्दोलन करने के लिए विवश हुए हैं। उन्होंने कहा कि डाक कर्मचारियों का उनकी नियमित ड्यूटी के अतिरिक्त नये खाते खुलवाने तथा विभिन्न उत्पादों की बिक्री के लिए निरंतर दबाव का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्येक माह कर्मचारियों को नये लक्ष्य दिये जा रहे हैं। जो कर्मचारी लक्ष्य पूरा नहीं कर पाते उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाती है। सबसे अधिक शोषण निचले स्तर के कर्मचारियों को झेलना पड़ रहा है।

### चाचा-भतीजे ने किया आत्मदाह का प्रयास



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के सुरक्षा के घेरे में बंधे हजरतगंज इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब लोकभवन के गेट नंबर-9 के सामने 2 लोग आत्मदाह का प्रयास करने पहुंचे। सचिवालय के सुरक्षाकर्मियों ने समय रहते दोनों को मौके पर पकड़ लिया और उनके पास मौजूद ज्वलनशील पदार्थ कब्जे में ले लिया। आत्मदाह का प्रयास करने वाले दोनों लोग लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं और रिश्ते में चाचा-भतीजे लगते हैं। पीड़ितों का कहना है कि वह अपनी जमीन कब्जा होने और शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने से परेशान थे, जिसके चलते उन्होंने आत्मदाह का प्रयास किया। लखनऊ के मलिहाबाद तहसील स्थित दुबग्गा थाना क्षेत्र के लीलाखेड़ा कटौली के रहने वाले राम गणेश और भतीजे सतीश कुमार गौतम ने शुक्रवार सुबह लोकभवन के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस, सचिवालय के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें समय रहते बचा लिया। दोनों को हजरतगंज थाने ले आए। पूछताछ में पीड़ित राम गणेश ने बताया कि गांव में उनकी एक पुश्तैनी जमीन पर उनके परिवार के ही सुनील नाम के व्यक्ति ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कब्जा कर लिया है। जमीन कब्जा होने के बाद से वे 6 साल से परेशान हैं और अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, बावजूद उसके कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। दुबग्गा थाना क्षेत्र के रहने वाले दोनों पीड़ितों में बताया कि वे साल 2020 से लगातार डीएम और एसडीएम के दफ्तर के चक्कर काट कर आरोपियों के खिलाफकार्रवाई करने व जमीन कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगा रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है, जिसके बाद परेशान होकर आत्मदाह करने का फैसला लिया। इस मामले पर हजरतगंज थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ितों की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। घटना की आला अधिकारियों को सूचना दे दी गई है।

# साइबर अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई हो सुनिश्चित : मुख्य सचिव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश साइबर पुलिस की कार्यप्रणाली की बारीकियों का गहन संज्ञान लेते हुए प्रधानमंत्री की प्रगति समीक्षा के अंतर्गत साइबर अपराध से संबंधित कई बिंदुओं पर उत्तर प्रदेश की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। साइबर अपराधियों के विरुद्ध त्वरित और कठोर कार्रवाई की जाए तथा ऐसे मामलों की नियमित निगरानी की जाए।

बैठक में आमजन को साइबर ठगी से बचाने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

साइबर जागरूकता के संबंध में मुख्य सचिव ने साइबर अपराध मुख्यालय के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभागों को साइबर अपराध मुख्यालय से समन्वय स्थापित करते हुए जागरूकता में अपनी भूमिका निभाने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभागों को इस आशय का पत्र निर्गत किया जाए। हर विभाग इस हेतु एक नोडल अधिकारी नामित करें, जो साइबर अपराध मुख्यालय के संपर्क में रहे और साइबर अपराध मुख्यालय से प्राप्त जागरूकता सामग्री को अपने-अपने विभाग में जमीनी स्तर तक अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश राज्य साइबर समन्वय केंद्र (PS4C) की अधिसूचना शीघ्र निर्गत करायी जाए। ई-जीरो एफ.आई.आर. तंत्र को शीघ्र क्रियाशील किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को साइबर हेल्पलाइन और शिकायत निवारण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए, ताकि पीड़ितों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही कानून प्रवर्तन एजेंसियों की तकनीकी क्षमता बढ़ाने पर भी बल दिया गया।

### यूपी में राज्य साइबर समन्वय केंद्र की होगी स्थापना

समीक्षा के दौरान पुलिस महानिदेशक (साइबर अपराध) बी के सिंह ने बताया कि राज्य साइबर समन्वय केंद्र की अधिसूचना — साइबर अपराध से संबंधित समस्त इकाइयों के समन्वय हेतु राज्य स्तर पर उत्तर प्रदेश राज्य साइबर समन्वय केंद्र (PS4C) की स्थापना प्रस्तावित है। ई-जीरो FIR तंत्र — साइबर अपराध की त्वरित एवं स्थान-निरपेक्ष FIR पंजीकरण हेतु ई-जीरो FIR तंत्र विकसित किया जा रहा है। यह तंत्र अपने अंतिम चरण में है।



### कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद कैप्टन मनोज पाण्डेय को किया नमन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ (26 जुलाई) के अवसर पर शुक्रवार को नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी की कैडेट्स ने एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय के आवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कैडेट्स ने कैप्टन मनोज कुमार पांडे के भाई मनमोहन पांडे एवं भाभी अनुराधा पांडे से भेंट कर उन्हें पौध एवं हस्तनिर्मित पुष्पगुच्छ भेंट किया, उनके जीवन से जुड़े प्रेरणादायी संस्मरण सुने कि 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान कैप्टन मनोज कुमार पांडे ने जम्मू-कश्मीर के बटालिक सेक्टर में दुश्मन की कई सुदृढ़ चौकियों पर कब्ज़ा करने के अभियान का नेतृत्व किया। 2/3 जुलाई 1999 की रात खालूबार क्षेत्र में उन्होंने अदम्य साहस, नेतृत्व क्षमता और अद्वितीय वीरता का परिचय देते हुए दुश्मन की कई चौकियों को ध्वस्त किया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने अपने साथियों का नेतृत्व जारी रखा और अंतिम क्षण तक लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। ऐसे वीर बलिदानी का जीवन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# राज्यपाल ने आदर्श माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को वितरित किया यूनिफॉर्म



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को जन भवन, लखनऊ स्थित आदर्श माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म वितरित की। यह स्कूल यूनिफॉर्म राज्यपाल की प्रेरणा से प्रतापगढ़ के सांसद एस.पी. सिंह पटेल के सौजन्य से उपलब्ध कराई गई।

उल्लेखनीय है कि एक जुलाई को भी विद्यालय के 109 विद्यार्थियों को दो-दो जोड़ी स्कूल यूनिफॉर्म वितरित की गई थी। विद्यार्थियों का चयन उनकी नियमित विद्यालय उपस्थिति के आधार पर किया गया था, ताकि अन्य विद्यार्थी भी नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित हों। आज का यूनिफॉर्म वितरण उसी क्रम की अगली कड़ी है।

राज्यपाल की पहल पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को चरणबद्ध रूप से स्कूल यूनिफॉर्म उपलब्ध कराई जा रही है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा से निरंतर जोड़े रखना, नियमित विद्यालय उपस्थिति को प्रोत्साहित करना तथा यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक या सामाजिक कारणों से कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

राज्यपाल के मार्गदर्शन में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं तथा समाज के विभिन्न वर्गों के सहयोग से शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य एवं बाल विकास से संबंधित अनेक जनकल्याणकारी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है।

# अन्तर्राज्यीय स्तर पर धर्मांतरण कराने वाले गिरोह के सात लोग गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**




मोहनलालगंज पुलिस ने अन्तरराज्यीय स्तर पर धर्मांतरण कराने वाले गिरोह के सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से धार्मिक पुस्तके समेत अन्य चीजें बरामद हुई है। आरोपितों में पति-पत्नी भी शामिल है।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) मो. मुस्ताक ने शुक्रवार को बताया कि मोहनलालगंज के ग्राम भरसवा निवासी अमित कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी। उसने बताया कि गांव के रहने वाले चंद्रभान और उसकी पत्नी आरती, सीमा, डेनियल और उसकी पत्नी सुबला, अजय रावत और उसकी पत्नी शीला उस पर ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव डाल रहे है। उन लोगों द्वारा उसे धमकाया भी जा रहा हैं इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरुवार देर रात को सभी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में पता चला है कि वह लोग लोगों को आर्थिक सहायता, बीमार के इलाज और गरीब बेटियों की शादी आदि चीजों का प्रलोभन देकर उनका धर्म परिवर्तन कराते है। अमित कुमार को भी इलाज के बहाने ले जाया गया फिर उसे धर्मांतरण के लिए दबाव बनाया गया। मुख्य आरोपित डेनियल ने पूछताछ में बताया कि मेरा बचपन का नाम बाला सुब्रमण्यम था। 16 वर्ष की आयु में मेरी मुलाकात सुबला से हुई, जो कन्याकुमारी की थी और ईसाई धर्म को मानने वाली थी। सुबला से शादी करने के लिए मैने सुबला के कहने पर हिन्दु धर्म त्यागकर ईसाई धर्म अपनाकर शादी कर लिया। जिसके बाद तमिलनाडु कन्याकुमारी एफजीपीसी चर्च के आदेश पर धर्म के प्रचार प्रसार के लिए हम लोग 1998 में लखनऊ आये व मुझे वाराणसी सर्किल का पास्टर बनाया गया। एफजीपीसी चर्च की ओर से सभी को साल का टारगेट दिया जाता हैं कि लोगों को बीमारी का इलाज कराने, विभिन्न प्रकार के प्रलोभन, डराकर व आर्थिक मदद करने आदि का लालच देकर ईसाई धर्म में कन्वर्ट कराना हैं एवं अधिक से अधिक लोगो को भी जुडवाने का भी काम करना है ऐसा करने पर हमें आर्थिक मदद मिलती है। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि धर्मांतरण गिरोह में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार किया हैं। अब उनके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाले के खिलाफ प्रदर्शन

**▸ अभ्यर्थियों ने सरकार से न्यायपूर्ण सूची जारी करने की मांग की**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**



69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाले के खिलाफ शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास पर अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे अभ्यर्थियों ने सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण के नियमों का सही तरीके से पालन करने और पिछड़े एवं दलित अभ्यर्थियों को उनका संवैधानिक हक दिलाने की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों से पुलिस की तीखी झड़प हुई। अभ्यर्थियों का कहना है कि 21 जुलाई को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से प्रस्तुत एफिडेविट में लगभग पांच हजार बाहरी अभ्यर्थियों को शामिल किया गया, जबकि पूर्व में जारी 6,800 अभ्यर्थियों की सूची में से लगभग 2,500 अभ्यर्थियों को बाहर कर दिया गया। सरकार की इस कार्रवाई से अभ्यर्थियों में भारी आक्रोश और असंतोष है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेन्द्र पटेल ने कहा कि सरकार को भर्ती की पूरी सूची को पारदर्शी और न्यायपूर्ण तरीके से पुनः तैयार करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पिछड़े और दलित अभ्यर्थियों के संवैधानिक अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा। अमरेन्द्र पटेल ने सरकार से मांग की कि पूर्व में जारी 6,800 अभ्यर्थियों की सूची को आधार बनाते हुए नियमानुसार नई सूची तैयार की जाए तथा आरक्षण और कटऑफ के नियमों का निष्पक्ष रूप से पालन किया जाए।

### कुलपति प्रो. मांडवी सिंह का कार्यकाल छह माह के लिए बढ़ा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह का कार्यकाल छह माह के लिए बढ़ा दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में नियमित कुलपति की नियुक्ति में समय लगने की संभावना है, इसलिए कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय अधिनियम 2022 की धारा 11 (10) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रो. मांडवी सिंह कुलपति भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ को पुनः नए कुलपति के नियुक्त होने, छह माह की अवधि अथवा अग्रिम आदेशों तक, जो भी पहले हो, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति पद के दायित्वों के निर्वहन हेतु नियुक्त किया है।

**अभियान**

## एक पेड़ मां के नाम : 'आओ वृक्ष लगाएं, जीवन बचाएं' के तहत हुआ वृक्षारोपण

# बच्चों ने मिलकर पर्यावरण बचाने की चलाई मुहिम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

एक पेड़ मां के नाम आओ वृक्ष लगाए जीवन बचाएं विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक बाजपेई एवं प्रबंधन सहायक पन्नालाल गुप्ता के कुशल निर्देशन में कृषि प्रभारी डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव ने बच्चों के साथ मिलकर पर्यावरण को बचाने की एक मुहिम चला रखी है।

कक्षा 12वीं के बच्चे जो कृषि शिक्षा विद्यालय में प्राप्त कर रहे हैं। इनका लगाव पौधों से एवं पर्यावरण जागरूकता के लिए इनके साथ मिलकर 100 से अधिक पौधे विद्यालय के परिसर में हरित क्रांति के जनक डॉक्टर एमएस स्वामीनाथन कृषि वाटिका में लगाए गए। इसका मुख्य उद्देश्य है जब हमारा पर्यावरण सुरक्षित होगा, जीवन सुरक्षित होगा। आजकल प्रदूषण के दौर में वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड बढ़ रही है। तापमान बढ़ता जा रहा है ऑक्सीजन की कमी हो रही है।



वृक्षारोपण के दौरान मौजूद छात्र

पौधे कार्बन डाइऑक्साइड को ग्रहण कर पृथ्वी के समस्त जीव जगत को शुद्ध ऑक्सीजन उपलब्ध कराते हैं। अपनी औषधि गुणवत्ता के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचते हैं। वर्षा कराते हैं, वायुमंडल को प्रदूषण मुक्त करते हैं, इनकी पत्तियां पशुओं को चारे के रूप में तथा लकड़ियों विभिन्न प्रकार के घरेलू उपयोग में लाई जाती हैं।

गर्मी के तपिश में उनकी छाया सभी जीव जंतुओं को राहत देती है। पौधे की पत्तियां भूमि पर गिरकर कमपोस्ट बनती है। मृदा उपजाऊ होती है और विभिन्न प्रकार के अन्य पौधे इस मिट्टी में अच्छी तरह से उगते एक पेड़ मां के नाम लगाने का उद्देश्य डॉक्टर यादव ने बताया कि इससे पौधों के प्रति छात्रों में जागरूकता बढेगी ये पौधों की देखरेख करेंगे। पर्यावरण को बचाएंगे, वायुमंडल को बचाएंगे, यह पर्यावरण के प्रति एक सजग प्रहरी बनेंगे।

इस अवसर पर पन्नालाल गुप्ता ने बताया कि छात्र पर्यावरण की रक्षा करेंगे एवं पर्यावरण मित्र के रूप में अपना अमूल्य योगदान देंगे। प्रधानाचार्य अशोक वाजपेई ने कहा कि कृषि विभाग के बच्चे डॉक्टर जितेंद्र यादव के निर्देशन में वसुंधरा को वृक्ष के रूप में आभूषण से भर दिया, यह सभी लोग बधाई के पात्र हैं पर्यावरण के संरक्षक है। इस मौके पर शिखर प्रताप सिंह, आकाश यादव, आशुतोष, कृष्णा, यश, रौनक सिंह, अनुराग भारती, धर्मेन्द्र राजपूत आदि छात्र मौजूद रहे।

# जीवन जीने की कला सिखाता है ऋषि सद्ज्ञान : उमानन्द

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ÷कृष्णा पब्लिक स्कूल, रतन खण्ड, बिजनौर रोड, लखनऊ के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 468वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। रूबी गुप्ता एवं कुलदीप गुप्ता ने अपने प्रिय पुत्री सुश्री नैना गुप्ता के उज्ज्वल भविष्य हेतु ज्ञानदान के रुप में उपरोक्त संस्थान के केन्द्रीय पुस्तकालय में यह सम्पूर्ण युगऋषि वाङ्मय साहित्य भेंट किया साथ-साथ संस्थान के प्रबन्धक को अमृतवाणी कैलेण्डर एवं प्रबन्धक सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट किया।



इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्ज्ञान जीवन जीने का कला सिखाता है। सभी ने भी अपने विचार व्यक्त किया तथा संस्थान के प्रबन्धक एमएल यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

वाङ्मय साहित्य स्थापना के इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह,उषा सिंह,रूबी गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, नैना गुप्ता एवं संस्थान के प्रबन्धक एमएल यादव, संस्थान की शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं इत्यादि मौजूद रहे।

# पुलिस की कार्यशैली से नाराज पत्रकार उतरे सड़कों पर

- एसपी ने मानी चूक, बोले जो हुआ उसकी जिम्मेदारी मेरी, एसओजी टीम पर होगी कार्रवाई

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**





लोकतंत्र में पत्रकारों की भूमिका केवल खबरें जुटाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे शासन-प्रशासन और जनता के बीच जवाबदेही की मजबूत कड़ी होते हैं। ऐसे में यदि किसी पत्रकार के साथ गलत व्यवहार किए जाने का आरोप लगे तो यह केवल दो व्यक्तियों का मामला नहीं, बल्कि प्रेस की गरिमा और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ा गंभीर विषय बन जाता है। शाहजहांपुर में दो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकारों को एसओजी द्वारा पूछताछ के लिए साथ ले जाने की घटना के विरोध में जिलेभर के पत्रकार एकजुट हो गए। प्रेस क्लब से कलेक्ट्रेट तक मार्च निकालकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की गई और विकास भवन में पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित को ज्ञापन सौंपते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। बढ़ते विरोध के बीच एसपी ने प्रथम दृष्ट्या पुलिस की चूक स्वीकार करते हुए जांच के आदेश दिए और कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। 24 जुलाई की शाम पत्रकार प्रभाकर मिश्रा और पत्रकार विशेक मिश्रा पुवायां जा रहे थे। आरोप है कि चिनौर रोड पर एसओजी टीम ने दोनों को रोककर पूछताछ के नाम पर अपने साथ ले लिया। काफी देर तक पुलिस अधिकारियों की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई। बाद में जानकारी मिली कि डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के काफिले को काले झंडे दिखाने से जुड़ा वीडियो वायरल होने के संबंध में उनसे पूछताछ की जा रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही जिलेभर के पत्रकारों में रोष फैल गया। बड़ी संख्या में पत्रकार रिजर्व पुलिस लाइन स्थित एसओजी के इंटरोगेशन रूम पहुंच गए और विरोध जताया। पत्रकारों का कहना था कि बिना किसी ठोस आधार के पत्रकारों को उठाकर ले जाना प्रेस की स्वतंत्रता पर आघात है। विरोध बढ़ने और कोई ठोस साक्ष्य सामने न आने पर एसओजी ने दोनों पत्रकारों को छोड़ दिया। पत्रकारों का आरोप है कि घटना के बाद जब पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित से पूरे मामले की जानकारी ली गई तो उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान अनुचित भाषा का प्रयोग किया, जिससे पत्रकारों में और अधिक नाराजगी फैल गई। अगले जिले के समस्त पत्रकारों ने प्रेस क्लब से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालकर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विकास भवन स्थित सभागार में पहुंचकर पत्रकारों ने स्पष्ट कहा कि जब तक पुलिस अधीक्षक स्वयं आकर पूरे मामले पर बात नहीं करेंगे, तब तक वे वहां से नहीं हटेंगे। पत्रकारों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इसके बाद पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित विकास भवन पहुंचे और कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में पत्रकारों के साथ विस्तृत वार्ता की। पत्रकारों ने उन्हें छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए एसओजी प्रभारी एवं पूरी टीम को तत्काल निलंबित करने, दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने तथा भविष्य में किसी भी पत्रकार से पूछताछ या कार्रवाई से पहले संबंधित पत्रकार संगठन को सूचना देने सहित अन्य मांगें रखीं। वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या पुलिसकर्मियों से चूक हुई है। पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारों के साथ जो घटना हुई, उसकी जिम्मेदारी उनकी है। भविष्य में पुलिस और पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय रखा जाएगा ताकि ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। उन्होंने पत्रकारों से भी पुलिस का सहयोग करने की अपेक्षा जताई। पत्रकारों ने एसओजी प्रभारी सहित पूरी टीम को तत्काल निलंबित करने की मांग दोहराते हुए कहा कि पत्रकारों के साथ किसी भी प्रकार की अलोकतांत्रिक और गैरकानूनी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान वरिष्ठ पत्रकार विवेक सेंगर, आशीष त्रिपाठी, अम्बुज मिश्रा, आरिफ सिद्दीकी, कुलदीप दीपक, शिव कुमार, सरदार शर्मा, रामलड़ैते तिवारी, हरिओम त्रिवेदी, आशुतोष शुक्ला, प्रेम शंकर, गोविंद अवस्थी, स्वदेश शुक्ला, अनिल मिश्रा, कमल सिंह, बलराम शर्मा, उदित शर्मा, महेंद्र चावला, रागिनी श्रीवास्तव, विनायक मिश्र, अमित सहाना, अश्वनी शुक्ला, रामानुज गुप्ता, हरीश वर्मा, विवेक त्रिवेदी, उमेश शर्मा, सौरभ त्रिवेदी, अमरदीप रस्तोगी, रणधीर सिंह रानू, अनूप कुमार एडवोकेट, अभिषेक मिश्रा एडवोकेट, ज्ञान प्रकाश, सिमरनजीत, बलजीत, अमित सक्सेना, संजय श्रीवास्तव, शिशांत शुक्ला, साजिद खान, पंकज सक्सेना, नीरज वाजपेयी, संतोष उपाध्याय,आले नबी, अजय यादव, सोनू राठौर, अंकित गुप्ता, नरेंद्र यादव, आदर्श मिश्रा, प्रियांशु मिश्रा, अभिषेक कश्यप, शुभम पांडेय, प्रेम सिंह पम्मी, संतोष कटियार, आनंद शर्मा, अजीत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## पत्रकारों ने एसओजी टीम पर अभद्रता का लगाया आरोप, कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो प्रशासनिक खबरों का करेंगे बहिष्कार



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद तहसील के पत्रकारों ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी को सम्बोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार रोहित कटियार को सौंपा। जिसमे एसओजी प्रभारी एवं उनकी टीम पर पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया। पत्रकारों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही ज्ञापन में बताया गया कि 23 जुलाई 2026 की शाम करीब 7 बजे पत्रकार प्रभाकर मिश्रा और विषेक मिश्रा अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में एसओजी प्रभारी अपनी टीम के साथ पहुंचे और बिना कोई कारण बताए दोनों पत्रकारों को गाड़ी में बैठा लिया। आरोप यह भी है कि उनके मोबाइल फोन भी अपने कब्जे में ले लिए गए और उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया गया। पत्रकारों का कहना है कि करीब तीन घंटे तक दोनों पत्रकारों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। बाद में पत्रकारों के दबाव के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। उनका आरोप है कि पुलिस के पास उनके खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं था, इसके बावजूद उन्हें बेवजह रोका गया और मानसिक उत्पीड़न किया गया। ज्ञापन में पत्रकारों ने प्रशासन से मांग की है कि एसओजी प्रभारी एवं उनकी टीम को तत्काल निलंबित किया जाए, और प्रभाकर मिश्रा और विशेक मिश्रा से पुलिस प्रशासन लिखित रूप से माफी मांगे तथा भविष्य में किसी पत्रकार के खिलाफ कार्रवाई से पहले मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति को सूचित कर पूछताछ की जाए। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्रकार कमल सिंह के साथ कथित अभद्र व्यवहार पर भी माफी मांगने की मांग की गई है। पत्रकारों ने चेतावनी दी है। कि यदि 24 घंटे के भीतर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। साथ ही पुलिस प्रशासन से जुड़ी खबरों के बहिष्कार की भी चेतावनी दी गई है। हालांकि इस दौरान पत्रकार गौरीशंकर त्रिवेदी, कमल पाण्डेय, आकाश मिश्रा, अंकित दीक्षित, प्रिंस गुप्ता, पंकज यादव, विनोद राजपूत, करन गुप्ता, हमीद, विकास राठौर, शकील अहमद, प्रियंका गुप्ता, देवेश्वर, कृष्ण कुमार पाण्डेय सहित तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

## ससुराल आये युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**पांच दिन पूर्व अपने साले की शादी में शामिल होने आया था, परिजनों के मुताबिक शराब का आदी था**



**रोजा, शाहजहांपुर।** ससुराल में पांच दिन पूर्व साले की शादी में आये युवक का शव गुरूवार की देर रात रोजा पुलिस ने रोजा जंक्शन व पं रामप्रसाद बिस्मिल रेलवे स्टेशन के बीच जिन्दीनगर के पास रेलवे लाइन के पास से बरामद किया है। समझा जाता हैं नशे की हालत में शाहजहाँपुर से गोरखपुर जा रही राप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई हैं। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि गुरूवार की देर रात रोजा रेलवे स्टेशन से एक मेमो मिला। जिसमें बताया गया कि पंडित रामप्रसाद बिस्मिल स्टेशन व रोजा स्टेशन के मध्य शाहजहाँपुर की ओर गोरखपुर जा रही राप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में एक युवक की मौत हो जाने की सूचना मिली थी।घटना की सूचना पर घटनास्थल पर पहुँचकर ज्ञात हुआ कि पंडित रामप्रसाद विस्मिल स्टेशन व रोजा स्टेशन के मध्य ग्राम जिन्दीनगर के पास रेलवे पटरियो के मध्य एक शव पड़ा हुआ। जिसकी पहचान इच्छाराम पुत्र महीपाल निवासी ग्राम सोनेपुर थाना शहबाजपुर जिला हरदोई उम्र करीब 35 वर्ष के रुप में हुयी। जानकारी मिली की मृतक उपरोक्त पांच दिन पूर्व अपनी ससुराल बिलन्दापुर अपने साले की बारात में आया हुआ था । परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक शराब पीने का आदी था और शराब के नशे मे अपनी ससुराल से निकल कर पटरियों पर आ गया। मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर शव को वास्ते पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं।

## खबरें एक नजर में

### बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय द्वारा फ्रडिजिटल युग में बौद्धिक संपदा अधिकार का महत्वफ्र विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अभिषेक कुमार चौधरी, व्यवसाय विकास अधिकारी, डायरेक्टरेट (आई.पी.सी.) निदेशालय, सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि भारत सरकार बौद्धिक संपदा अधिकार के क्षेत्र में युवाओं को सहयोग करने के साथ युवा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं विकसित कर रही है। उन्होंने बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व, पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, डिज़ाइन एवं नवाचार संरक्षण के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डिजिटल युग में शोध व नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को अपने नवाचारों का संरक्षण कराने तथा स्टार्टअप एवं अनुसंधान गतिविधियों में आई.पी.आर. की उपयोगिता को समझने के लिए प्रेरित किया। संकाय के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो अनुराग अग्रवाल के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. रूपक श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. कमलेश गौतम, डॉ. गौरव सक्सेना, डॉ. विजय तिवारी, डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. संतोष प्रताप सिंह, डॉ. सचिन खन्ना, बृजलाली चौबे, डॉ. अपर्णा त्रिपाठी, डॉ. मोहनी शंकर, पोथीराम सिंह एवं अखंड प्रताप सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहें।

### मासपा प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**दिल्ली में छात्र आंदोलन पर बल प्रयोग की कड़ी भर्त्सना की**



**तिलहर-शाहजहांपुर।** मानवतावादी समाज पार्टी ने दिल्ली में चल रहे छात्रों के आंदोलन में पुलिस द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज के विरोध एवं अन्य मांगों को लेकर तहसील में प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नीलिमा यादव को सौंपा। शुक्रवार को मासपा के प्रदेश अध्यक्ष राम रघुवीर प्रजापति के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील में एकत्र हुए। यहां प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली में चल रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इसके साथ ही छात्रों के ऊपर पुलिस द्वारा अनुचित बल प्रयोग करना पाया जाता है तो दोषी सभी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि भविष्य में छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान बल प्रयोग न करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किए जाए । उन्होंने नवागत एसडीएम नीलिमा यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में राम रघुवीर मुकेश, विकास कुमार, नमन, जोगेंद्र कुमार, कामरान, शिवम, रजत, अरीब खान, हुसनैन, नवाज, राम सुशील प्रजापति एड आदि मौजूद रहे।

### मृतका के पति व सास को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बुधवार को मृतका ने फांसी लगाकर दी थी जान, पिता ने दहेज उत्पीड़न की लिखाई थी रिपोर्ट**



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा पुलिस ने दहेज उत्पीड़न से आत्महत्या प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए मृतका के पति व सास को गिरफ्तार कर लिया हैं। ज्ञात हो कि बुधवार की देर रात थाना क्षेत्र के गांव चरकुई निवासी अमित की पत्नी क्षमता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस संबंध में मृतका के पिता रामकुमार पुत्र स्व. रुपन लाल निवासी ग्राम भरौना, पोस्ट कुवरपुर वसीट, थाना पिहानी, जनपद हरदोई ने तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी पुत्री मृतका क्षमता देवी उम्र लगभग 22 वर्ष को विवाह के उपरान्त अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पति अमित, सास रामवती, जेठ कृष्णपाल व जेठानी मुरता लगातार प्रताड़ित किया जाता था, जिससे क्षुब्ध होकर मृतका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अभियोग की विवेचना क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा संपादित की जा रही है। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना रोजा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति अमित एवं उसकी माता रामवती को सीतापुर हाईवे स्थित टेढ़ी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## अजगर सांप ने किसान पर बोला हमला



**बंडा, शाहजहांपुर।** धान में स्प्रे कर रहे किसान पर अजगर सांप ने हमला बोलकर पैर में दांत मार दिए परिजनों ने उसे बंडा सीएचसी पर भर्ती कराया है। गांव अजोधापुर के किसान देवेंद्र सिंह 30 वर्ष अपने धान के खेत में दोपहर 1 बजे कीटनाशक दवा का स्प्रे कर रहे थे पास में खड़े गन्ने के खेत में बैठे अजगर सांप ने उनके पैर में काट लिया देवेंद्र सिंह बेहोश होकर गिर पड़े उनके साथियों ने उठाकर सीएचसी पर भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है। किसान बलविंदर सिंह का आरोप है कि वन विभाग की टीम को सूचना दी गई लेकिन किसी भी अधिकारी ने मौके पर पहुंचने की जरूरत नहीं समझी और बाद में फोन बंद कर लिये यदि सांप नहीं पकड़ा गया तो बड़ी घटना घट सकती है। रेंजर दिनेश बडोला ने बताया कि वह किसी काम से बाहर है टीम को मौके पर जाने के लिए बोल दिया गया है। बंडा सीएचसी प्रभारी मनोज ने बताया की प्राथमिक जांच में मरीज की हालत सामान्य है उसके शरीर में विषैले साप के काटने जैसे कोई लक्षण नहीं है।

## 2026 में एआईबीई परीक्षा उत्तीर्ण अधिवक्ताओं के लिए स्वागत समारोह आयोजित

- नए अधिवक्ताओं को मालाएं पहनाकर व बांध कर किया सम्मान

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बार एसोसिएशन सभागार में आयोजित समारोह में 26 नए अधिवक्ताओं का स्वागत किया गया। शुक्रवार को बार एसोसिएशन सभागार में वर्ष 2026 में एआईबीई परीक्षा उत्तीर्ण करने बाले 30 में से उपस्थित हुए 26 नये अधिवक्ताओ के स्वागत के लिए समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता एडविकेट ने तथा संचालन हीरालाल कुशवाहा ने की ।

मंचासीन सुरेश चन्द्र गुप्ता, जितेन्द्र सिंह गंगवार व श्रीश चन्द्र मिश्रा सहित बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव के सानिध्य में अधिवक्ताओं की नई टीम का फूल मालाएं पहनाकर वो बैंड बांधकर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार गुप्ता, जितेन्द्र प्रताप सिंह, राजीव कुमार सिंह, देवेन्द्र सिंह यादव, सुशांत मिश्रा, सत्यपाल निगोही, सतीश पाल सिंह, महेश कुमार भारती, कन्हैया लाल रस्तोगी, जय ओम गंगवार, कुलदीप कुमार गुप्ता, अचित द्विवेदी, संजय यादव, रीमा यादव सहित तमाम अधिवक्ता आदि शामिल रहे। इस मौके पर अधिवक्ता परिवार में सदस्यों के बढ़ने पर खुशी जाहिर करते हुए अधिवक्ता देवेंद्र कुमार गुप्ता, जितेन्द्र प्रताप सिंह, देवेन्द्र सिंह, कुलेंद्र यादव, संजय यादव, सतीश पाल सिंह, रीमा यादव, राजीव सिंह चौहान , जितेन्द्र सिंह आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम समापन पर एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव ने आभार जताया।

## विशिष्ट जनप्रतिनिधि के काफिले को बाधित करने वाला मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना जलालाबाद पुलिस ने एक विशिष्ट जनप्रतिनिधि के सुरक्षा काफिले को सुनियोजित ढंग से रोकने, काले झंडे दिखाने और सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध करने के गंभीर मामले में मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई है। ?प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 22 जुलाई 2026 को जलालाबाद कार्यक्रम के उपरांत जनप्रतिनिधि के मिर्जापुर प्रस्थान के दौरान कोला मोड़ तिराहे के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा उग्र प्रदर्शन किया गया। आरोपियों ने सुरक्षा काफिले को रोकने का प्रयास किया और उत्तेजक नारेबाजी करते हुए सरकारी कार्य में गंभीर व्यवधान उत्पन्न किया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल द्वारा मना करने पर उन्होंने विरोध भी किया। घटना के संबंध में उपनिरीक्षक रीगल चौधरी की तहरीर पर थाना जलालाबाद में मुअसं. 351/2026, धारा 191(2), 121(1), 126(2), 132, 352, 61(1) बी.एन.एस. के तहत तौसीफ हुसैन समेत अन्य नामजद एवं अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर मुख्य अभियुक्त तौसीफ हुसैन पुत्र इकराम हुसैन निवासी रावतपुर, थाना कांट की शिनाख्त की गई। पुलिस टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार अन्य वांछित आरोपियों की तलाश जारी है और उनके विरुद्ध भी कठोर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एसडीएम ने अवैध पैथालॉजी लैबों पर कार्रवाई के लिए टीम गठित की

**तिलहर-शाहजहांपुर।** तहसील क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैबों की शिकायत मिलने पर एसडीएम नीलिमा यादव ने टीम गठित कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को एसडीएम नीलिमा यादव ने बताया कि बीते दिनों खुदागंज के बाजपुर कुमिरखा गांव के चंद्र पाल ने तिलहर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में करीब दो दर्जन पैथोलॉजी लैब अवैध रूप से संचालित होने की शिकायत एसडीएम से की थी। एसडीएम ने उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही किए जाने की लिए का गठन किया है ।उन्होंने बताया कि नायब तहसीलदार एवं चिकित्साधिकारी को टीम के साथ जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

## घोड़े के हमले से वृद्धा घायल, उपचार के दौरान मौत

- मंगलवार को घर के बाहर टहल रही थी, आवारा जानवरों से ग्रामीण परेशान



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के हथौड़ा बुर्जुग में मंगलवार को घर के बाहर टहल रही एक वृद्ध महिला पर घोड़े ने हमला कर दिया। घोड़े के हमले से महिला को बुरी तरह जख्मी कर दिया। जिससे उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था।उपचार के दौरान शुक्रवार को उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि परिजनों के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव हथौड़ा बुजुर्ग निवासी भूधर लाल की 80 वर्षीय पत्नी फूलमती मंगलवार को घर के बाहर टहल रहीं थीं। इस दौरान अचानक एक घोड़ा ने उन पर हमला कर दिया। घोड़े के हमले के दौरान शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे, तब तक घोड़े ने हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया था। परिजनों ने उपचार के लिए उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया। जहां शुक्रवार को महिला ने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में नाराजगी का माहौल हैं। उनका आरोप है कि क्षेत्र में जानवरों का जमावड़ा लगा रहता है।

## विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने मोहम्मद इसहाक को बनाया प्रदेश उपाध्यक्ष, आज होगा जिले में स्वागत

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




विश्व हिंदू रक्षा परिषद द्वारा राष्ट्र हित, सनातन समाज के सर्वांगीण विकास तथा अखंड भारत एवं हिंदू राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराते हुए उत्तर प्रदेश संगठन का विस्तार किया गया है। परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य ट्रस्टी गोपाल राय के निर्देशानुसार मोहम्मद इसहाक उर्फ बड़ेलल्ला को विश्व हिंदू रक्षा परिषद (अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तर प्रदेश) का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मोहम्मद इसहाक की राष्ट्र हित एवं सनातन समाज के प्रति सराहनीय गतिविधियों व योगदान को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मनोनयन के साथ ही संगठन ने नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष से सनातन शिक्षा के अनुरूप सनातन शक्ति को लामबंद करते हुए अपना योगदान देने की अपेक्षा की है। प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत होने के उपरांत दिनांक 25 जुलाई 2026 को लखनऊ से प्रातः 7:00 बजे 10 चार पहिया वाहनों के काफिले के साथ प्रस्थान कर शाहजहांपुर आगमन पर नवनियुक्त पदाधिकारी एवं प्रांतीय प्रतिनिधियों का स्वागत किया जाएगा।

जहां सुबह 11:00 बजे सिंधौली जमुरिया मोड़ पर रफी अंसारी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत, सुबह 11:20 बजे ग्राम चककन्हऊ सांवरी ब्रिक फील्ड के पास बिल्लू यादव एवं सत्यदेव यादव द्वारा सैकड़ों समर्थकों के साथ स्वागत, सुबह 11:50 बजे बंडा रोड सबली टोल प्लाज़ा पर गुफरान अंसारी द्वारा स्वागत, दोपहर 12:30 बजे पुवायां रोड गुरुतेग बहादुर स्कूल के सामने जसवीर सिंह द्वारा सैकड़ों लोगों के साथ स्वागत,दोपहर 01:00 बजे नगर पंचायत बंडा मेन चौराहे पर अशफाक द्वारा स्वागत, दोपहर 01:30 बजे खुटार मिशनरी मार्केट में सरदार जगदीश सिंह द्वारा स्वागत, दोपहर 02:00 बजे खुटार रोड, मोहल्ला मुरादपुर कैंप कार्यालय पर उमर द्वारा 300 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत, दोपहर 02:30 बजे खुटार रोड खानकाह तिराहे पर बबलू अंसारी आदि के साथ, शाम 03:00 बजे थाना बंडा के सामने, नगर पंचायत कार्यालय प्रांगण में लिपिक मोहम्मद यूसुफ खान आदि द्वारा स्वागत, सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत में मंदिर के पास अनीश खां द्वारा आयोजित भव्य स्वागत समारोह किया जायेगा । 25 जुलाई को पड़ाना में कार्यक्रम संपन्न होने के बाद काफिला शाहजहांपुर में रात्रि विश्राम करेगा। इसके अगले दिन 26 जुलाई 2026 को थाना तिलहर अंतर्गत विभिन्न मोहल्लों एवं क्षेत्रों में जनसंपर्क तथा स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 जुलाई तक बढ़ाई

**शाहजहांपुर।** उपयुक्त उद्योग कि राजमिस्त्री एवं मोची ट्रेड में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कम आवेदन पत्र प्राप्त होने के कारण नियमानुसार उक्त ट्रेडो में आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 जुलाई तक बढ़ाई गई। उपायुक्त उद्योग संजय कुमार ने बताया कि योजना के लिए लाभ उठाने के लिए आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदन की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना आवेदन की तिथि से की जाएगी। आवेदक को पारम्परिक कारीगरी जैसे नाई, बढ़ई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई, मोची एवं धोबी अथवा दस्कारी व्यवसाय से जुड़ा होना चाहिए। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त किये जाने हेतु किसी प्रकार की शैक्षिक योग्यता आवश्यक नहीं है। परिवार का केवल एक सदस्य ही योजनान्तर्गत आवेदन हेतु पात्र होगा। परिवार का आशय पति अथवा पत्नी से है। योजनान्तर्गत पात्रता हेतु जाति एक मात्र आधार नहीं होगा। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु ऐसे व्यक्ति भी पात्र होंगे जो परम्परागत कारीगरी करने वाली जाति से भिन्न हों। ऐसे आवेदकों को परम्परागत कारीगरी से जुड़े होने के प्रमाण के रूप में ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत अथवा नगर पालिका, नगर निगम के सम्बन्धित वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। हस्तशिल्पी पहचान पत्र धारक परिवार के सदस्यों को उपर्युक्त प्रस्तर 6 में उल्लिखित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य नहीं होगा। मोची एवं राजमिस्त्री ट्रेड में आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 जुलाई तक वेबसाइट www.msme.up.gov.in एवं www.diupmsme.upsdc.gov.in पर कर सकते है। आनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण रूप से 26 जुलाई तक स्वीकार किए जायेंगे। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र अथवा मोबाइल नंबर 9548515974 से सम्पर्क कर सकते है।

### मातृशक्तियों का सम्मान

**शाहजहांपुर।** विकास भवन सभागार मे आयोजित मिशन शक्ति संवाद कार्यक्रम में नगर निगम की नामित पार्षद अल्पना श्रीवास्तव को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह सम्मान अन्य महिलाओं को भी दिया गया। इस अवसर पर डीएम, एसपी, नगर आयुक्त एवं मुख्य विकास अधिकारी आदि मौजूद उपस्थित रहे।

### ट्रक से 50 बैटरियां चोरी होने पर पुलिस हुई सक्रिय, 20 जुलाई को हरिद्वार से रवाना हुआ था ट्रक

**तिलहर-शाहजहांपुर।** ट्रक से ढाबे पर बैटरी चोरी किए जाने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है। हालांकि अभी चोरी गई 50 बैटरियों में से कोई बरामद नहीं हो सकी है। हरिद्वार से बैटरियों की खेप लेकर पूर्व दिशा में जा रहे ट्रक चालक को जब बैटरी चोरी हो जाने की जानकारी हुई तो उसने नगरिया मोड़ चौकी इंचार्ज सौरभ शुक्ला को घटना की जानकारी दी। ट्रक चालक द्वारा चौकी क्षेत्र के एक ढाबे पर रुकने की जानकारी दिये जाने पर पुलिस हरकत में आ गई। इस बाबत पूंछे जाने पर श्री शुवल ने बताया कि 20 जुलाई को ट्रक हरिद्वार से गंतव्य को रवाना होना बताया गया है। रस्ते में ट्रक का कई जगह ठहराव हुआ है। सो कहाँ बैटरी चोरी हुई। इसकी शुक्रवार को शिकायत मिलने पर पुलिस तलाश में जुट गई है। फिलहाल बैटरियाँ कहां से चोरी हुई अभी इसका कोई सुराग नहीं लग सका है।

### बिजली की शार्ट सर्किट से लगी आग में बोरिंग, पाइप, प्रिंटिंग प्रेस आदि की दुकान जलकर स्वाहा, बीस लाख के नुकसान का अनुमान



**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** कस्बे में मुरादाबाद-फर्रुखाबाद रोड पर कुशवाहा हीरो एजेंसी के निकट भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष पंकज प्रकाश पांडेय के छोटे भाई मधुर प्रकाश पांडेय की बोरिंग,पाइप,प्रिंटिंग प्रेस की दुकान में बृहस्पतिवार रात करीब दो बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे दुकान में लगभग बीस लाख रुपए का माल और दूसरी मंजिल पर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। अग्निपीड़ित मधुर प्रकाश पांडेय ने बताया कि उनकी पत्नी बीमार थीं। दुकान और आवास बंद करके वे पत्नी को दिखाने शाहजहांपुर डाक्टर के पास गए थे। जिससे वे देर रात दो बजे घर लौटे तो देखा कि उनकी दुकान धू धू कर जल रही थी। खतरे को देखते हुए तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड, पुलिस और आसपास के लोगों ने सबमर्सिबल चलाकर आग पर काबू किया तब तक दुकान का माल और दुकान के ऊपर बने आवास में सभी गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी भयंकर थी, कि दुकान और आवास की छत से लेकर दीवारों तक का प्लास्टर जलकर नीचे गिर गया। घर में खाने पीने का सामान सहित बिस्तर,बर्तन,कूलर,पंखे,वाशिंग मशीन,डबल बेड,टीवी,कपड़े आदि सबकुछ स्वाहा हो गया।

### उड़ान ने बढ़ाया मानवीय कदम, टीबी मरीजों को पोषण पोटलियां बांटी




**शाहजहांपुर।** उड़ान एक उम्मीद वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा जिला अस्पताल में टीबी मरीजों के लिए मानवीय सेवा का सराहनीय कार्य करते हुए 30 पोषण पोटलियों का वितरण किया गया। संस्था द्वारा वर्तमान में 30 टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके उपचार के दौरान नियमित रूप से पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पोषण पोटलियां प्रदान की जा रही हैं। संस्था की ओर से बताया गया कि टीबी मरीजों को उपचार हेतु दवाएं सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं, जबकि मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए पौष्टिक भोजन भी अत्यंत आवश्यक होता है। इसी उद्देश्य से संस्था उन्हें पोषण पोटलियां उपलब्ध कराती है। छह माह का उपचार पूरा होने के बाद संस्था पुनः 30 नए टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें भी पोषण पोटलियां वितरित करती है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीज इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता जी ने बताया कि उनकी संस्था समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश है कि कोई भी टीबी मरीज भूखा या कमजोर महसूस न करे। सभी मरीजों को उपचार के साथ उचित पोषण मिले और हमारा देश 'टीबी मुक्त भारत' के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विवेक मिश्रा, आरती सिंह, संस्था की सचिव रेखा मोदी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रामलीला मैदान विवादः प्रशासन ने वार्ता से समाधान का किया प्रयास

# प्रदर्शनकारियों ने निकाला शांतिपूर्ण पैदल मार्च

▸ शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस रही सक्रिय

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा खुदागंज के ऐतिहासिक रामलीला मैदान की बाउंड्री वॉल तोड़े जाने के विरोध में चल रहा धरना-प्रदर्शन शुक्रवार को भी शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा। प्रशासन की ओर से समाधान निकालने के प्रयास तेज किए गए। तिलहर के नायब तहसीलदार अमित कुमार तथा थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य धरनास्थल पहुंचे और रामलीला कमेटी, व्यापार मंडल एवं प्रदर्शनकारियों से विस्तृत वार्ता कर मामले का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने का प्रयास किया।

वार्ता के दौरान अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिलाया कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों ने सभी पक्षों से धैर्य बनाए रखने, कानून-व्यवस्था का सम्मान करने तथा जांच पूरी होने तक यथास्थिति बनाए रखने की अपील की।

हालांकि प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों पर अडिग रहते हुए कहा कि जब तक दोषियों के विरुद्ध स्पष्ट कार्रवाई नहीं होती और रामलीला मैदान की पूर्व स्थिति बहाल करने का आश्वासन नहीं दिया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा। दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक चली



बातचीत के बावजूद कोई अंतिम सहमति नहीं बन सकी, जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारी वापस लौट गए। इसके उपरांत आंदोलन को और व्यापक रूप देने के उद्देश्य से प्रदर्शनकारियों ने नगर में शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकाला। बड़ी संख्या में रामलीला कमेटी के पदाधिकारी, व्यापारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, युवा तथा नगरवासी हाथों में तख्तियां और भगवा ध्वज लेकर जय श्री राम एवं रामलीला मैदान बचाओ के नारों के साथ मुख्य बाजार, प्रमुख चौराहों एवं विभिन्न मार्गों से होकर गुजरे। पूरे मार्च के दौरान लोगों ने रामलीला मैदान को नगर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर बताते हुए उसके संरक्षण की मांग बुलंद की। कई स्थानों पर स्थानीय नागरिकों ने भी पैदल मार्च का समर्थन करते हुए प्रदर्शनकारियों का उत्साहवर्धन किया। धरना, वार्ता और पैदल मार्च के दौरान थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य स्वयं पुलिस बल के साथ लगातार मौजूद रहे। उन्होंने समय-समय पर प्रदर्शनकारियों से संवाद स्थापित कर संयम बनाए रखने की अपील की तथा पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था प्रभावित न होने पाए। पुलिस की सतर्कता, प्रशासन के समन्वय और प्रदर्शनकारियों के शांतिपूर्ण सहयोग के चलते पूरा कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। रामलीला कमेटी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने नगरवासियों, व्यापारियों और ग्रामीणों से आंदोलन में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यह किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि नगर की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के संरक्षण का विषय है। वहीं प्रशासन ने दोहराया कि मामले की जांच निष्पक्ष रूप से जारी है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। पुलिस एवं प्रशासन दोनों ही पक्षों के बीच संवाद बनाए रखते हुए शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

## खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाताः संजय



**शाहजहांपुर।** शहीदों की याद में आयोजित शाहजहांपुर क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन- 2 का आगाज़ रज़ा स्पोर्टिंग द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय गुप्ता ने प्रतिभागी खिलाड़ियों एवं आयोजकों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान श्री गुप्ता ने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ शहीदों के बलिदान को याद रखने का भी सशक्त माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उनके इस प्रयास की खिलाड़ियों एवं स्थानीय लोगों ने भरपूर सराहना की। इस अवसर पर रज़ा स्पोर्टिंग टीम के अकरम खां, सत्यम्, नईमुद्दीन, राजा, खादिम एवं फैज़ सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

## अलग-अलग स्थानों पर विवाहिता व युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में खाया विषाक्त

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर में एक विवाहिता ने तथा एक ग्रामीण क्षेत्र की युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उनके परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार देकर दोनो को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सीएचसी से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को नगर के मोहल्ला कच्चा कटरा निवासीकशिश खत्री पत्नी शिवम 24 द्वारा विषाक्त सेवन करने पर परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। वहीं गांव खिरिया उदैत निवासी शीनू गौतम पुत्री महिपाल 21 द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन करने के बाद हालत बिगड़ते ही परिजन सीएचसी लेकर आए। दोनों को प्राथमिक उपचार देकर डॉक्टर ने गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## बीएड द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित








**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जीएफ कॉलेज बीएड द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखंड विश्विविद्यालय, बरेली ने घोषित कर दिया है, जिसमें लगभग सभी छात्र छात्राओं ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योतिका यादव ने सर्वाधिक 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कनिका शर्मा ने 79.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और अलीशा परवीन 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बीएड विभाग की विभागाध्यक्ष मीनाक्षी गोयल, विपिन कुमार शर्मा, आशुतोष कुमार अग्निहोत्री,चांद मियां, डा. जाबिर अली,करुण पाण्डेय,शिखा श्रीवास्तव,नेहा खान, डॉ. प्रिया दीक्षित ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# ईंट भट्ठा व्यापारियों के साथ राज्य कर भवन में बैठक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश शासन तथा कमिश्नर, राज्य कर लखनऊ द्वारा मुख्य बिज़नेस सेक्टर के साथ व्यापारी संवाद हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद में ईंट भट्ठा व्यापारियों के साथ राज्य कर भवन मोहम्मदी रोड पर बैठक की गयी। बैठक में राज्य कर विभाग की ओर से प्रवेश तोमर, उपायुक्त-नोडल अधिकारी, खण्ड-4, राज्य कर, श्यामाकान्त यादव, उपायुक्त, राज्य कर, खण्ड-2, आनन्द कुमार, उपायुक्त, राज्य कर, खण्ड-3, प्रदीप कुमार, सहायक आयुक्त, राज्य कर, खण्ड-1, प्रशान्त सिंह, सहायक आयुक्त, खण्ड-2, योगेन्द्र कुमार, कुमार, सहायक आयुक्त, राज्य कर, खण्ड-3, मोहित कुमार भारद्वाज, सहायक आयुक्त,



राज्य कर, खण्ड-4 उपस्थित रहे। व्यापारियों में अशोक खन्ना, ईंट भट्ठा एशोसिएशन अध्यक्ष, प्रतुल गर्ग, आरिफ जमाल, मुकेश कपूर, सचिन कलानी, निकुंज कलानी आदि व्यापारी उपस्थित रहे। अशोक खन्ना द्वारा बताया गया कि वैट में कम्पाउंडिंग की तर्ज पर जीएसटी में कम्पाउंडिंग योजना भट्ठों के लिए लागू कर दी जाए तो सरकार का राजस्व बढ़ जाएगा। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि सरकारी ठेकों में लाल ईंट पर पाबन्दी हो जाने के कारण सप्लाई नहीं है, जिससे भट्ठों का टर्नओवर गिरा है। कृष्ण कुमार गर्ग द्वारा बताया गया कि सरकारी कार्यों में आरसीसी सीमेण्ट ईंट को वरीयता दी जाती है। उनके द्वारा बताया कि बरसात अधिक होने के कारण भट्ठों का निर्माण कार्य प्रभावित रहा है। मो0 आरिफ द्वारा बताया कि कोयले पर टैक्स की दर 5 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत हो जाने के कारण व्यापारी का खर्च बढ़ा है, जबकि बाजार मांग कम होने के कारण ईंट का बाजार मूल्य यथावत है। उपायुक्त आनन्द कुमार द्वारा व्यापारियों को रॉयल्टी पर कर जमा करने के लिए कहा। उपायुक्त श्यामाकांत यादव द्वारा कोयले की खरीद पर अर्जित आईटीसी को रिटर्न में नियमानुसार रिवर्सल करने के निर्देश दिए। उपायुक्त प्रवेश तोमर द्वारा व्यापारियों से वास्तविक टर्नओवर घोषित कराते हुए कर जमा करने की अपील की गयी। उन्होंने बताया कि किसी व्यापारी का घोषित टर्नओवर वास्तविक टर्नओवर से कम पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों के फीडबैक को उचित स्तर पर प्रेषित करने का आश्वासन भी व्यापारियों को दिया।

## डीजल टैंकर और ई-रिक्शा की आमने-सामने भिड़ंत, 9 लोग घायल

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर डीजल टैंकर और ई-रिक्शा की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में ई-रिक्शा सवार 9 लोग घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जैतीपुर भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 2:40 बजे ग्राम घसा कल्यानपुर निवासी पप्पू कश्यप ने थाना गढ़िया रंगीन पुलिस को फोन कर दुर्घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। पुलिस के अनुसार, डीजल टैंकर (रजिस्ट्रेशन संख्या UP34DT0433) गढ़िया रंगीन कस्बे से अमरेड़ी की ओर होते हुए शाहजहांपुर जा रहा था, जबकि ई-रिक्शा (रजिस्ट्रेशन संख्या UK06ER5963) अमरेड़ी से गढ़िया रंगीन की ओर आ रहा था। इसी दौरान दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में घायल होने वालों में शिमला (55), स्वाति (18), सूजाना (18), खुशी (5), दीपांशु (20), रामवती (40), कार्तिक (3), विनीता (30) निवासी ग्राम अमरेड़ी तथा ब्रजेश (30) निवासी ग्राम घसा कल्यानपुर शामिल हैं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी जैतीपुर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के बाद मौके पर शांति व्यवस्था कायम है और यातायात सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# हज़रत सैयद जमाल शाह मियां का अस्ताना रूहानी फ़ैज़ का मरकज़

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शाहबाज़ नगर स्थित मशहूर बुज़ुर्ग-ए-दीन हज़रत सैयद जमाल शाह मियां रहमतुल्लाह अलैह का मुक़द्दस आस्ताना वर्षों से अकीदतमंदों के लिए रूहानी फ़ैज़, अमन, मोहब्बत और इंसानियत का मरकज़ बना हुआ है। यहाँ जनपद ही नहीं बल्कि दूर-दराज़ के क्षेत्रों से भी हज़ारों ज़ायरीन हाज़िरी देकर फ़ातेहा पढ़ते हैं, दुआएँ करते हैं और रूहानी सुकून हासिल करते हैं। दरगाह पर हर मज़हब के लोग पूरी अकीदत के साथ पहुँचते हैं, जो गंगा-जमुनी तहज़ीब और आपसी भाईचारे की खूबसूरत मिसाल पेश करता है।

स्थानीय परंपरा के अनुसार, इस मुक़द्दस दरगाह की ख़िदमत का सिलसिला पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता आ रहा है। दरगाह के ख़ास खादिम मरहूम निज़ाम अली शाह ने अपनी पूरी ज़िंदगी दरगाह, मस्जिद और कब्रिस्तान की ख़िदमत में वक़्फ़ कर दी।



उनके इंतिक़ाल के बाद उनके साहबज़ादे मरहूम रहमत अली शाह और मरहूम हसमत अली शाह ने भी पूरी लगन, खुलूस और ज़िम्मेदारी के साथ इस अमानत की ख़िदमत अंजाम दी।

वर्तमान समय में उनके साहबज़ादे ताहिर अली शाह, गुड्डू मियाँ तथा अफ़ज़ल मियाँ अपने बुज़ुर्गों की रिवायत को बरक़रार रखते हुए पूरी ज़िम्मेदारी और समर्पण के साथ दरगाह की ख़िदमत में जुटे हुए हैं। दरगाह पर आने वाले ज़ायरीन और अकीदतमंदों की ख़िदमत, मेहमाननवाज़ी तथा उनके आराम का विशेष ध्यान रखा जाता है, जिससे हर आने वाला श्रद्धालु अपनापन और रूहानी सुकून महसूस करता है। बताया जाता है कि दरगाह से सम्बद्ध मस्जिद, कब्रिस्तान और दरगाह की देखरेख तथा इंतिज़ाम की ज़िम्मेदारी भी इनके अजदाद (पूर्वज) लंबे समय से निभाते चले आ रहे हैं। यही परंपरा आज भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ जारी है। स्थानीय लोग इस ख़ानदान की ख़िदमत, सादगी और दीनी लगन की सराहना करते हैं। दरगाह पर समय-समय पर आयोजित होने वाले उर्स, फ़ातेहा, कुरआनख़्वानी और दुआ की महफ़िलों में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होते हैं। इन अवसरों पर मुल्क में अमन-ओ-अमान, तरक़्क़ी, भाईचारे और इंसानियत की सलामती के लिए ख़ास दुआएँ की जाती हैं। यह मुक़द्दस आस्ताना आज भी लोगों के लिए उम्मीद, मोहब्बत, इंसानियत और रूहानी रहनुमाई का एक अहम मरकज़ बना हुआ है, जहाँ बुज़ुर्गों की तालीमात और उनकी ख़िदमत की रिवायत नई नस्लों तक पहुँच रही है।

## गौवंश की टक्कर से बाइक सवार घायल, जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** तिलहर जैतीपुर रोड पर गांव भुड़ेली के निकट बाइक को अचानक गाय ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। शुक्रवार को गांव चामरखास निवासी रवि पुत्र रामनरेश मिश्रा 20 बाइक से दवा लेने तिलहर आ रहा था। इसी दौरान जेतीपुर रोड स्थित गांव भुड़ेली के निकट अचानक एक गाय ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। खबर मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गये।

**अदालती सूचना**

**तारीख पेशी 18.09. 2026**
**सम्मन तनकीह तलब (ऑर्डर 5 कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर**

वाद संख्या 24 वर्ष 2026 मुर्शाद पुत्र शाहिद अली नि. ग्रा. रौली बौरी थाना व तह. जलालाबाद जिला शाहजहांपुर मो.8810341421 व 7428429903.. प्रार्थी/ वादी....

बनाम

श्रीमती हाशमा पत्नी मुर्शाद व पुत्री ननकू उर्फ सुराजुद्दीन नि. ग्रा. इकबरहा थाना कंपिल जिला फ़र्रुख़ाबाद मो. 8429959982 ...विपक्षी

हरगाह मुर्शाद वादिनी उक्त ने आपके नाम एक नालिश बाबत दांपत्य जीवन का पूर्निवस्थान के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है की तारीख 18.09.2026 को वबक्त 10:00 बजे दिन के असलीन व मार्फत वकील मुकदमे की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हाजिर हो जवाब दाखिल करें उसी रोज दस्तावेज पेश करें। आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्खत मोहर अदालत से 23.07.2026 में जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम/ रीडर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर**

# श्रद्धा, भक्ति-उल्लास के साथ मनाया गया पी राजगोपालाचारी का जन्मोत्सव

▸ मिशन के अनुयायियों ने ध्यान साधना कर किया गुरुसत्ता को प्रणाम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

श्रीरामचन्द्र मिशन की गुरु परंपरा के तीसरे गुरुदेव पार्थसारथी राजगोपालाचारी का 99 वां जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति एंव उल्लास के साथ मनाया गया। मिशन के अनुयायियों ने ध्यान साधना कर आध्यात्मिक उन्नति की कामना की तथा महात्मा रामचन्द्र जी महाराज की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर गुरूसता को प्रणाम किया। श्री रामचन्द्र मिशन के पूर्व अध्यक्ष एवं गुरूदेव पूज्य श्री पार्थसारथी राजगोपालाचारी के जन्मोत्सव का माहौल काफी भावुक था। उनके भौतिक सानिध्य को याद कर तमाम अभ्यासियों ने अपनी यादें साझा की।मिश्रीपुर स्थित श्री राम चन्द्र मिशन का माहौल श्रद्धा एंव भक्ति पूर्ण था।आज उत्सव के दिन आश्रम आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र बन गया। जन्मोत्सव का शुभारम्भ केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा ने पूज्य बाबू जी महाराज के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके उपरान्त सभी अभ्यासियों ने ध्यान कर आत्मोत्थान, मानव कल्याण व विश्व बंधुत्व की कामना की।

इस मौके पर प्रशिक्षक ए के गर्ग ने कहा कि राम चन्द्र महाराज ने राजयोग की जो सरल साधना पद्धति लोगो को उपलब्ध करायी वह



सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में अद्वितीय है।इस मौके पर उन्होंने रामचन्द्र मिशन की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली निबंध लेखन प्रतियोगिता का पोस्टर भी जारी किया तथा निबंध लेखन के विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला।आश्रम प्रबंधक और प्रशिक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि गृहस्थ जीवन में रहकर ईश्वर प्राप्ति का इस पद्धति जैसा कोई दूसरा माध्यम नहीं है। आज विश्व के 164 से अधिक देशों में सहज मार्ग साधना पद्धति से जुड़कर लाखों लोग आध्यात्मिक लाभ उठा रहे हैं। पूज्य पार्थसारथी राजगोपालाचारी जी की महासमाधि के बाद मिशन के अध्यक्ष और हार्टफुलनेस मेडीटेशन के ग्लोबल गाइड कमलेश डी पटेल दाजी सहज मार्ग साधना पद्धति को जन जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। प्रशिक्षक राजगोपाल अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान परिवेश में एक सक्षम गुरू के सानिध्य के बिना शांतिमय जीवन नहीं मिल सकता। उन्होंने कहा मिशन के अभ्यासी को मिशन के उत्थान के लिए तन, मन, धन से समर्पित होना चाहिए।इस दौरान चारी जी महाराज के जीवन पर आधारित वृत्तचित्र का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन हर्षवर्धन अग्रवाल ने किया। आभार प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह ने व्यक्त किया।आयोजन में गोपाल अग्रवाल,ममता सिंह, सुयश सिन्हा, कृष्णा भारद्वाज,सुनील अग्रवाल,आनंद मिश्रा, संजय सक्सेना, प्रवीण बाजपेई, आकाश श्रीवास्तव, सुरेंद्र सिन्हा आदि का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर अमिता सक्सेना, राजेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुशील श्रीवास्तव,सहित मिशन के सैकड़ों अभ्यासी मौजूद रहे।

## जागरूकता शुरुआती उपचार नियंत्रण में मददगार

अब वह धारणा निर्मूल साबित हो रही है कि हृदय रोग व्यक्ति को बुढ़ापे में ही गिरफ्त में लेता है। हाल के दिनों में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं कि उत्तर भारत में बड़ी संख्या में युवा दिल की बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। निश्चय ही यह स्थिति इस क्षेत्र में बीमारियों के बदलते पैटर्न की एक चिंताजनक तस्वीर पेश करती है। दरअसल, पंजाब व हरियाणा के युवाओं के बाबत आई हालिया रिपोर्ट ने इस गंभीर संकट की हकीकत को उजागर किया है। रिपोर्ट बताती है कि पंजाब के युवाओं को दिल के बेहतर इलाज की जरूरत लगातार बढ़ रही है। दूसरी तरफ हरियाणा में बढ़ते टेली-ईसीजी नेटवर्क ने यह दर्शाया है कि शुरुआती चरण में रोग का पता चलने से कैसे अधिक से अधिक जानें बचायी जा सकती हैं। निश्चय ही ये स्थितियां बताती हैं कि उत्तर भारत में बढ़ती इस चुनौती के मुकाबले के लिये तुरंत गंभीर प्रयासों की जरूरत है। दरअसल, हृदय रोग के इस संकट के मूल में हमारी जीवनशैली में आ रहे बदलावों की बड़ी भूमिका है। जिसमें शारीरिक सक्रियता में आई लगातार कमी का भी बड़ा रोल है। वहीं कसरत व खेल गतिविधियों में कमी, प्रोसेस्ड भोजन का अधिक सेवन, तंबाकू व नशीले पदार्थों की लत, व्यक्ति के जीवन में लंबे समय तक रहने वाला तनाव, पर्याप्त नींद न लेना और कम उम्र में ही मधुमेह व उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं से मिलकर एक गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आज बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की है जो लंबी सिटिंग में पढ़ाई करते हैं, कार्यस्थल पर लगातार काम करते हैं व स्क्रीन पर लगातार घंटों बिताते हैं। वे शारीरिक सक्रियता, कसरत, योग व मनोरंजन के लिये बहुत कम समय दे पाते हैं। वहीं पढ़ाई का दबाव, बेरोजगारी का तनाव और आर्थिक अनिश्चितता के कारण होने वाला मानसिक तनाव दिल की बीमारियों के खतरे को और अधिक बढ़ा देता है। लेकिन आम लोग इस तनाव व उच्च रक्तचाप आदि को गंभीरता से नहीं लेते। विडंबना यह है कि हम उन तमाम शुरुआती संकेतों को नजरअंदाज कर देते हैं, जो दिल की बीमारियों की आहट देते हैं। इन लक्षणों में शामिल सांस का फूलना, अत्यधिक थकान व सीने का दर्द तक की अनदेखी कर दी जाती है। समाज में आज भी यह धारणा बनी हुई है कि दिल की बीमारी तो बुजुर्गों का रोग होता है। सही मायने में आज समाज में उपचार से पहले व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। ऐसे में अस्पतालों के जरिये पब्लिक हेल्थ सिस्टम को इसमें बड़ी भूमिका निभानी चाहिए। स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों पर रक्तचाप, रक्त शर्करा और कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच को स्वास्थ्य कार्यक्रम का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। साथ ही जन-जागरण अभियान के माध्यम से युवाओं को शुरुआती लक्षणों को पहचानने और चिकित्सा मदद लेने के बारे में प्रेरित किया जाना चाहिए। सही मायने में पौष्टिक भोजन लेने, शारीरिक सक्रियता व मानसिक स्वास्थ्य को भी नीतिगत स्तर पर उतनी प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जितनी देश में संक्रामक बीमारियों को दी जाती है। इस अभियान में अब तकनीक व कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किया जा सकता है। टेलीमेडिसिन के जरिये दूर से ईसीजी कराने और बेहतर आपातकालीन रेफरल सिस्टम के जरिये गांवों और छोटे कस्बों तक विशेषज्ञ देखभाल की सुविधा पहुंचाई जा सकती है। जिसके जरिये यह सुनिश्चित किया जाए कि इलाज संवेदनशील 'गोल्डन आवर' के दौरान ही शुरू हो जाए। ऐसी अभिनव पहल हमारी बचाव की रणनीति का हिस्सा बननी चाहिए। सही मायने में हृदय रोग के खिलाफ लड़ाई 'पहले हार्ट अटैक' से काफी पहले शुरू हो जानी बेहतर है। हाल के वर्षों में देश में योग व प्राकृतिक चिकित्सा से उपचार के जरिये सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। योग जहां हमारे शारीरिक स्वास्थ्य में मददगार है, वहीं मानसिक तनाव घटाने में बेहद कारगर साबित हुआ है। दिल्ली स्थिति एम्स व पीजीआईएमआर में बाकायदा योग पर व्यापक शोध कार्य हुआ है और उसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। दरअसल, योग के जरिये हम संयमित रहते हैं और जीवनशैली से जुड़े तमाम रोगों से मुक्ति पा सकते हैं।

# बेटियों के स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला बनी मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना

*डॉ. सीमा गुप्ता*



*जनपद सोनभद्र में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे जिला प्रशासन द्वारा की जा रही त्वरित कार्यप्रणाली, नियमित समीक्षा और व्यापक जागरूकता अभियानों की महती भूमिका है। जिला प्रशासन द्वारा जनपद के समस्त विकास खंडों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों और सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में विशेष शिविरों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि कोई भी पात्र बेटी इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। प्रशासनिक स्तर पर प्राप्त होने वाले ऑनलाइन आवेदनों का पूरी पारदर्शिता एवं तत्परता के साथ समयबद्ध सत्यापन कर स्वीकृतियां प्रदान की जा रही हैं। चालू वित्तीय वर्ष में भी जनपद सोनभद्र के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इस योजना के प्रति जनता में अभूतपूर्व उत्साह और जागरूकता देखने को मिल रही है, तथा स्वीकृत आवेदनों के आधार पर निरंतर लाभार्थियों के खातों में धनराशि प्रेषित की जा रही है। वास्तव में, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जनपद सोनभद्र में केवल एक वित्तीय सहायता कार्यक्रम मात्र नहीं है, बल्कि यह बालिकाओं के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्वावलंबन की एक नई एवं गौरवशाली गाथा लिख रही है।*

उत्तर प्रदेश को महिला सशक्तिकरण, समानता और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के दृढ़ संकल्प के साथ प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' जनपद सोनभद्र में बालिकाओं के स्वर्णिम भविष्य की सबसे मजबूत आधारशिला साबित हो रही है। यह महत्वाकांक्षी एवं दूरदर्शी योजना जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर सुदूर ग्रामीण और वनांचल इलाकों तक बेटियों के जन्म से लेकर उनकी उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा तक निरंतर आर्थिक संबल प्रदान कर समाज में एक नई चेतना का संचार कर रही है। राज्य सरकार की इस युगांतकारी पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त कन्या भ्रूण हत्या जैसी अमानवीय कुरीतियों को समूल नष्ट करना, बाल विवाह की कुप्रथा पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा के स्तर में ऐतिहासिक सुधार के साथ समान सामाजिक स्तर पर लाकर आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाना है। जनपद सोनभद्र में इस कल्याणकारी नीति ने बेटियों के प्रति समाज के पारंपरिक और संकीर्ण दृष्टिकोण को पूरी तरह से बदल दिया है, जिससे अब बेटियों का जन्म किसी परिवार पर आर्थिक भार नहीं, बल्कि गौरव और सौभाग्य का प्रतीक माना जा रहा है।

जनपद सोनभद्र में जिला प्रशासन के संवेदनशील प्रयासों और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के फलस्वरूप इस योजना ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी आंदोलन का रूप ले लिया बालिकाओं के सर्वांगीण विकास और उन्हें जीवन के हर महत्वपूर्ण मोड़ पर वित्तीय सुरक्षा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत कुल 25,000 रुपये की आर्थिक सहायता को छह सुव्यवस्थित चरणों में विभाजित किया गया है। योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत जनपद में बालिका के जन्म होने पर (एक वर्ष के भीतर आवेदन करने की स्थिति में) 5,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे नवजात बेटी के शुरुआती लालन-पालन, पोषण और देखभाल में परिवारों को अत्यंत महत्वपूर्ण संबल मिल रहा है। इसके पश्चात द्वितीय चरण में बालिका के एक वर्ष की आयु तक के सभी अनिवार्य एवं जानलेवा बीमारियों से बचाव वाले टीकों के पूर्ण होने पर 2,000 रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। जनपद सोनभद्र में इस चरण की सफलता से जहां एक ओर समयबद्ध संपूर्ण टीकाकरण को अभूतपूर्व प्रोत्साहन मिला है, वहीं दूसरी ओर शिशु मृत्यु दर में ऐतिहासिक कमी दर्ज की गई है, जो प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ी दूरदर्शी सोच का जीवंत प्रमाण है।

शिक्षा को बालिका सशक्तिकरण का सबसे सशक्त और स्थायी माध्यम मानते हुए प्रदेश सरकार ने इस योजना को विद्यालयी शिक्षा के हर स्तर से अत्यंत प्रभावी ढंग से जोड़ा है। जनपद सोनभद्र में बेटियों के प्रारंभिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर विद्यालय में नामांकन को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने तथा ड्रॉप-आउट दर को शून्य पर लाने के लिए तृतीय और चतुर्थ चरण के तहत महत्वपूर्ण आर्थिक प्रोत्साहन दिया जा रहा है। योजना के तृतीय चरण में बालिका के प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने पर 3,000 रुपये तथा चतुर्थ चरण के तहत छठी कक्षा में दाखिला लेने पर पुनः 3,000 रुपये की सहायता राशि अभिभावकों के खातों में भेजी जा रही है। इस वित्तीय व्यवस्था ने जिले के गरीब और सीमित संसाधनों वाले परिवारों को अपनी बेटियों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया है, जिससे प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में बालिकाओं की भागीदारी में उत्साहजनक वृद्धि हुई है। इसके आगे, किशोरावस्था में बेटियों की शिक्षा बाधित न हो और वे उच्च कक्षाओं की ओर आत्मविश्वास के साथ कदम बढ़ा सकें, इसके लिए पंचम श्रेणी के अंतर्गत कक्षा नौ में प्रवेश लेने पर बालिका को 5,000 रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। जनपद सोनभद्र के ग्रामीण अंचलों में यह आर्थिक संबल माध्यमिक स्तर पर बेटियों के पढ़ाई छोड़ने की प्रवृत्ति को रोकने और उन्हें अपनी शैक्षणिक यात्रा जारी रखने में एक रक्षा कवच का कार्य कर रहा है।

योजना के छठे एवं अंतिम चरण के तहत बालिका द्वारा 10वीं या 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक अथवा न्यूनतम दो वर्ष की अवधि वाले व्यावसायिक डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर 7,000 रुपये की एकमुश्त महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की जाती है। जनपद सोनभद्र में इस प्रावधान ने उन मेधावी एवं महत्वाकांक्षी बेटियों के सपनों को नए पंख दिए हैं, जो पहले उच्च शिक्षा या तकनीकी पाठ्यक्रमों की फीस और अन्य खर्चों के डर से अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ने को विवश हो जाती थीं। आज प्रदेश सरकार के इस संबल से जिले की बेटियां इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून और अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपने आत्मनिर्भर भविष्य का निर्माण कर रही हैं। आंकड़ों का अवलोकन करने से यह स्पष्ट होता है कि जनपद सोनभद्र में जन्म और टीकाकरण से लेकर उच्च स्तर की शिक्षा तक, हर पड़ाव पर हजारों बालिकाएं इस योजना से लाभान्वित होकर अपने सपनों को साकार कर रही हैं।

प्रदेश सरकार सुशासन, पूर्ण पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को निभाते हुए योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार के मध्यस्थ या बिचौलिए की भूमिका को पूरी तरह से समाप्त कर चुकी है। जनपद सोनभद्र के समस्त पात्र लाभार्थियों को सभी प्रकार की वित्तीय सहायताओं का भुगतान सीधे डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) प्रणाली के माध्यम से उनके या उनके अभिभावकों के बैंक खातों में किया जा रहा है। तकनीक के इस पारदर्शी और त्वरित उपयोग से योजना का शत-प्रतिशत लाभ बिना किसी कटौती या विलंब के सीधे वास्तविक हकदारों तक पहुंच रहा है, जिससे आम जनता का प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर विश्वास और भी अधिक सुदृढ़ हुआ है। इस व्यवस्था ने प्रशासनिक कार्यों में गतिशीलता लाने के साथ-साथ लाभार्थियों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने की समस्याओं से भी पूर्णतः मुक्ति दिलाई है।

योजना का सुचारू एवं निष्पक्ष लाभ वास्तविक रूप से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अत्यंत स्पष्ट एवं समावेशी पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए हैं। जनपद सोनभद्र में इस योजना से जुड़ने के लिए लाभार्थी परिवार का उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है तथा परिवार की समस्त स्रोतों से कुल वार्षिक आय 3,00,000 (तीन लाख) रुपये की सीमा तक निर्धारित है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को प्राथमिकता का लाभ मिल रहा है। इसके साथ ही, सामाजिक संतुलन, छोटे परिवार के महत्व और जनसंख्या नियंत्रण के सिद्धांतों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से योजना का लाभ एक परिवार की अधिकतम दो बालिकाओं तक सीमित रखा गया है तथा परिवार में कुल बच्चों की संख्या भी दो से अधिक नहीं होनी चाहिए। हालांकि, प्रदेश सरकार ने संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण का परिचय देते हुए यह विशेष प्रावधान भी किया है कि यदि किसी परिवार में पहले प्रसव में एक बेटी है और दूसरे प्रसव में जुड़वां बेटियों का जन्म होता है, तो ऐसी असाधारण स्थिति में परिवार की तीनों बेटियों को योजना का संपूर्ण लाभ प्रदान किया जाएगा।

जनपद सोनभद्र में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे जिला प्रशासन द्वारा की जा रही त्वरित कार्यप्रणाली, नियमित समीक्षा और व्यापक जागरूकता अभियानों की महती भूमिका है। जिला प्रशासन द्वारा जनपद के समस्त विकास खंडों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों और सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में विशेष शिविरों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि कोई भी पात्र बेटी इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। प्रशासनिक स्तर पर प्राप्त होने वाले ऑनलाइन आवेदनों का पूरी पारदर्शिता एवं तत्परता के साथ समयबद्ध सत्यापन कर स्वीकृतियां प्रदान की जा रही हैं। चालू वित्तीय वर्ष में भी जनपद सोनभद्र के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इस योजना के प्रति जनता में अभूतपूर्व उत्साह और जागरूकता देखने को मिल रही है, तथा स्वीकृत आवेदनों के आधार पर निरंतर लाभार्थियों के खातों में धनराशि प्रेषित की जा रही है।

वास्तव में, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जनपद सोनभद्र में केवल एक वित्तीय सहायता कार्यक्रम मात्र नहीं है, बल्कि यह बालिकाओं के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्वावलंबन की एक नई एवं गौरवशाली गाथा लिख रही है। बेटियों के जन्म को एक उत्सव में बदलने से लेकर उनके हाथों में उच्च शिक्षा और आत्मनिर्भरता की डिग्री थमाने तक, प्रदेश सरकार की यह दूरदर्शी नीति सोनभद्र जिले को एक सशक्त, शिक्षित और समृद्ध जनपद बनाने की दिशा में नए एवं ऐतिहासिक आयाम स्थापित कर रही है। आज जनपद सोनभद्र की हजारों बेटियां प्रदेश सरकार के इस मजबूत संबल के साथ समाज में पूरे आत्मविश्वास से आगे बढ़ रही हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी अमूल्य व ऐतिहासिक भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं।

***लेखिका से0 नि0 सहायक निदेशक हैं।***

## विचार

# मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत पात्र बेघरों को मिल रहा आवास

*बी0 एल0 यादव*



समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है जब विकास की धारा उन लोगों तक भी पहुंचे जो लंबे समय तक मुख्यधारा से दूर रहे हैं। जिन परिवारों के पास रहने के लिए सुरक्षित घर नहीं होता, उनके सामने केवल आवास का संकट नहीं होता, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सम्मान जैसी अनेक चुनौतियां भी खड़ी होती हैं। इन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से उन वर्गों को प्राथमिकता दी है, जो वर्षों से आवास जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित रहे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा वर्ष 2018 में प्रारंभ की गई, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आज प्रदेश के लाखों जरूरतमंद परिवारों के जीवन में नई उम्मीद लेकर आई है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में संचालित यह योजना उन परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध करा रही है जो प्राकृतिक आपदाओं, गंभीर बीमारियों, सामाजिक और आर्थिक विषमताओं अथवा विशेष परिस्थितियों के कारण सुरक्षित आवास से वंचित थे।

इस योजना के अंतर्गत वनटांगिया, मुसहर, कोल, सहरिया, थारू, पछइया/गढ़इया लोहार, बैगा, चेरो, नट, बोक्सा, बंजारा, बांसफोर, बसोड़, धरकार, सपेरा, जोगी जैसे वंचित समुदायों के साथ-साथ दिव्यांगजन, कुष्ठ रोग से प्रभावित परिवार, कालाजार एवं जेई/एईएस से प्रभावित परिवार, प्राकृतिक आपदा पीड़ित तथा पति के मृत्योपरांत निराश्रित महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

योजना के शुभारंभ से लेकर वर्ष 2025-26 तक कुल 4.72 लाख आवासों का आवंटन किया जा चुका है, जिनमें से 4.55 लाख आवास पूर्ण हो चुके हैं। लगभग 93.36 प्रतिशत आवास पूर्णता यह दर्शाती है कि योजना केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारी जा रही है।

योजना के माध्यम से समाज के सबसे कमजोर वर्गों तक विकास का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है। अब तक 1.35 लाख से अधिक दिव्यांगजन, 1.07 लाख से अधिक प्राकृतिक आपदा प्रभावित परिवार, 74 हजार से अधिक निराश्रित विधवा महिलाएं, 50 हजार से अधिक मुसहर परिवार, 33 हजार से अधिक कोल समुदाय, करीब 10 हजार थारू परिवार सहित अनेक विशेष वर्गों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। यह आंकड़े सामाजिक न्याय के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए 1.16 लाख नए आवासों का बजटीय प्रावधान किया है। इनमें से 52 हजार आवासों का पंजीकरण पहले ही किया जा चुका है तथा शेष प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। साथ ही हाल ही में जारी शासनादेश के माध्यम से प्रदेश में निवासरत सभी जनजातियों को भी योजना की प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया है, जिससे अधिक से अधिक पात्र परिवार लाभान्वित हो सकें।

योजना के अंतर्गत कई जनपदों में क्लस्टर आधारित आवास निर्माण किया जा रहा है। खीरी, प्रयागराज, जौनपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, बलरामपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर तथा सोनभद्र जैसे जनपदों में विकसित हो रहे आवासीय क्लस्टर ग्रामीण क्षेत्रों में सुनियोजित विकास का नया मॉडल प्रस्तुत कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) केवल मकान उपलब्ध कराने की योजना नहीं है। यह सामाजिक सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का अभियान है। जब किसी गरीब परिवार को अपना पक्का घर मिलता है तो उसके बच्चों की शिक्षा बेहतर होती है, महिलाओं को सुरक्षित वातावरण मिलता है और परिवार का आत्मविश्वास बढ़ता है। यही परिवर्तन समाज के समग्र विकास की नींव बनता है।

उत्तर प्रदेश सरकार का उद्देश्य केवल आवास उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना भी है। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) इसी संकल्प का सशक्त उदाहरण है। यह योजना हजारों परिवारों के जीवन में नई आशा, नया विश्वास और सम्मानजनक जीवन का आधार बन रही है। यह योजना प्रदेश के प्रत्येक पात्र परिवार तक सुरक्षित आवास पहुंचाकर समावेशी, संवेदनशील और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

***लेखक से0 नि0 सहायक निदेशक हैं।***

साहित्य



## लोकतंत्र में प्रदर्शन

**संजय एम तराणेकर**

लोकतंत्र की राह में, विरोध का भी अधिकार,
पर हिंसा से धुंधला होता जनविश्वास अपार।
पत्थर, आग और तोड़फोड़, नष्ट करें विकास?
घायल होता देश तभी, टूटता हैं जन-विश्वास।

नारे हों तो सत्य के,स्वर भी हो संयम के साथ,
संवादों से ही खुलते हैं परिवर्तन पथ के द्वार।
कानून यदि निष्पक्ष रहे, न्याय का करें सम्मान,
तभी सुरक्षित रह सकेगी, संविधान की शान।

सत्ता हो या हो विपक्ष, सबका हो एक ही कर्म,
जनहित सबसे ऊँचा हो, यही सबका राष्ट्र-धर्म।
क्रोध नहीं, विवेक बने हरेक आंदोलन की जान,
शांति से जो लड़ते हैं, वही रचते नया इतिहास।





## राशिफल

**मेष:-** कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियों से विचार-विमर्श करें। नई व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छवि बनाएं। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं।

**कर्क:-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक ढंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन के लिये समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाएं याद आएंगी।

**तुला:-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्टा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिक:-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# महाराष्ट्र की दिंडी यात्रा का मध्यप्रदेश से सम्बन्ध

*गिरीश जोशी*

इस समय पूरे देश में भक्तिमय वातावरण दिखाई दे रहा है। हाल ही में जगन्नाथ पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू हुई। देश में भक्ति आंदोलन की परंपराओं में से एक आषाढ़ एकादशी पर भगवान विट्ठल के दर्शन हेतु पहुंचने वाली दिंडी यात्राएं भी महाराष्ट्र में शुरू हो गयी हैं। इस यात्रा की परंपरा हजारों वर्ष पुरानी है। लाखों लोग इस यात्रा में हर साल शामिल होते हैं।

महाराष्ट्र में आषाढ़ मास की एकादशी के अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान श्री कृष्ण के विट्ठल स्वरूप के दर्शन करने के लिए पंढरपुर पहुंचते हैं। पंढरपुर की इस यात्रा को वारि कहा जाता है। इस यात्रा में सभी भक्त पूज्य संतों के स्थान से उनकी पवित्र चरण पादुकाओं को पालकी में रख कर पैदल निकल पड़ते हैं। उसके आगे संतों द्वारा रचित अभंगों का गायन करते हुए वारकरी भक्त चलते हैं। इस शोभा यात्रा को दिंडी कहा जाता है। विगत आठ-नौ सौ वर्षों में वारकरी परंपरा का अनुसरण करते हुए अनेक बड़े-बड़े संत हुए हैं। खास बात यह है कि ये सभी संत समाज के अलग-अलग घटकों से निकले हैं, संत ज्ञानेश्वर द्वारा शुरू की गई इस परंपरा का अनुसरण करते हुए जिसमें खासतौर पर संत तुकाराम, संत एकनाथ, संत चोखा मेला, सन्त गोरा कुंभार, संत सेन महाराज, संत सावता माली, संत नरहरी सोनार जैसे संत हुए हैं। वारकरी संप्रदाय की एक विलक्षण आचार पद्धति है। जिसमें सभी बिना किसी भेदभाव के एक दूसरे के चरण छूते हैं। वे मानते हैं कि सभी प्राणियों के भीतर एक ही ईश्वर का अंश है। इसलिए वह आपस में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं रखते हैं। आज जब समाज में सामाजिक समरसता को बढ़ाने के लिए अनेक प्रकार के प्रयोग किए जा रहे हैं ऐसे समय में संत ज्ञानेश्वर महाराज द्वारा लगभग आठ सौ वर्ष पूर्व शुरू किया गया यह प्रयोग आज भी सफल है, निरंतर चल रहा है। जिस संत की समाधि पंढरपुर से जितनी दूरी पर है उतनी दूरी को पैदल चलकर पूरा करने में जितना समय लगता है उस समय के आधार पर दिंडी यात्राएं संतों के समाधि मंदिरों से निकलना शुरू होती है। सभी वारकरी भक्त अपने साथ केवल रोजमर्रा के लिए काम आने वाला सामान जैसे कुछ कपड़े, सहारे के लिए लकड़ी आदि लेकर चलते हैं। पूरे दिंडी मार्ग पर समाज द्वारा उनके भोजन, आवास आदि की व्यवस्था की जाती है, ये क्रम परपरागत रूप से अनेक वर्षों से चला आ रहा है। कुछ वर्षों पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने निर्मल वारी के नाम से एक सफल प्रयोग शुरू किया। इस यात्रा में लाखों की संख्या में भक्तजन एक ही निर्धारित मार्ग से चलते हैं, इसलिए मार्ग में किसी प्रकार का कचरा ना हो, गंदगी ना हो, प्रातः कालीन विधि के दौरान उत्सर्जित होने वाले मल का समुचित निस्तारण हो इसके लिए संघ के स्वयंसेवकों ने एक बड़ा अभियान चलाया जिसे बड़ी सफलता मिली है।

वर्तमान दिंडी यात्रा के स्वरूप का मध्यप्रदेश से संबंध है। मध्यप्रदेश में तत्कालीन सिंधिया स्टेट में हैबत राव पवार एक सेना अधिकारी थे, वे भगवान विट्ठल के अनन्य भक्त थे, संत ज्ञानेश्वर पर उनकी बड़ी निष्ठा और श्रद्धा थी। जब वे सेवानिवृत हुए तब उन्होंने पुनः अपने जन्म स्थान महाराष्ट्र में अरफल जाने की इच्छा महाराज के सामने रखी। महाराज ने उन्हें बड़ी धनराशि और सोने चांदी के जेवर आदि देकर सम्मान के साथ विदा किया।

रास्ते में एक स्थान पर जनजाति समुदाय की एक टोली ने उनका रास्ता रोका, धन संपत्ति को लूट लिया। इस झड़प में उनके साथ चल रहे अनेक सैनिक भी मारे गए। हैबत राव को एक गुफा में बंद कर दिया गया। जब वह गुफा में बंद थे तब उन्हें लगा कि अब यहीं उनका अंत होने वाला है। उन्होंने भगवान विट्ठल की प्रार्थना और संत ज्ञानेश्वर को हृदय की गहराई से पुकार लगना शुरू किया। ऐसा कहा जाता है कि संत ज्ञानेश्वर ने उस टोली के मुखिया की पत्नी को जिसे लंबे समय से संतान नहीं हो रही थी, के स्वप्न में आकर कहा कि यदि तूम मेरे इस भक्त को छोड़ देते हो तो तुम्हें संतान प्राप्ति होगी। उसने ये बात अपने मुखिया पति को बताई। टोली ने हैबत राव को छोड़ दिया। लेकिन इस बात का हैबत राव जी के मन पर बड़ा परिणाम हुआ और उन्होंने अपने गांव अरफल न जाते हुए संत ज्ञानेश्वर की संजीवन समाधि आळंदी जाने का निश्चय किया। यहां उन्होंने संत ज्ञानेश्वर की समाधि मंदिर की आजीवन सेवा की। सेना में रहने के कारण वे हर काम बड़े अनुशासन और व्यवस्थित पद्धति तरीके से करने के आदी थे। हर साल निकलने वाले दिंडी यात्रा के स्वरूप को देखकर उसे ज्यादा व्यवस्थित, अनुशासित और क्रमबद्ध करने का विचार उनके मन में आया ।

इसके लिए उन्होंने 1832 में दिंडी यात्रा के लिए भक्तों के चलने का क्रम तय किया। सबसे आगे भगवा ध्वज, बड़े मंजीरे जिन्हें मराठी में टाळ कहते हैं, फिर तंबोरा वादक, पालकी जिसमें संतों की चरण पादुकाएं रहेगी और पीछे सभी वारकरी भक्ति चलेंगे ये क्रम बनाया। इस यात्रा को शाही स्वरूप देने के लिए उन्होंने बेलगांव के सरदार शितोले से अनुरोध किया। उन्होंने पालकी को शाही स्वरूप देने के लिए रेशमी वस्त्र, हाथी और घोड़े और अनेक साजो सामान देना शुरू किया। आज लगभग 196 वर्षों के बाद भी दिंडी इसी स्वरूप में चलती हुई दिखाई देती है। हैबत राव के इस अनुपम कार्य के कारण आज श्रद्धालु उनको हैबत बाबा के नाम से याद करते हैं।

होलकर रियासत के जागीरदार श्री विसाजी लाम्भाते भगवान विट्ठल के परम भक्त थे और हर साल महाराष्ट्र के पंढरपुर की वारि में जाते थे। एक बार किसी कारण वे पंढरपुर नहीं जा सके, जिससे वे बड़े दुखी हुए। कहा जाता है उसी रात भगवान विट्ठल ने उनके स्वप्न में आकर दर्शन दिए और कहा कि वे स्वयं उनके पास आ चुके हैं और पास के ही एक कुंड में हैं। स्वप्न में दिखे स्थान से भगवान विट्ठलनाथ की स्वयं स्वयंभू मूर्ति को निकाला गया। पंढरपुर की तरह इंदौर में भी कान्ह और सरस्वती नदी के संगम के पास एक ऐसे स्थान को चुना गया जहाँ नदी अर्धचंद्राकार में मुड़ती है। इस कारण इंदौर के इस क्षेत्र को चंद्रभागा कहा जाने लगा। यहाँ भगवान विट्ठल जिन्हें पंढरीनाथ भी कहा जाता है के भव्य मंदिर का निर्माण महाराजा मल्हार राव होलकर द्वितीय के शासनकाल के दौरान 1811 से 1833 के बीच करवाया गया। इंदौर के शुकदेव शास्त्रीजी ने 1944 में दिंडी यात्रा शुरू की। इसी प्रकार से 1949 में श्री बापुराव धनावडे ने भी एक दिंडी यात्रा इंदौर में शुरू की। ये यात्राएं आज भी निकलती है। वर्ष 2006-07 में माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर (श्री गुरुजी) की जन्मशताब्दी वर्ष में समाज में समरसता स्थापित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम हो रहे थे। इसे कड़ी में दिंडी यात्रा को बड़ा स्वरुप देने का विचार कर समग्र मराठी समाज, मध्यप्रदेश मंच बनाकर बड़े पैमाने पर इंदौर में दिंडी यात्रा शुरू हुई। आगे चलकर ये यात्रा 2010 में भोपाल, 2013 में छिंदवाड़ा, 2015 में जबलपुर और गत वर्ष से उज्जैन में भी शुरू हुई है। मध्यप्रदेश में पंढरपुर की तर्ज पर ये यात्राएं निकाली जा रही हैं। इस तरह महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने की एक मुख्य कड़ी साबित हो रही है।

*(लेखक संस्कृति अध्येता और स्तंभकार हैं)*


**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने अपराधी को अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार



**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यज।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र/शराब/गांजा/जुआ की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार के निर्देशन में थाना कुलपहाड़ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। बताया है कि प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा गठित टीम उ.नि. योगेश रावत, कां. विक्की चौधरी व कां. मनोज कुमार द्वारा कस्बा कुलपहाड़ स्थित बागौल तिराहे के यात्री प्रतिक्षालय से 1 नफर अभियुक्त सचिन्द्र यादव पुत्र उत्तम सिंह यादव उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 1 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 1 अदद कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना कुलपहाड़ पर मुअसं. 163/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में कई अभियोग पंजीकृत है।

### तीनों तहसील में भाकियू महात्मा टिकैत संगठन ने दिया ज्ञापन



**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत संगठन के जिलाध्यक्ष मधुसूदन तिवारी, युवा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह के नेतृत्व मे तीनों तहसीलों में किसान व छात्र, छात्राओं की समस्याओं व जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान बर्बता तथा कृषि संबंधी अनेकों समस्याओं से संबंधित राष्ट्रीय आह्वान पर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से एम एस पी गारंटी कानून तथा स्वामी नाथन रिपोर्ट को लागू करने, बिजली कटौती, नहरों में पानी, समितियों में सचिवों द्वारा बार-बार धरना प्रदर्शन,-आंदोलन के बावजूद सुधार न होना,दस वर्ष से अधिक जिन समितियों में सचिवों का समय हो चुका है,उनका स्थानांतरण अन्य सहकारी समिति में किया जाये। अन्ना पशुओं, नीलगाय व बंदरों से किसानों को निजात मिले, तथा आलू किसानों को कोल्ड स्टोरेज में भाड़े में सरकार द्वारा राहत प्रदान की जाये, किसानों के बच्चों पर पेपर लीक पर जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन को कुचलने,व बर्बरतापूर्ण पुलिस प्रशासन एवं सरकार द्वारा षड्यंत्र रचकर आतंकवादी की तरह बेरहमी से लाठी चार्ज,की स्वयं संज्ञान लेकर सुप्रीम कोर्ट को हस्ताक्षेप कर करोड़ों बेटे - बेटियों को न्याय दिलाने सहित तमाम किसानों की समस्याओं को हल किये जाने की मांग की गई। बिंदकी में मन्त्रीलाल मंडल सचिव, तहसील अध्यक्ष, याकूब, मुशीर,खागा में जिला महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी, अखिलेश, तहसील अध्यक्ष विजय सिंह चौहान सहित आधा सैकड़ा लोग मौजूद रहे।

### मंदिर पर रामायण पाठ को लेकर दो पक्षों में संघर्ष, पुलिस ने की कार्रवाई



**रामपुरा (जालौन)।** रामपुरा थाना क्षेत्र के ऊमरी नगर में मंदिर पर रामायण पाठ को लेकर दो पक्षों में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त विवरण के अनुसार रामपुरा थाना क्षेत्र के ऊमरी नगर में वार्ड क्रमांक 2 के विलौहां मोहल्ला स्थित हनुमान जी के मंदिर पर अशोक कुमार दुबे पुत्र फिरंगीलाल दुबे निवासी बिलौहां मोहल्ला ऊमरी रामचरितमानस का अखंड पाठ कराने के लिए पूजन करा रहे थे इस दौरान मंदिर के पास रहने वाले अरविंद कुमार दुबे पुत्र राजेंद्र कुमार दुबे ने मंदिर एवं मंदिर के आसपास की जमीन को व्यक्तिगत बताते हुए रामचरितमानस के पाठ को करने देने से मना किया इस विषय पर दोनों पक्षों में होने वाला विवाद मारपीट तक पहुंच गया। अशोक कुमार दुबे की पुत्री लक्ष्मी ने रामपुरा थाना पर दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि शुक्रवार 24 जुलाई को सुबह 8 बजे जब वह अखंड रामायण पाठ के लिए पूजन कर रही थे इसी दौरान अखिल व निखिल पुत्रगण अरविंद कुमार दुबे मौके पर आ गए एवं उसके साथ अभद्र बातचीत करते हुए उसको पकड़ कर अपने घर में खींच ले गए। जब लक्ष्मी की मां मंगला देवी एवं पिता अशोक ने उसे बचाने का प्रयास किया तो उन लोगों के साथ भी गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष से पूनम पत्नी अरविंद कुमार दुबे ने अपने प्रार्थना पत्र में मंगला पत्नी अशोक कुमार, शिल्पी पत्नी शैलेंद्र व लक्ष्मी पुत्री अशोक कुमार तथा अशोक कुमार पुत्र फिरंगी लाल पर झगड़ा तथा मारपीट करने का आरोप लगाया है।

**मंदिर को लेकर दो पक्षों में चला आ रहा एक दशक से विवाद:** झगड़े का मूल कारण मोहल्ले में बना हनुमान जी शंकर जी का मंदिर है जिस पर अरविंद कुमार अपनी निजी जगह में बना होने का दावा ठोकते हुए मंदिर को व्यक्तिगत संपत्ति बता रहे हैं वही दूसरी ओर अशोक कुमार ने मंदिर को सार्वजनिक संपत्ति बताते हुए उसे अपने द्वारा बनवाए जाने का दावा प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में 10 वर्ष पूर्व भी दोनों पक्षों में वाद विवाद हुआ था जिसका लिखित समझौता हुआ जिसमें मंदिर को सार्वजनिक संपत्ति माना गया है। रामपुरा थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों के आधार पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शिव प्रकाश सिंह में स्पष्ट कहा कि दंगा करने का प्रयास एवं कानून तोड़ने की किसी को इजाजत नहीं है।

### कुठौंद पुलिस ने फिर एक वारंटी को पकड़ पहुंचाया जेल

**कुठौंद (जालौन)।** फरार और वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कुठौंद थाना पुलिस ने गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी जालौन के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कुठौंद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जालौन की अदालत से परिवाद संख्या 2154/18, धारा 33एफसरकार बनाम रामजी शुक्ला प्रकरण में जारी गैर-जमानती वारंट के अनुपालन में ग्राम नौरेजपुर निवासी राजू गौर उर्फमदन मोहन (56) पुत्र लल्लू गौर को शुक्रवार को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी न्यायालय में लगातार अनुपस्थित चल रहा था, जिसके चलते उसके खिलाफएनबीडब्ल्यू जारी किया गया था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी और कांस्टेबल प्रवीण राज शर्मा शामिल रहे।

# आक्रोशित महिला आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों ने किया प्रदर्शन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज।**



महिला आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष रेहाना परवीन के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें इन लोगों ने आरोप लगाया कि 21 जुलाई को आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री पूनम देवी पत्नी भूराराम निवासी पिलखनी थाना कल्याणपुर को ड्यूटी के दौरान डंडों से मारा पीटा गया। जिस पर पूनम देवी के सिर पर गंभीर चोटें आई थी व हाथ में इतनी चोटें थी की हाथ तीन जगह से टूट गया और शरीर में भी तमाम चोटें आई जिस पर थाना कल्याणपुर में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। लेकिन आज तक अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं की गई और ना ही सरकारी कार्य में कार्य करने की धारा लगाई गई है। पूनम देवी का अभी भी सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस दौरान महिला आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के द्वारा यह कहा गया की 24 घंटे के अंदर अगर अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होती तो जिले भर के आंगनवाड़ी संगठन हड़ताल पर चला जाएगा और धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर विभा देवी, संगीता द्विवेदी, माया देवी, मीना देवी, कमला देवी, ममता देवी, मधु चौरसिया, गीता देवी, कमलेश कुमारी, विमला देवी, मुन्नी देवी, ललिता देवी, संगीता सिंह, रीना देवी, संध्या देवी, आरती देवी, करुणा शुक्ला, चंद्रकली, आशा देवी, सरोज देवी, लीलावती, गीता, रानी, रेखा देवी, माया देवी, सुधा तिवारी, शशिकला, गीता उत्तम, निर्मला देवी, उषा देवी, लक्ष्मी, सुनीता, अलका सहित बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रही।

## अपना दल यस सांस्कृतिक मंच की बैठक सम्पन्न




**फतेहपुर।** अपना दल एस कार्यालय में सांस्कृतिक मंच की समीक्षा बैठक आलोक पांडेय जिलाध्यक्ष सांस्कृतिक मंच की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव लाखन सिंह पटेल रहे विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल उपस्थिति रहे। जिसमें आलोक पांडेय द्वारा 26 कार्यकारणी सदस्य की घोषणा करते हुए अपना दल एस की नीतियों से अवगत कराया और पार्टी कार्यालय में हमेशा की तरह जन सुनवाई शिवांश पटेल व लाखन सिंह पटेल द्वारा की गई और सबंधित अधिकारी से बात करके फरियादी लोगों की शिकायतों का निपटारा कराया गया, इसके उपरांत जिले में मुख्य मंत्री के आगमन की तैयारी के विषय पर चर्चा करते हुए संगठन व पार्टी के पदाधिकारी साथियों को समय से पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु बोला गया जिसमे, बृजेश पाल जिला उपाध्यक्ष, योगेंद्र सिंह राणा जिला उपाध्यक्ष, शिवांश पटेल सदर विधान सभा अध्यक्ष दीपू पटेल जिलाध्यक्ष श्रम प्रकोष्ठ, गुलाब सिंह, राम खेलावन राठौर, रामप्रकाश लोधी, रोहित प्रजापति, मनोज कुमार सिंह, सुखराम, संजय कुमार, डॉ एन आर शर्मा, डॉ. सर्वेश पटेल, शिवकुमार, प्रदीप कुमार, आरिफ खान, अखिलेश जी, कैलाश सिंह, प्रदीप, कुलवंत सिंह, त्रिभुवन शर्मा, विनोद कुशवाहा, पप्पू वर्मा मीडिया सचिव, अभिनेष मौर्य आदि कार्यकर्ता रहे।

## किसान का बेटा बना दरोगा, पूरे गांव में खुशी का माहौल

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड के ग्राम महुआ इटौरा निवासी रजनीश कुमार पुत्र रविन्द्र राजपूत का उत्तर प्रदेश पुलिस में दरोगा (उप निरीक्षक) पद पर चयन होने से पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। सफलता की खबर मिलते ही परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों का उनके घर बधाई देने के लिए तांता लग गया। रजनीश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव स्थित स्वामी विवेकानंद शिक्षा संस्थान, महुआ से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कस्बा पनवाड़ी स्थित स्वामी विवेकानंद शिक्षण संस्थान से आगे की पढ़ाई पूरी की। सफलता के लिए उन्होंने लगातार छह वर्षों तक प्रयागराज में रहकर कठिन परिश्रम के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की। रजनीश के पिता रविन्द्र राजपूत ने बताया कि उनका परिवार खेती-किसानी पर निर्भर है। वे स्वयं खेती का कार्य करते हैं और उनकी पत्नी देवकुंवर भी खेतों में बराबरी से सहयोग करती हैं। रजनीश भी तैयारी के दौरान जब खेती का मौसम आता था, तब घर आकर बुवाई सहित अन्य कृषि कार्यों में परिवार का हाथ बंटाते थे। परिवार के पास लगभग 15 बीघा कृषि भूमि है। उन्होंने बताया कि रजनीश के छोटे भाई आशीष कुमार वर्तमान में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। रजनीश की इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को भी मेहनत और लगन के बल पर सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा मिली है। शुक्रवार को जय महाकाली फिलिंग स्टेशन महुआ द्वारा रजनीश कुमार के चयन पर सम्मान समारोह आयोजित किया जिसमें गोविन्द मुरारी रिछारिया डॉ प्रद्युम्न कुमार रिछारिया ने फूल माला पहना कर बधाई दी इस मौके पर योगेंद्र बृजेंद्र रविंद्र मुकेश कृष्णकांत सुरेश रणधीर अंजू आदि सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## सपा नेता ने अधिवक्ताओं को फूल माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज।**



पूर्व सैनिक तथा समाजवादी पार्टी नेता द्वारा अधिवक्ता संघ के लोगों तथा अन्य अधिवक्ताओं को किया गया सम्मानित इस मौके पर सपा नेता ने कहा कि अधिवक्ता समाज के पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने का काम करता है इसलिए समाज में अधिवक्ताओं का एक विशेष सम्मान है। जानकारी के अनुसार बिंदकी कस्बे के तहसील के अधिवक्ता सभागार कक्ष में शुक्रवार को दिन में करीब 3 बजे से आयोजित एक कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव एवं कुर्मी महासभा के जिलाध्यक्ष फौजी धर्मपाल सिंह पटेल ने अधिवक्ता संघ सहित तमाम अधिवक्ताओं को फूलमाला पहनाकर तथा शाल ओढ़ाकर एवं गमछा पहनाकर सम्मानित किया। समाजवादी पार्टी नेता फौजी धर्मपाल सिंह पटेल ने अधिवक्ता संघ तहसील बिंदकी के अध्यक्ष कल्याण सिंह यादव, महामंत्री प्रतिभा देवी पटेल, के अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता रामकरण सिंह चौहान आनंद शंकर वर्मा विप्र नारायण तिवारी लक्ष्मी शंकर यादव अशोक उत्तम अश्विनी मिश्र गिरजा शंकर वर्मा केजी वर्मा जगदीश निषाद रघुराज वर्मा महेंद्र यादव श्री राम सोनकर सुनील तिवारी प्रदीप वर्मा राजकमल नरेंद्र वर्मा बीरबल यादव सुरेंद्र कुमार रामदीनकैथल पारुल गुप्ता रमन सिंह कैलाश नाथ गोयल मोहित कुमार सुधीर यादव राकेश श्रीवास अखिलेश चंद्र तथा नवनीत पटेल को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सपा नेता धर्मपाल सिंह पटेल ने कहा कि अधिवक्ता न्याय दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है समाज में उनका एक विशेष सम्मान रहता है।

## पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

**एसपी ने दंगा नियंत्रण उपकरणों की जांच एवं अर्दली रूम में प्रकरणों की समीक्षा कर दिये निर्देश**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का विधिवत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस बल की अनुशासन, सजगता एवं कार्यकुशलता का गहन अवलोकन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल की शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता एवं परिचालन दक्षता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से टोलीवार दौड़ एवं विभिन्न ड्रिल कराई गई। परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारियों के सरकारी वाहनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण उपकरणों की उपलब्धता, गुणवत्ता एवं कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी उपकरण सदैव सुचारू स्थिति में उपलब्ध रहें तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु पूर्ण रूप से तैयार रहें। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश कक्ष में अर्दली रूम आयोजित किया गया, जिसमें अधीनस्थ कार्मिकों की पत्रावलियों का गहन अवलोकन करते हुए विभिन्न प्रकरणों का अनुश्रवण किया गया। लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों/कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ करें तथा जनसमस्याओं के समाधान में प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## 69वीं राज्य स्तरीय पुलिस प्रतियोगिता में महोबा का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने जीते दो रजत पदक, एसपी ने किया सम्मानित**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद महोबा के लिए गर्व का विषय है कि 69वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक वैज्ञानिक अनुसंधान, पुलिस फोटोग्राफी, डॉग स्क्वाड, कम्प्यूटर एवं एंटी सबोटाज चेक प्रतियोगिता-2026 में प्रयागराज जोन के अंतर्गत जनपद महोबा का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने अपनी प्रतिभा, दक्षता एवं पेशेवर कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक अर्जित किए, जिससे जनपद का नाम गौरवान्वित हुआ है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल विभाग का मान बढ़ाया है, बल्कि अन्य पुलिस कर्मियों के लिए भी प्रेरणा का कार्य किया है। इस उल्लेखनीय सफलता पर पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में निरीक्षक विनोद कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें नगद पुरस्कार (रिवॉर्ड) प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उत्साहवर्धन किया गया। बताया गया कि कि उक्त प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 13 जुलाई 2026 से 16 जुलाई 2026 तक कमिश्नरेट लखनऊ में किया गया था, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच जनपद महोबा के प्रतिभागी द्वारा प्राप्त यह उपलब्धि विशेष रूप से सराहनीय है पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त पुलिस कर्मियों को प्रेरित करते हुए निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु सतत प्रयासरत रहें एवं जनपद का नाम इसी प्रकार रोशन करते रहें।

## सीएम आज उरई को देंगे करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उरई दौरा जिले के लिए कई मायनों में अहम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री अपने करीब दो घंटे 10 मिनट के प्रवास के दौरान जिले को 1200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इस दौरान वह विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे साथ ही कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण करने के बाद विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर यातायात, मंच निर्माण और जनसभा स्थल की व्यवस्थाओं पर वरिष्ठ अधिकारी लगातार नजर बनाए हुए हैं। सूचना विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर दोपहर 12.40 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड पर उतरेगा। वहां से वे सड़क मार्ग से 12.45 बजे जिला खेल मैदान पहुंचेंगे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री सबसे पहले जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। समीक्षा के दौरान विशेष रूप से उरई, कालपी और माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में संचालित विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा होगी। विभिन्न विभागों के अधिकारी मुख्यमंत्री के समक्ष योजनाओं की स्थिति का प्रस्तुतीकरण देंगे। मुख्यमंत्री के दौरे का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा 1200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण है। प्रशासन के अनुसार इन परियोजनाओं में कई महत्वपूर्ण सरकारी भवन शामिल हैं। इनमें चार सरकारी भवनों के साथ सदर तहसील भवन का लोकार्पण भी किया जाएगा। इन परियोजनाओं के शुरू होने से जिले में प्रशासनिक सेवाओं, राजस्व व्यवस्था और आम नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं में सुधार आने की उम्मीद जताई जा रही है। समीक्षा और लोकार्पण कार्यक्रम लगभग दोपहर 1.45 बजे तक चलेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री जनसभा स्थल से उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। उनका संबोधन लगभग एक घंटे तक चलने की संभावना है।


## पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर बेटे ने की पिता से अभद्रता

**जालौन (उरई)।** पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर बेटे ने पिता के साथ अभ्रदता कर दी। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सूरजपुरा निवासी जगराम ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा अजय कुमार पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर अक्सर विवाद करता रहता है। उन्होंने कई बार समझाया कि समय आने पर वह बंटवारा कर देंगे। लेकिन वह बंटवारे को लेकर अक्सर उग्र हो जाता है। आरोप लगाया कि शुक्रवार की सुबह वह बंटवारे को लेकर विवाद कर रहा था, जब उन्होंने रोका तो अभद्रता करते हुए गाली, गलौज कर दी। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की है।

## बुंदेलखंड विकास निधि से चार गांवों में विकास कार्यों का शुभारंभ

**विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन ने किया भूमि पूजन**

**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



बुंदेलखंड विकास निधि (राज्यांश) योजना के अंतर्गत ग्राम सिंगटोली, मजीठ, ऊमरी नगर एवं बहादुरपुर में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन ने विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर निर्माण कार्यों की शुरुआत कराई। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता शीतल सिंह सेंगर, माटी कला बोर्ड के सदस्य नरेंद्र प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि महेश प्रताप सिंह राजावत, मंडल अध्यक्ष योगेश त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष (रामपुरा) संतोष प्रजापति, राजकुमार त्रिपाठी, हिमांशु चिरवरिया, अमर सिंह पाल, डॉ. मनोज तिवारी, शिवकुमार सिंह गौर, नंदन सेंगर, बेटू महंत, आनंद तिवारी, सोनू सिंह, रवि राजावत, बी.पी. कुशवाहा, आकाश कुशवाहा, ब्रह्मप्रकाश वर्मा, धर्मेंद्र राजावत, समर सिंह सेंगर, ह्रदेश सेंगर, शिवकुमार याज्ञिक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। भूमि पूजन के बाद विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकास कार्यों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निर्माण की उम्मीद जताई। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर बदमाश हुए घायल, दो को घेरकर पकड़ा

**असलहा, चोरी के उपकरण, नकदी, मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन बरामद**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



थाना कदौरा पुलिस एवं एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम ने बड़ी सफ्लता हासिल करते हुए चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चार अंतर जनपदीय शातिर चोरों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लगी जबकि दो अन्य को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध असलाह, चोरी के उपकरण, नकदी, मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार 21 जून 2026 को ग्राम बसरेही निवासी विमल सिंह के घर में चोरी की घटना हुई थी। पीड़ित की तहरीर पर थाना कदौरा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी के पर्यवेक्षण में घटना के खुलासे के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। थाना प्रभारी परमिंदर सिंह एवं एसओजी, सर्विलांस प्रभारी रिंकू सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस कार्रवाई के दौरान हुई मुठभेड़ में रिंकू राजपूत उर्फ डूमर तथा राघवेन्द्र राजपूत उर्फरग्घू के पैर में गोली लगी जबकि शैलेन्द्र यादव और अंकित राजपूत को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रिंकू राजपूत उर्फ डूमर,राघवेन्द्र राजपूत उर्फ रग्घू, शैलेन्द्र यादव तथा अंकित राजपूत शामिल हैं। रिंकू और राघवेन्द्र पर हमीरपुर, महोबा, जालौन एवं बांदा जनपदों के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट तथा गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस की पूंछतांछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 21 जून की रात ग्राम बसरेही में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे,चार जिंदा कारतूस,तीन खोखा कारतूस, ताला तोड़ने की रॉड, दो पेचकस, एक प्लास, बैग सहित पांच मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त एक चार पहिया वाहन तथा 50,270 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अलग-अलग अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सूचना

मेरे हाईस्कूल वर्ष 2014 जिसका अनुक्रमांक 1673503 का अंकपत्र प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। जिसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। मुझे अंकपत्र प्रमाण पत्र की द्वितीय कापी की आवश्यकता है। **स्वतंत्र कुमार पुत्र होरीलाल राजपूत निवासी मोहल्ला दलमीर खां कस्बा शमसाबाद, तहसील कायमगंज, फर्रु0**

# उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने बालिका गृह का किया निरीक्षण

**उपाध्यक्ष ने महिलाओं से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दिये निर्देश**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

उपाध्यक्ष उप्र राज्य महिला आयोग अपर्णा यादव ने जनपद भ्रमण के दौरान विकास खण्ड हरचंदपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बालिकाओं के से वार्ता कर विद्यालय में मिल रही सुविधाओं/व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा बालिकाओं के साथ भोजन भी किया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के लिए बेहतर सुविधाओं और शिक्षा प्रदान की जाए। तत्पश्चात उपाध्यक्ष द्वारा विकास खण्ड हरचन्दपुर के प्यारेपुर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया जहां पर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा आंगनबाड़ी केन्द्र पर उपाध्यक्ष द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया तथा केन्द्र पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके पश्चात महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना के लाभ व महिला आयोग के हेल्पलाइन नंबर 1800-180-5220 सहित अन्य योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिलाए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान उन्होंने जन सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, वैवाहिक समस्या, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा व रोजगार आदि संबंधी शिकायत सुनी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित महिलाओ को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि महिलाओं के उत्पीड़न व महिला से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से किया जाये तथा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत व ग्रामीण स्तर पर कराया जाये। जिन प्रकरणों में अभी कार्यवाही लंबित है उन्हें भी आयोग के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं न्याय सुनिश्चित करना राज्य महिला आयोग की प्राथमिकता है और किसी भी पीड़िता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। जिससे बच्चों को योजनाओं की जानकारी हो और वह घर जाकर अपने माता पिता को उन योजनाओं की जानकारी दे और वह उसका लाभ उठा सकें। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान, एसएचओ महिला थाना पुष्पा शर्मा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशी सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी वीरेन्द्र पाल, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर शैफाली सिंह, जेण्डर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, काउंसलर श्रद्धा सिंह, अर्चना सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने किया तीन चोरों को गिरफ्तार, बाइक बरामद

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सफदरगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने परचून की दुकान में ताला तोड़कर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान,नकदी और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।थाना सफदरगंज पुलिस ने शुक्रवार को बबुरिहा जाने वाले मार्ग पर सेमरी मोड़ के पास से पवनसुत पुत्र मुन्नू, आशीष पुत्र रामकिशोर यादव निवासी ग्राम प्यारेपुर सरैया थाना सफदरगंज तथा दीपचन्द पुत्र लल्लू निवासी ग्राम चाँदपुर थाना रामनगर को गिरफ्तार किया।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया एक सीसीटीवी कैमरा, विभिन्न प्रकार की परचून एवं खाद्य सामग्री, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल संख्या यूपी 41 बीक्यू 3266, एक लोहे की रॉड तथा चोरी की रकम में से 3,000 रुपये नकद बरामद किए हैं।पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 21 जुलाई 2026 की रात ग्राम पंडरी स्थित एक परचून की दुकान का ताला तोड़कर चोरी की थी। इस संबंध में थाना सफदरगंज में मु.अ.सं. 304/2026 के तहत धारा 305(ए) एवं 317(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## आज दिशा समिति की बैठक करेंगे सांसद

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। कांग्रेस जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि सांसद किशोरी लाल शर्मा आज जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। जिसमें सड़क, विद्युत, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन सहित अन्य प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। सांसद जी अधिकारियों से विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देंगे, ताकि योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। बैठक के उपरांत सांसद जी क्षेत्र भ्रमण पर निकलेंगे और विभिन्न स्थानों पर स्थानीय नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनेंगे।

# शत प्रतिशत उपस्थिति पर शिक्षिका ने बच्चों को दी चाकलेट



**बच्चे हुए खुश और मगन होकर कर रहे है पढ़ाई**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में अनेक ऐसे प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं जिनके शिक्षकों ने निजी अभिरुचि तथा निजी संसाधनों के उपयोग से विद्यालय में उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण सृजित किया है और ऐसे विद्यालय की बौद्धिक संपदा किसी मांटेसरी के समानान्तर और अधिक भी हो जा रही है।

ऐसे शिक्षक पढ़ाई की विशेष तकनीक का प्रयोग करके बच्चों को रुचिकर शिक्षा खेल-खेल में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। जिस कारण ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को भी अच्छी शिक्षा के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इसी तरह एक शिक्षिका काजल वर्मा हैं जो कि विकास खण्ड मसौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय इचौलिया में तैनात हैं। शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय की कक्षा एक में नामांकित सभी छात्रों की उपस्थिति से काजल वर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त की और सभी बच्चों को एक एक चॉकलेट वितरित की। काजल वर्मा ने इससे पूर्व भी अपने निजी संसाधन से बच्चों के लिए बैठकर पढ़ने वाली कई मेजें खरीदकर दान किया था। तब भी अनेक सामाजिक संस्थाओं ने शिक्षिका काजल वर्मा की प्रशंसा की थी और सम्मानित भी किया था। काजल वर्मा ने बताया कि नौकरी करना एक अलग बात है किंतु शिक्षक होकर काम करना एक अलग बात है। शिक्षक कार्य राष्ट्र का शैक्षिक सांस्कृतिक निर्माण है। बच्चों को ज्ञान देते हुए उन्हें कुशल बनाते हुए बहुत मजा भी आता है और गर्व की अनुभूति भी होती है कि हम सिर्फ टीचर या शिक्षक नहीं बल्कि गुरु की भूमिका का निर्वहन उत्कृष्टता के साथ कर पा रहे हैं।

# अज्ञात कारणों के चलते छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के पेचरुआ गांव में अज्ञात कारणो के चलते 14 वर्षीय छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। गांव निवासी कुलदीप मिश्रा उर्फ दीपक की 14 वर्षीय पुत्री सृष्टि मिश्रा ने शुक्रवार को दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे का दरवाजा अंदर से बंद करके फांसी के फंदे से लटक गई। काफी देर तक पुत्री के दिखाई ना पड़ने पर परिजन जब दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे के बाहर पहुंचे और खिड़की से झांक कर देखा तो उनके होश उड़ गए अंदर उनकी पुत्री फांसी के फंदे से लटकी हुई थी। आनन फानन में दरवाजा तोड़कर छात्र को फांसी के फंदे से नीचे उतरकर पर जनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा किशोरी को मृत्यु घोषित कर दिया गया। आत्महत्या की सूचना पाकर अस्पताल पहुंची पुलिस में सबको अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# बाढ़ राहत चौकी सनावा में एसडीएम ने लगाई चौपाल

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



बाढ़ राहत चौकी सनावां में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार डॉ. अनुराग भी मौजूद रहीं। चौपाल में उपजिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित गांवों के ग्रामीणों से उनकी समस्याओं पर सीधी चर्चा करते हुए सनावां, कहारनपुरवा, पासिन टेपरा और सिरौलीगुंग सहित बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवों के ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने बाढ़ के समय आने वाली दिक्कतों और आपदा से बचाव के उपायों पर विस्तृत चर्चा की, साथ ही समस्याओं के समाधान पर भी बात की। तहसीलदार डॉ. अनुराग ने ग्राम प्रधानों और बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से अपील की कि बाढ़ आने पर तत्काल तहसील बाढ़ कंट्रोल रूम को सूचित करें। उन्होंने अपना मोबाइल नंबर भी साझा किया और कहा कि किसी भी आपात स्थिति में सीधे संपर्क किया जा सकता है। बाढ़ खंड की सहायक अभियंता साक्षी साहू ने बताया कि यदि कहीं नदी में कटान होती है, तो तुरंत विभाग या अवर अभियंता को सूचना दी जाए ताकि समय रहते कटान को रोका जा सके। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बाढ़ प्रभावित होने वाले गांवों पर राजस्व प्रशासन की कड़ी नजर है। उन्होंने बताया कि बाढ़ चौकियों पर लगातार चौपाल लगाकर लोगों को आपदा से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। इस अवसर पर बाढ़ विभाग के अवर अभियंता सौरभ वर्मा, ग्राम प्रधान राम बक्श यादव, प्रधान रामहेत बाढ़ क्षेत्र के समस्त राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### मछली पकड़ने गया युवक लापता, पुलिस ने शुरू की तलाश




अमेठी, समृद्धि न्यूज़। विकास खण्ड जगदीशपुर के निहालगढ़ स्थित गुढाही मोहल्ला निवासी मोहम्मद वसी पुत्र मोहम्मद इलियास गुरुवार देर शाम सथिन क्षेत्र में गोमती नदी में मछली पकड़ने गया था लेकिन संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों के मुताबिक, मोहम्मद वसी घर से गोमती नदी में मछली पकड़ने की बात कहकर निकला था। देर रात तक उसके घर वापस नहीं लौटने पर परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बावजूद जब उसका कोई पता नहीं चला तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों से पूछताछ शुरू की। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश तेज कर दी है। स्थानीय लोगों के सहयोग से गोमती नदी और आसपास के क्षेत्रों में सघन खोज अभियान चलाया जा रहा है। फिलहाल युवक के लापता होने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। वहीं परिजन युवक के सकुशल मिलने की उम्मीद में लगातार तलाश अभियान में जुटे हुए हैं।

### रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी ने ली परेड की सलामी



अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार को परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय व जनपद के विभिन्न थानों व शाखाओं के अधिकारी कर्मचारीगण सम्मिलित हुये। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं अच्छी वर्दी धारण करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का मुआयना करते हुए बैरक, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आदि के निरीक्षण किया गया तथा 112-पीआरवी व थानों के वाहनों में आवश्यक भीड़ व दंगा नियंत्रण उपकरणों को चेक किया गया तथा किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु पुलिस बल को बलवा ड्रिल का अभ्यास कराते हुए प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्वेताभ भास्कर, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### हाउस अरेस्ट हुए सपा नेता पप्पू सिद्दीकी



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। समाजवादी पार्टी के युवा नेता पप्पू सिद्दीकी को बीती रात हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। दिल्ली में प्रस्तावित आंदोलन के समर्थन में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के नेतृत्व में लखनऊ में होने वाले कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पप्पू सिद्दीकी के शामिल होने की भनक लगते ही सक्रिय हुई कोतवाली पुलिस बीती रात 12:00 बजे उनके कस्बा हैदरगढ़ के कोठी वार्ड स्थित आवास पर पहुंच गई और उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। जब इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए हाउस अरेस्ट किया गया था।

# गांव का रास्ता कीचड़ में तब्दील, आवागमन ठप

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



**स्कूल जाने वाले बच्चे, मरीज व महिलाएं रोजाना इसी बदहाल रास्ते से होकर जाने को है मजबूर**

विकासखंड बनीकोडर के अंतर्गत खेवराजपुर में बरसात ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गांव को नेशनल हाईवे से जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य मार्ग इन दिनों कीचड़, जलभराव और गंदगी से पूरी तरह पट गया है। इससे ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों, महिलाओं और किसानों को रोजाना इसी बदहाल रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण हल्की बारिश में भी पानी भर जाता है। लगातार बारिश के बाद मार्ग दलदल में बदल गया है। कई जगह फिसलन इतनी ज्यादा है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। आए दिन लोग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन अब तक समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत की ओर से इस मार्ग के निर्माण और मरम्मत को लेकर लगातार अनदेखी की जा रही है। गांव का यह मुख्य संपर्क मार्ग वर्षों से बदहाल है, लेकिन विकास कार्य यहां तक नहीं पहुंच सके हैं। जबकि यह गांव नेशनल हाईवे से महज कुछ दूरी पर स्थित है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर तत्काल सड़क की मरम्मत कराई जाए और जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए, ताकि बरसात के मौसम में लोगों को राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# मारफीन व चोरी के मेंथा ऑयल के साथ चार गिरफ्तार

**बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बड्डूपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।पुलिस टीम ने चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 100 ग्राम मारफीन, चोरी का तीन लीटर पिपरमेंट तेल,3,100 रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त एक मारुति कार बरामद की है।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सुजीत कुमार कश्यप पुत्र राजकुमार कश्यप, अमित रावत पुत्र मिश्रीलाल रावत, संदीप कश्यप पुत्र मतीलाल तथा विशाल सोनी पुत्र विजय सोनी के रूप में हुई है। पुलिस ने इन्हें रीवा-सीवा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का पिपरमेंट तेल, नकदी तथा वारदात में प्रयुक्त मारुति कार यूपी-32 क्यूबी-7964 बरामद हुई।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त अमित रावत के कब्जे से 100 ग्राम मारफीन भी बरामद हुई।इस संबंध में थाना बड्डूपुर पर मुअसं 289/2026 के तहत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने कई चोरी की घटनाओं का खुलासा किया। उन्होंने स्वीकार किया कि 17 जुलाई 2026 की रात थाना बड्डूपुर क्षेत्र के ग्राम गौरबारी स्थित एक मकान से पिपरमेंट का तेल चोरी किया था।

## उर्वरक उपलब्धता पर किसान नेत्री ने की कृषि अधिकारी से भेंट

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जनपद में किसानों की समस्याओं को लेकर उनके त्वरित समाधान एवं खरीफ फसल के दौरान किसानों को हो रही उर्वरक आपूर्ति की कमी को लेकर शुक्रवार को जन कल्याण समिति अध्यक्ष किसान नेत्री रीता सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जिला कृषि अधिकारी देवेन्द्र सिंह निरंजन से मुलाकात की। किसान नेत्री का कहना है कि जिले में धान की रोपाई अंतिम चरण में चल रही है और अभी भी किसानों को उर्वरक की आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि कुछ तकनीकी कारणों के चलते किसान सहकारी समितियों का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि सहकारी समितियों का सर्वर विगत कई दिनों से खराब चल रहा है और कई किसानों के आधार व खतौनी में त्रुटि होने से उनकी फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है जिससे किसान परेशान हैं और बार बार समिति का चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान निकालते हुए मशीन का सर्वर ठीक कराकर उचित समाधान कराने की अपील की है। जिला कृषि अधिकारी देवेंद्र सिंह निरंजन ने आश्वासन दिया है कि जांच कराकर जल्द समाधान कराया जाएगा।

# सरकारी जमीनों पर चला बुलडोजर कई गांवों में हटा अवैध कब्जा

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।**

तहसील क्षेत्र तिलोई में सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन ने विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। तहसील प्रशासन की टीम ने कई गांवों में पहुंचकर सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाया, जिससे अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान ग्राम रामपुर पांवरा में होलिका दहन के लिए आरक्षित सरकारी भूमि पर मकान और दुकान बनाकर रह रहे हनुमान पाल को नोटिस जारी किया गया। प्रशासन ने उन्हें एक सप्ताह के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाकर भूमि खाली करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय सीमा के बाद प्रशासन स्वयं कार्रवाई करेगा और कार्रवाई का पूरा खर्च संबंधित कब्जाधारी से वसूला जाएगा। वहीं विकासखंड सिंहपुर की ग्राम पंचायत खेखरुआ में लखनऊ हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्मित बाउंड्रीवाल पर बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग और पुलिस बल की मौजूद रही। इसके अलावा ग्राम सीतापुर मजरे दादूपुर में नवीन परती की सरकारी भूमि पर किए गए लगभग 10 बिस्वा अस्थायी अतिक्रमण को भी प्रशासन ने हटवा दिया। इस अभियान का नेतृत्व तहसीलदार तिलोई अभिषेक यादव ने किया। उनके साथ राजस्व विभाग की टीम तथा पुलिस बल मौजूद रहा।

# स्कूलों में वन विभाग ने कराया पौधरोपण



**बनीकोडर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

सरकार एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संचालित वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत सौरभ शिक्षा सदन हाई स्कूल, देवीगंज चौराहा, सूरजपुर, जनपद बाराबंकी में विद्यार्थियों के बीच पौधों का वितरण प्रारम्भ किया गया। अभियान के प्रथम चरण में शुक्रवार को 255 पौधों का वितरण किया गया। विद्यालय परिवार ने इस वर्ष कुल 1100 पौधों के रोपण एवं संरक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया है। शेष विद्यार्थियों को आगामी चरणों में 25 जुलाई, 27 जुलाई एवं 28 जुलाई को पौधों का वितरण किया जाएगा। 26 जुलाई को अवकाश होने के कारण उस दिन वितरण नहीं होगा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे अपने माता-पिता के सहयोग से प्राप्त कर पौधों को उसी दिन उचित स्थान पर रोपित करें, उनकी सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था करें तथा पौधे के साथ अपना छायाचित्र विद्यालय के व्हाट्सऐप समूह में साझा करें, जिससे प्रत्येक पौधे के रोपण एवं संरक्षण का अभिलेख सुरक्षित रखा जा सके।

विद्यालय परिवार ने इस जनहितकारी अभियान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एवं वन विभाग के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। यदि प्रत्येक विद्यार्थी एक पौधे को वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखे, तो समाज में हरित क्रांति का सपना साकार हो सकता है।

## अदालती सूचना

**अदालती नोटिस हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय महोदय, बाराबंकी**

वाद सं0- टी 202604120120871
तारीख पेशी 27.07.2026

**कौशल किशोर आदि बनाम संजय कुमार सिंह**
**संजय कुमार सिंह पुत्र रणविजय बहादुर सिंह निवासी तिवारीपुरवा मजरे बस्ती देवां बाराबंकी**

चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थीजन ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन 2026 के 07 के 27 दिवस को 10:00 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 2026 के दिवस को निकली गई।

न्यायाधीश

# शिव मंदिरों में हो विद्युत व्यवस्था के व्यापक प्रबंध : डीएम



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी श्रावण मास के दृष्टिगत जनपद के प्रमुख शिव मंदिरों एवं मेला स्थलों पर विद्युत सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के प्रमुख शिव मंदिरों, यथा श्री लोधेश्वर महादेवा, श्री अवसानेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य ऐसे धार्मिक स्थलों, जहां श्रावण मास में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन हेतु आते हैं, वहां परिसर में स्थापित सभी विद्युत खंभों को आवश्यक ऊंचाई तक प्लास्टिक अथवा अन्य उपयुक्त इंसुलेटिंग सामग्री से सुरक्षित किया जाए। साथ ही विद्युत खंभों के आसपास कहीं भी गड्ढे न हों, जिससे वर्षा के दौरान पानी का जमाव न हो और विद्युत दुर्घटनाओं की संभावना समाप्त की जा सके।उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिर परिसरों एवं मेला क्षेत्रों में लगने वाली सभी अस्थायी दुकानों का विद्युत सुरक्षा ऑडिट कराया जाए तथा विद्युत कनेक्शन, वायरिंग एवं अन्य व्यवस्थाओं की गहन जांच कर सभी सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं के साथ शिष्ट एवं सकारात्मक व्यवहार किया जाए तथा उनकी शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# बाइक चोर गिरोह का भण्डाफोड़, चार गिरफ्तार

**चोरी की 15 मोटरसाइकिलें बरामद**

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान ÷ऑपरेशन चक्रव्यूह÷ के तहत शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में गौरीगंज, जामो पुलिस तथा स्वाट एवं सर्विलांस टीम द्वारा दो मोटरसाइकिलों पर सवार 4 अभियुक्तों दिनेश कुमार अग्रहरि पुत्र रामनरेश अग्रहरि निवासी ग्राम रैसी मजरे मूंघी थाना जामो, मो. वासिद पुत्र नियामत अली निवासी सूखी बाजगढ़ थाना जामो, मो. ताजीर उर्फ महताब पुत्र जान निवासी अजवगढ़ थाना जामो व फैसल खान पुत्र हसर मोहम्मद निवासी अजवगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि मो. ताजीर उर्फ महताब अपने साथी फैसल खान के साथ मिलकर मोटरसाइकिलें चोरी करके अपने साथी मो. वासिद को बेच देता है जिसे मो. वासिद कबाड़ी का काम करने वाले दिनेश अग्रहरि को पांच हजार रुपये में बेच देता है। दिनेश अग्रहरि खरीदी गयी मोटरसाइकिलों को अपने घर पर बने गोदाम में खोलकर इंजन चेचिस, टायर, रिम आदि अलग-अलग कर कानपुर ले जाकर बेच देता है। दिनेश अग्रहरि ने बताया कि चोरी की मोटरसाइकिलों के ज्यादातर पुर्जे अलग-अलग कर कानपुर ले जाकर बेच दिया है तथा 6 मोटरसाइकिलें व कुछ मोटरसाइकिलों के चेचिस, इंजन, पहिये अलग-अलग उसके घर में रखे हैं। दिनेश अग्रहरि के गोदाम से 6 मोटरसाइकिलें व 7 मोटरसाइकिलों के भारी मात्रा में अलग-अलग पुर्जे बरामद हुए हैं। यहाँ अभियुक्त संगठित रूप से मिलकर समान आशय से विभिन्न थानाक्षेत्रों से मोटरसाइकिलों की चोरी कर उनके कलपुर्जे अलग-अलग कर बेंचने के अभ्यस्त अपराधी है। बरामदगी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा 25,000/- रुपये पुरस्कार की घोषणा की गई है।

# वजीफा आवेदन में लापरवाही पर होगी जवाबदेही: सीडीओ

- प्रधानाचार्यों व नोडल अधिकारियों की कार्यशाला में दिए निर्देश
- पांच तक विद्यालय प्रोफाइल अपडेट करने के आदेश



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने कहा कि जनपद का कोई भी पात्र छात्र-छात्रा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब के लिए, संबंधित शिक्षण संस्थान और छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी जिम्मेदार होंगे। यह निर्देश उन्होंने विकास भवन के हर्षवर्धन सभागार में आयोजित कक्षा 9-10 एवं 11-12 के प्रधानाचार्यों और छात्रवृत्ति नोडल अधिकारियों की कार्यशाला में दिए।

सीडीओ ने कहा कि सभी विद्यालय पात्र विद्यार्थियों तक योजना की जानकारी पहुंचाकर अधिकतम आवेदन सुनिश्चित करें। कार्यशाला में बताया गया कि पूर्वदशम (कक्षा 9-10) तथा दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य एवं अल्पसंख्यक वर्ग के पात्र छात्र-छात्राओं को शासन की समय-सारिणी के अनुसार लाभ मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विद्यालय 22 जुलाई से 5 अगस्त तक छात्रवृत्ति पोर्टल पर अपनी प्रोफाइल का लॉक एवं अपडेट कार्य अनिवार्य रूप से पूरा करें। साथ ही पात्र विद्यार्थियों के आवेदन समय से भरवाकर उनका सत्यापन भी निर्धारित अवधि में कराया जाए। कार्यशाला में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के प्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, प्रधानाचार्यों और छात्रवृत्ति नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

## मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना 26 से शुरू

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** 26 जुलाई को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ करेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा से योजना की शुरुआत करेंगे, जिसका सीधा प्रसारण सभी जनपदों में होगा। इस अवसर पर पात्र शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड भी वितरित किए जाएंगे। राजकीय महिला महाविद्यालय, बांगर की प्राचार्य डॉ. रीतू सिंह ने बताया कि जिले में अब तक 29 शिक्षकों के कैशलेस कार्ड डाउनलोड हो चुके हैं। योजना के तहत राजकीय, सहायता प्राप्त, स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों तथा सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलेगी। योजना का संचालन साचिस के माध्यम से किया जाएगा।

## समाजसेवी परवेज उर्फ चंदन उमरा के लिए हुए रवाना

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी और हबीब पैलेस व हार्डवेयर के स्वामी परवेज उर्फ चंदन शुक्रवार को पवित्र उमरा यात्रा के लिए रवाना हुए। उनके साथ शहर के गणमान्य लोग हवाई अड्डे तक उन्हें विदा करने पहुंचे। परवेज उर्फ चंदन के उमरा पर जाने पर उनके शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। महबूब, सहीम सिपाही, अत्रू भाई, हसीब खान सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर बधाई दी और उनके सफल सफर की दुआ की।

इस मौके पर वरिष्ठ समाजवादी पार्टी के युवा नेता मुजफ्फर खान ने कहा कि ÷परवेज भाई हमारे बहुत ही अजीज दोस्त हैं। वह हमेशा समाजसेवा और लोगों की मदद के लिए आगे रहते हैं। अल्लाह ताला से दुआ है कि उनका उमरा का सफर आसान हो, उनकी इबादत कबूल हो और वह खैरियत से वापस लौटें। पूरे शहर को उन पर गर्व है। यात्रा से पहले परवेज उर्फ चंदन ने सभी जानने वालों से अपने लिए दुआ की अपील की। नगरवासियों ने भी उनके सुरक्षित सफर और कामयाबी की कामना की।

## कान्यकुब्ज पत्रकार समिति की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण 26 को

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** कान्यकुब्ज पत्रकार समिति – कन्नौज द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 26 जुलाई 2026 रविवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे एम.जे. पैलेस, मानपुर रोड, गोलकुआं में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान होंगे।
समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण, ऊर्जा राज्यमंत्री कैलाश राजपूत, पूर्व राज्यमंत्री/विधायक अर्चना पाण्डेय, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार। उ.प्र. शासकीय मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के अध्यक्ष हेमन्त तिवारी, वरिष्ठ संपादक अंशुमान तिवारी और उपराष्ट्रपति से सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार शिवा अवस्थी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

# निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण का पहला बैच एक अगस्त से शुरू

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

- प्रथम बैच में बीएमएस-प्रोजेक्ट मैनेजर और कंप्यूटर ऑपरेटर ट्रेड के लिए होगा प्रवेश

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (UPSDM) के अंतर्गत फोटेक सेवा संस्थान, कानपुर द्वारा उड़ान कैंपस, बनवारी नगर में 1 अगस्त से निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण का प्रथम बैच शुरू किया जाएगा। केंद्र प्रबंधक पल्लवी त्रिपाठी ने बताया कि इस योजना के तहत युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य है। प्रशिक्षण के दौरान बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम (बीएमएस)-प्रोजेक्ट मैनेजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, कंप्यूटर एवं आईटी स्किल्स, रिटेल सेल्स एसोसिएट, ब्यूटी एंड वेलनेस तथा इंग्लिश स्पीकिंग सहित विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षार्थियों को निःशुल्क अध्ययन सामग्री, आवश्यक टूल किट, सरकारी प्रमाण पत्र तथा रोजगार सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रथम बैच में बीएमएस-प्रोजेक्ट मैनेजर और कंप्यूटर ऑपरेटर ट्रेड के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इच्छुक 16 से 35 वर्ष आयु के युवक-युवतियां 29 जुलाई तक हाईस्कूल की अंकपत्र और आधार कार्ड की सत्यापित प्रतियां उड़ान कैंपस में जमा कर पंजीकरण करा सकते हैं। प्रवेश सीमित सीटों के कारण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9696967374 पर संपर्क किया जा सकता है।

## खेत मे अंकुरण न होने से किसान की मक्का फसल चौपट

**छिबरामऊ (कन्नौज)।** विशुनगढ़ क्षेत्र के गांव किला नगरिया निवासी किसान सुरेश चंद्र ने बीज की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कृषि विभाग से जांच और मुआवजे की मांग की है। किसान का आरोप है कि उन्होंने छिबरामऊ स्थित राहुल बीज भंडार से मक्का का बीज खरीदकर करीब साढ़े छह बीघा खेत में बुवाई की थी। बीज, जुताई और बुवाई पर लगभग 10 हजार रुपये खर्च हुए, लेकिन 14 दिन बीतने के बाद भी खेत में केवल इक्का-दुक्का अंकुर ही निकले। इससे पूरी फसल खराब हो गई और उन्हें लगभग 50 हजार रुपये से अधिक के नुकसान की आशंका है। किसान ने मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। वहीं, राहुल बीज भंडार के संचालक प्रवेश कुमार का कहना है कि यदि बीज में कोई कमी पाई जाती है तो इसकी सूचना संबंधित कंपनी को देकर जांच कराई जाएगी। उन्होंने किसान को बीज की कीमत वापस करने का आश्वासन भी दिया है।

## दिल्ली रवाना होने से पहले जिलाध्यक्ष को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तावित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना होने की तैयारी कर रहे ऐसा कल मंच के जिलाध्यक्ष राशिद रज़ा को गुरुवार देर रात पुलिस ने एहतियातन उनके आवास पर रोक दिया। पुलिस की मौजूदगी में संगठन के पदाधिकारियों से शांतिपूर्ण बातचीत हुई और किसी प्रकार का विवाद नहीं हुआ। संगठन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि ऐसा कल मंच कानून और संविधान का सम्मान करता है तथा प्रशासन के साथ पूरा सहयोग करेगा। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार आगे की रणनीति तय की जाएगी। राशिद रज़ा ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से शांति बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने तथा केवल संगठन की आधिकारिक सूचना पर भरोसा करने की अपील की। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह एहतियाती कदम उठाया गया। पूरे घटनाक्रम के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना या तनाव की सूचना नहीं मिली।

# प्राथमिक विद्यालय की रसोई के पास निकला चार फीट लंबा सांप, मची अफरा-तफरी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड क्षेत्र के नगला बलदेव स्थित प्राथमिक विद्यालय में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब विद्यालय की रसोई के सिंक के वेस्टेज पाइप में करीब तीन से चार फीट लंबा काला सांप दिखाई दिया। सांप को देखते ही शिक्षक और छात्र-छात्राओं में दहशत फैल गई।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रधानाध्यापक आकिल खान वास्ती ने तत्काल ग्राम प्रधान कंचन सविता और एआरपी योगेश यादव को सूचना दी। सूचना मिलते ही सपेरों को मौके पर बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ लिया गया, जिससे सभी ने राहत की सांस ली। इस दौरान प्रधानाध्यापक ने एहतियात बरतते हुए सभी बच्चों को एक कमरे में सुरक्षित बैठाकर शिक्षकों की निगरानी में रखा, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। सांप पकड़े जाने के बाद पूरे विद्यालय परिसर की भी सावधानीपूर्वक जांच कराई गई, लेकिन कोई अन्य सांप या विषैला जीव नहीं मिला। इसके बाद ही बच्चों की नियमित गतिविधियां शुरू कराई गईं। प्रधानाध्यापक ने बताया कि बरसात के मौसम में खेतों और झाड़ियों से सांप आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंच जाते हैं। विद्यालय परिवार ने समय पर सहयोग के लिए ग्राम प्रधान कंचन सविता, एआरपी योगेश यादव और सपेरों का आभार व्यक्त किया है।

## खबरें एक नजर में

### किसानों को 37.10 लाख रुपये के कृषि ऋण स्वीकृत



रामेंद्र सिंह चौहान
शाखा अध्यक्ष

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक की स्थानीय शाखा में प्रबंध समिति की महत्वपूर्ण बैठक शाखा अध्यक्ष रामेंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शाखा के कार्यों की समीक्षा की गई और 15 किसानों को कुल 37.10 लाख रुपये के कृषि ऋण स्वीकृत किए गए। बैठक के दौरान ऋण वितरण तथा ऋण वसूली की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। समिति ने अधिकारियों को लंबित ऋणों की वसूली में तेजी लाने तथा पात्र किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शाखा अध्यक्ष रामेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि बैंक का मुख्य उद्देश्य किसानों को आसान, पारदर्शी और समयबद्ध वित्तीय सहायता प्रदान करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऋण की नियमित वसूली बैंक की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। अधिकारियों को किसानों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर वसूली बढ़ाने तथा बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। यह बैठक कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने और किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने की दिशा में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है।

### आज जिला मुख्यालय पर आजाद समाज पार्टी देगी धरना



**छिबरामऊ, कन्नौज।** आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) ने जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की निंदा करते हुए 25 जुलाई को कन्नौज जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की है। पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने बताया कि शांतिपूर्ण धरने के दौरान छात्रों पर हुए कथित बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज में सैकड़ों छात्र-छात्राएं घायल हुए। उन्होंने इस घटना को लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताते हुए दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की भी मांग की गई है। प्रभात गौतम ने कहा कि धरना-प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा, जिसमें दोषियों की बर्खास्तगी, निष्पक्ष जांच तथा छात्रों को न्याय दिलाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई जाएगी।

### पति-पत्नी के विवाद ने लिया हिंसक रूप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र की प्रेमपुर चौकी के गांव रामपुर-निगोह में पति-पत्नी के आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट में महिला के ससुर गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि राहुल प्रजापति और उनकी पत्नी आरती प्रजापति के बीच कहासुनी के बाद आरती ने अपने मायके पक्ष को सूचना दी। इसके बाद देर रात करीब 10:30 बजे चार पहिया वाहन और कई बाइकों से पहुंचे रिश्तेदारों ने राहुल के घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट की। घटना में राहुल के पिता रामबरन प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं राहुल की मां शशिबाला, बहन आरजू, भाई राजा और भाभी के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। शोर सुनकर ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया। सूचना पर डायल 112 और प्रेमपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। घायल रामबरन को उपचार के लिए ले जाया गया। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### समयबद्ध पूरे करें फैमिली आईडी के लंबित कार्य : सीडीओ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग एवं समन्वय समिति की बैठक में आधार, फैमिली आईडी और संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आधार नामांकन, बायोमेट्रिक अपडेट और सत्यापन से जुड़े सभी लंबित प्रकरण निर्धारित समय में निपटाए जाएं। 5 से 17 वर्ष के बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट तथा 0 से 5 वर्ष के बच्चों के आधार नामांकन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि यूडीआईएसई पोर्टल पर 64,919 बायोमेट्रिक अपडेट लंबित हैं। जून 2026 में जिले में 3,137 नए आधार नामांकन और 14,497 अपडेट किए गए। सीडीओ ने फैमिली आईडी निर्माण में ग्रामवार लक्ष्य तय कर अभियान चलाने और संचारी रोग नियंत्रण के तहत फॉगिंग, जलभराव की रोकथाम व स्वच्छता कार्य प्रभावी ढंग से कराने के निर्देश दिए।

### पुलिस अधिकारी बनकर की चार लाख की ठगी, रकम होल्ड

- व्हाट्सएप डीपी पर पुलिस अधिकारी की फोटो लगाकर बेटे की गिरफ्तारी का डर दिखवाया

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधिकारी की फोटो लगाकर व्हाट्सएप कॉल के जरिए होमगार्ड विभाग के कंपनी कमांडर से चार लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया। हालांकि साइबर थाना कन्नौज की त्वरित कार्रवाई से पूरी धनराशि सुरक्षित करा ली गई। पुलिस के अनुसार खिदिरपुर बाघ निवासी कंपनी कमांडर शिवप्रसाद को ठगों ने बेटे को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार करने का डर दिखाकर चार लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने साइबर थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी ध्यानेंद्र प्रताप सिंह और उनकी टीम ने बैंक व साइबर पोर्टल के माध्यम से तत्काल कार्रवाई कर पूरी राशि होल्ड करा दी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल पर गिरफ्तारी या कानूनी कार्रवाई का भय दिखाकर पैसे मांगने वालों के झांसे में न आएं और ऐसी स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी साइबर थाने से संपर्क करें।

# पीएम ने उप्र उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष को भेजा शुभकामना पत्र

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**





- पत्र में प्रधानमंत्री ने व्यापार जगत की भूमिका की सराहना करते हुए कहा उद्योग एवं व्यापार राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार हैं

छिबरामऊ, कन्नौज। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से एक शुभकामना एवं धन्यवाद पत्र प्राप्त हुआ है।

प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में देशवासियों के विश्वास और समर्थन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विकसित भारत के निर्माण में व्यापारियों, उद्यमियों एवं समाज के सभी वर्गों की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया है। प्रधानमंत्री ने पत्र में लिखा है कि देश की जनता के निरंतर विश्वास एवं समर्थन से केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें यह पत्र भेजते हुए प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है तथा उद्योग, व्यापार, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है।

पत्र में प्रधानमंत्री ने व्यापार जगत की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उद्योग एवं व्यापार राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार हैं। सरकार द्वारा एमएसएमई, विनिर्माण, निर्यात और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनसे व्यापारियों और उद्यमियों को नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। साथ ही वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सभी के सहयोग का आह्वान भी किया गया है। प्रधानमंत्री का यह पत्र मिलने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने इसे व्यापारियों के सम्मान और विश्वास का प्रतीक बताते हुए कहा कि व्यापार मंडल सदैव राष्ट्रहित, व्यापारी हित एवं सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित भाव से कार्य करता रहेगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में व्यापारी समाज अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मायके पक्ष ने पति समेत तीन पर लगाया हत्या का आरोप

कोतवाली क्षेत्र की उधरनपुर चौकी अंतर्गत ग्राम रुद्रापुर में 25 वर्षीय विवाहिता नीतू पत्नी विकास वर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू कर दी। मृतका के भाई विजय कुमार निवासी ग्राम घुसुआपुर, सिकंदरपुर और मां फूलमती ने आरोप लगाया कि पति, सास और ससुर ने नीतू के साथ मारपीट करने के बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। उनका कहना है कि घटना के बाद तीनों आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए। परिजनों के अनुसार उन्हें सुबह करीब साढ़े सात बजे नीतू की मौत की सूचना मिली, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे तीन मासूम बच्चे अनमोल (10 वर्ष), अंश (8 वर्ष) और नंदनी (4 वर्ष) को छोड़ गई है। बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बाईकों की आमने-सामने भिड़ंत में चार घायल

**इंदरगढ़/कन्नौज।** बाईकों की रफ्तार कई लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। ऐसी हो एक सड़क दुर्घटना में दो बाईकों की आमने सामने हुई भिड़ंत में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव हरौलपुर्वा गांव निवासी नितीश पुत्र राजेश उम्र 20 वर्ष, अवनीश पुत्र रावेंद्र कुमार उम्र 26 वर्ष, मनीष पुत्र रावेंद्र उम्र 25 वर्ष सहित एक अन्य युवक दो बाईकों पर सवार थे। जैसे ही चारों बाइक सवार इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कचाटीपुर गांव के निकट स्थित मधुवन गेस्ट हाउस के निकट पहुंचे, इसी दौरान बाईकों की असंतुलन के कारण आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। मामले की जानकारी पर उपरोक्त घायल के भाई सोनू द्वारा एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां उपरोक्त तीनों युवकों का उपचार जारी था। एक अन्य घायल युवक की हालत में सुधार होने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज से वापस भेज दिया गया था।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से महिला बनीं आत्मनिर्भर



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत सहजापुर में रामदास बाबा स्वयं सहायता समूह की सदस्य सीमा पत्नी योगेश को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत आटा चक्की मशीन उपलब्ध कराई गई। उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन राजकुमार लोधी और अग्रणी जिला प्रबंधक डॉ. रंजीत सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। अधिकारियों ने कहा कि योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। आटा चक्की से गांव में पिसाई की सुविधा मिलने के साथ महिला की आय बढ़ेगी। इसी समूह की सदस्य सोनी को पहले डीजे सिस्टम का लाभ भी दिया जा चुका है।

# 1531 बूथों पर सुना जाएगा मन की बात कार्यक्रम

- भाजपा बैठक में तैयारियों की समीक्षा
- कारगिल विजय दिवस और गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रमों की भी बनी रणनीति

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




कन्नौज। भाजपा की संगठनात्मक बैठक में 26 जुलाई को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम %मन की बात% के सफल आयोजन को लेकर रणनीति बनाई गई। जिला प्रवासी एवं भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि जनपद के सभी 1,531 बूथों पर कार्यकर्ता एवं आमजन सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुनेंगे। इसके लिए सभी बूथों पर समय से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में बूथ स्तरीय डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण अभियान की भी समीक्षा की गई। अनूप अवस्थी ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं, इसलिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने बताया कि 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर सभी बूथों पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी तथा शहीद परिवारों और पूर्व सैनिकों का सम्मान किया जाएगा। वहीं 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर भाजपा कार्यकर्ता मठों, मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर संत-महात्माओं एवं धर्माचार्यों का सम्मान करेंगे। बैठक में जिला महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, जीतू तिवारी, मुनीश मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# परेड में एसपी ने परखी पुलिस लाइन की व्यवस्थाएं

- दौड़, ड्रिल और शस्त्र अभ्यास कराया
- बैरक से कंट्रोल रूम तक किया निरीक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। परेड के बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। इसके साथ ही टोलीवार ड्रिल और शस्त्र अभ्यास भी कराया तथा ड्रिल में और सुधार लाने के लिए प्रभारी पुलिस लाइन को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद एसपी ने परिवहन शाखा का निरीक्षण कर वाहनों की स्थिति की जानकारी ली। वहीं जीडी कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, पुलिस कैंटीन, बैरक, स्टोर रूम, भोजनालय, कंट्रोल रूम, जिम और यूपी-112 कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई, अनुशासन और अभिलेखों के रखरखाव को लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# कारगिल के वीरों का शौर्य देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत : कर्नल रोहित भटारा

- वीर सैनिकों व वीर नारियों का होगा सम्मान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में 25 जुलाई को सुबह 11 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में गरिमामय समारोह आयोजित किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल रोहित भटारा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दि सिखलाई रेजीमेंट, फतेहगढ़ द्वारा अमर जवान ज्योति पर रीथ लेइंग (पुष्पचक्र अर्पण) से होगी। इसके बाद कारगिल युद्ध में अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय देने वाले वीर सैनिकों, वीर नारियों और शहीदों के आश्रितों को सम्मानित किया जाएगा। कर्नल भटारा ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के शौर्य, त्याग, राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने जनपद के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, शहीद परिवारों तथा आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में शामिल होकर वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने और युवा पीढ़ी में राष्ट्रसेवा व देशभक्ति की भावना जागृत करने की अपील की गई है।

# प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत, अस्पताल सील

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित मदर केयर हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गयी। जिस पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम भिजवाया। वहीं इस मामले में जिलाधिकारी सख्त दिखायी दी। कुछ मौके पर पहुंची और सीएमओ को कार्यवाही के निर्देश दिये। जिस पर अस्पताल को सील कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के नवादा सिरौली गांव निवासी रोहित की 21 वर्षीय पत्नी शिवानी उर्फगोल्डी को गुरुवार देर शाम प्रसव पीड़ा होने पर परिजन आवास

**▸ डीएम ने पहुंचकर घटना की ली जानकारी**

विकास स्थित मदर केयर हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे। वहां भर्ती कर लिया गया था।

मृतका के ससुर जोहरी लाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 4:20 बजे शिवानी ने बच्ची को जन्म दिया। कुछ देर बाद अस्पताल कर्मचारी नवजात को बाहर लेकर आए। इसके बाद प्रसूता की तबीयत बिगड़ने लगी, तभी रेफर कर दिया। नर्सिंग होम ने शिवानी को शहर के आईटीआई चौराहा स्थित एक निजी अस्पताल के लिए रेफर किया। आरोप है कि एंबुलेंस चालक पहले किसी अन्य अस्पताल



मृतका का फाइल फोटो

ले गया, जहां भर्ती करने से इनकार कर दिया गया। बाद में आईटीआई चौराहा स्थित अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने शिवानी को कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय कन्नौज के पास उसकी हालत और



रोते बिलखते परिजन

बिगड़ गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जन्म के बाद नवजात बच्ची की तबीयत भी बिगड़ गई। नर्सिंग होम के कर्मचारियों ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने बच्चे को भी मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के बाद शिवानी की लगातार ब्लीडिंग हो रही थी, लेकिन समय रहते उचित इलाज नहीं किया गया।

नर्सिंग होम कर्मचारियों की लापरवाही के कारण पहले नवजात और फिर प्रसूता की मौत हुई है। मृतका की शादी पिछले वर्ष जुलाई में हुई थी और यह उसका पहला बच्चा था। परिजनों बताया कि गर्भावस्था के दौरान कराए गए अल्ट्रासाउंड में किसी तरह की समस्या नहीं बताई गई थी। घटना की सूचना पर कादरी गेट थानाध्यक्ष कपिल चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान नर्सिंग होम में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं मिला। बाद में दूसरे भवन का गेट खुलवाकर मैनेजर और अन्य स्टाफको बाहर बुलाया गया। पुलिस को मौके पर कोई चिकित्सक नहीं मिला।

कादरी गेट थानाध्यक्ष कपिल चौधरी ने बताया कि जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिलाधिकारी डा0 अंकुर लाठर भी घटना स्थल पर पहुंची और सीएमओ को कार्यवाही के निर्देश दिये और सीएमओ ने अस्पताल को सील कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

## कोर्ट के आदेश पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज, आरोपी फरार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जमीन दिलाने के नाम पर एक ग्रामीण से 4.80 लाख रुपये हड़पकर आरोपी ने पैसे मांगने पर फायरिंग तक कर दी, इस मामले में कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के दल्लू नगला निवासी जोगराज ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि उन्होंने लुखड़ापुर निवासी राकेश यादव से 4 बीघा जमीन 10 लाख रुपये में खरीदने का सौदा किया था। राकेश अभी कायमगंज के मोहल्ला मेहंदीबाग में रहता है। उन्होंने बयाने और अलग-अलग तारीखों में कुल 4.80 लाख रुपये राकेश को दे दिए। बाकी 5.20 लाख रुपये बैनामे के समय देने तय हुए थे, लेकिन तय तारीख निकलने के बाद भी राकेश बैनामा करने में टालमटोल करता रहा। 28 मार्च की सुबह जब जोगराज बाकी रकम लेकर बैनामा की बात करने पहुंचे तो राकेश ने गाली-गलौज और मारपीट की।

## डॉ. जितेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



स्वास्थ्य परीक्षण कराते ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व 193 विधानसभा अमृतपुर के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के आम नागरिकों, गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श, जांच एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया जाएगा। डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक न्याय पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रही है।

## चेकिंग के दौरान 24 वाहनों का चालान व 20 स्कूली वाहन सीज

**उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र कानपुर के नेतृत्व में चला टैम्पो, ई-रिक्शा तथा निजी वाहनो से स्कूली बच्चों को ले जाने के विरुद्ध अभियान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र कानपुर रामरतन सोनी के नेतृत्व में टैम्पो, ई-रिक्शा तथा निजी वाहनो से स्कूली बच्चों को ले जाने के विरूद्ध फतेहगढ़ क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के समय आरटीओ-प्रवर्तन कानपुर राहुल श्रीवास्तव, सीओ-ट्रैफिक अभय वर्मा, एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत, प्रभारी निरीक्षक फतेहगढ़ तेज सिंह व यातायात उप निरीक्षक ओम प्रकाश पाण्डेय साथ रहे।

टीम द्वारा पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, आरआरसी फतेहगढ़ तथा कैण्ट क्षेत्र के विद्यालयों में ऑटो



चेकिंग करते अधिकारी

रिक्शा, ई-रिक्शा तथा मारूति वैन आदि से विद्यालय के छात्रों को लाने वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। चेकिंग के दौरान वाहन की फिटनेस, परमिट, बीमा तथा अन्य प्रपत्रों की जाँच की गई। जाँच में सीट क्षमता से अधिक सवारियों की भी जाँच की गई। अभियान के अन्तर्गत 24 वाहनों के चालान किये गये तथा 20 स्कूली वाहन सीज किये गये है। उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग द्वारा गत दो माह में जनपद मे अनफिट स्कूल वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही किये जाने हेतु अभियान चलाया गया है। जिसमें 51 स्कूल वाहनों का चालान किया गया है तथा 23 स्कूली वाहनों को सीज किया गया है, जिनसे रू0 4.53 लाख प्रशमन शुल्क वसूल किया गया है। निजी वाहनों से छात्रों को ले जाने वाले 10 वाहनों को चालान व सीज किया गया है। स्कूल वाहनों में ओवरलोड छात्र ले जाने के अभियोग में 07 वाहनों को चालान व सीज किया गया है। स्कूली वाहनों के सघन निरीक्षण में अस्तित्वहीन पाये गये 22 वाहनों के पंजीयन चिन्ह विशेष रूचि लेते हुये निरस्त कराये गये हैं। यह चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। जिसमें कानपुर देहात, कन्नौज, औरेया व कानपुर नगर की टीमों द्वारा सघन कार्यवाही की जायेगी।

## तीन बाल अपचारी चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार



पुलिस द्वारा पकड़ी गई बाइक

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना शमसाबाद पुलिस को वाहन चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बरामद वाहनों में दो एचएफ डीलक्स और एक हीरो स्प्लेंडर बाइक शामिल है। पुलिस के अनुसार बरामद मोटरसाइकिलों में एक बाइक थाना कादरीगेट क्षेत्र में दर्ज चोरी के मुकदमे से संबंधित है, जबकि एक अन्य बाइक थाना पटियाली जनपद कासगंज से चोरी की गई थी। तीसरी बाइक के संबंध में भी पुलिस जांच कर रही है। तीनों बाल अपचारियों के विरुद्ध थाना शमसाबाद में बीएनएस की धारा 317(2)/317(5) के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी सचिन सिंह चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान की। टीम में दरोगा अनुज कुमार, दरोगा प्रदीप कुमार, सिपाही मोमराज सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे। फतेहगढ़ पुलिस ने इसे वाहन चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण सफलता बताया है।

## कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में राजपूत रेजिमेंटल सेंटर द्वारा वॉकथॉन का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार राजपूत रेजिमेंटल सेंटर द्वारा वॉकथॉन का सफल आयोजन किया गया। देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम में पाँच विद्यालयों के लगभग 40 छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों, पूर्व सैनिकों, अधिकारियों, जेसीओ एवं एनसीओ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर राकेश सिंह जादौन के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने वॉकथॉन में भाग लिया। वॉकथॉन के दौरान विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ अपने हाथों में कारगिल युद्ध के अमर वीरों के चित्र लेकर चल रहे थे, जिसने पूरे वातावरण को देशभक्ति की



वॉकथॉन में भाग लेते सैनिक व पूर्व सैनिक



मौजूद छात्रायें

भावना से सराबोर कर दिया। मार्ग भर बच्चों द्वारा भारत माता की जय के गगनभेदी नारों ने सभी प्रतिभागियों में जोश और उत्साह का संचार किया तथा उपस्थित लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को और प्रबल किया। वॉकाथॉन के उपरांत सभी प्रतिभागी युद्ध स्मारक पहुँचे, जहाँ कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों द्वारा शहीदों की स्मृति में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर वीरों के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए कारगिल युद्ध विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रकृतियों में कारगिल के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, राष्ट्रप्रेम एवं बलिदान की भावना का सजीव चित्रण देखने को मिला। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में देशभक्ति एवं वीर सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने का एक प्रेरणादायी माध्यम सिद्ध हुई। आयोजन युवाओं में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति तथा भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक एवं प्रेरणादायी पहल रहा। इस दौरान सूबेदार मेजर (क्लर्क) चन्द्रप्रकाश मिश्रा, हवलदार अशोक कुमार सिंह राठौर, नायक सुरजीत सिंह, नायक कश्मीर सिंह, नायब सूबेदार रामवीर सिंह, नायब सूबेदार चन्द्रपाल परिहार, कैप्टन रामकरन सिंह, कैप्टन धर्मेन्द्र, कैप्टन श्यामवीर सिंह, राकेश जादौन, नरेन्द्र सिंह राठौर, मुनेश्वर सिंह, राजकिशोर सिंह, संतोष भदौरिया, देवेश सिंह राठौर आदि ने भाग लिया।

## 15 साल पुराने केस में गवाह पेश न करने पर कोर्ट सख्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

त्वरित न्यायालय फास्ट ट्रैक कोर्ट कक्ष संख्या-2 के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येन्द्र सिंह वर्मा ने हत्या के एक पुराने मामले में गवाह पेश न करने पर थाना मोहम्मदाबाद के थानाध्यक्ष के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए थानाध्यक्ष पर अभियुक्तों को अनुचित लाभ पहुंचाने और कर्तव्यों में घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। कोर्ट ने एसएचओ को नोटिस जारी कर 27 जुलाई को दोपहर 12 बजे न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। पूरा मामला सत्र परीक्षण संख्या-122/2011 (धारा 302/34 भादवि) और सत्र परीक्षण संख्या-123/2011 (धारा 25 आयुध अधिनियम) से संबंधित है। दोनों ही मामलों में न्यायालय द्वारा 09 मई 2012 को आरोप तय किए गए थे, जिसके बाद से पत्रावलियां साक्ष्य के लिए लंबित हैं। लगभग 10 साल के अंतराल के बाद 16 जुलाई 2022 को केवल एक अभियोजन साक्षी नगेश की गवाही पूरी हो सकी थी। इसके बाद बीते 4 वर्षों में न्यायालय द्वारा लगातार आदेश जारी किए जाने के बावजूद, थानाध्यक्ष द्वारा अन्य गवाहों को साक्ष्य हेतु पेश नहीं किया गया। यह मामला न्यायालय की प्राचीन पत्रावलियों के अंतर्गत आता है। न्यायाधीश सत्येन्द्र सिंह वर्मा ने 24 जुलाई 2026 को जारी अपने नोटिस में कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि थानाध्यक्ष द्वारा अभियुक्तगणों को अनुचित लाभ पहुँचाये जाने के उद्देश्य से न्यायालय द्वारा निर्गत आदेशिकाओं के अनुपालन में अभियोजन साक्षियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। न्यायालय ने इस कृत्य को अत्यंत आपत्तिजनक बताते हुए इसे एसएचओ की उनके पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही और उदासीनता का प्रतीक माना है। अदालत ने थानाध्यक्ष को अंतिम अवसर देते हुए आदेशित किया है कि वह 27 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि एसएचओ नियत समय पर उपस्थित होकर स्पष्टीकरण नहीं देते हैं, तो यह मान लिया जाएगा कि उन्हें अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है और उनके विरुद्ध विधिनुसार दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने की लीपापोती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने थाना राजेपुर पुलिस को एक युवक की हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज करने का सख्त आदेश दिया है। मृतक के पिता का आरोप है कि पुलिस ने हत्यारोपियों को बचाने के लिए न केवल मामले को दबाने की कोशिश की, बल्कि साजिशन हंगामा कर रहे आरोपियों का साथ देते हुए निर्दोष ग्रामीणों पर ही पथराव का मुकदमा दर्ज कर दिया था।

अदालत में दी गई अर्जी के अनुसार, आवेदक बालकराम के पुत्र बृजेश कुमार का 8 मई को दिन में शराब के ठेके के सेल्समैन मुकेश जायसवाल से झगड़ा हुआ था। उसी

**▸ कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने का दिया आदेश**

**▸ 8 मई को शराब के ठेके के सेल्समैन मुकेश जायसवाल से झगड़ा हुआ था**

दिन रात करीब 8:30 बजे आरोपी रमेश राजपूत, राकेश, बृजेश और वासुदेव मृतक बृजेश को घर से यह कहकर बुला ले गए कि शराब के ठेके पर कुछ काम है। जब बृजेश रात भर वापस नहीं आया, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। 9 मई की सुबह बृजेश का शव गंदा नाला पुलिया के पास मिला, जिसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। आरोप है कि जब पिता बालकराम राजेपुर थाने रिपोर्ट दर्ज कराने गए, तो पुलिस ने सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा कर उन्हें वापस भेज दिया और कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद आरोपियों ने हत्या को छिपाने और खुद को बचाने के लिए साजिश के तहत शव को शराब के ठेके के पास रखकर हंगामा शुरू कर दिया।

जब पुलिस ने शव को कब्जे में लेने की कोशिश की, तो रमेश राजपूत ने अपने साथियों को उकसाया, जिसके बाद पुलिस पर पथराव हुआ। हैरानी की बात यह रही कि पुलिस ने रमेश राजपूत और अन्य हत्यारोपियों को बचाते हुए थाना राजेपुर में निर्दोष गांव वालों के खिलाफ पुलिस पर हमला करने का मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन बृजेश की हत्या की एफआईआर नहीं लिखी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने और पुलिस के डर से परिजनों के पलायन करने की नौबत आने के बाद, बालकराम ने न्यायालय की शरण ली। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173(4) सहपठित धारा 175(3) के तहत प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर लिया है। न्यायालय ने थाना राजेपुर के अध्यक्ष को निर्देशित किया है कि वह अर्जी में वर्णित तथ्यों के आधार पर सुसंगत धाराओं में तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करें और नियमानुसार विवेचना कर एक सप्ताह के भीतर अदालत को सूचित करें।

## स्टेट बैंक पेंशन असोसिएसन ने 93 वर्ष पूर्ण करने पर कमांडेंट सरनाम सिंह राठौर का किया सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्टेट बैंक पेंशन असोसिएसन के सदस्यों ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी कमांडेंट सरनाम सिंह राठौर के निवास पर पहुंचकर उन्हें 93 वर्ष पूर्ण करने पर सम्मानित किया। असोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सरनाम सिंह को दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर असोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य विजय अवस्थी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कमांडेंट सरनाम सिंह राठौर ने अपने जीवन में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। 93 वर्ष की आयु में भी उनका ओज और सादगी सभी के लिए प्रेरणादायी है। इस सम्मान के लिए परिवार की ओर से स्टेट बैंक पेंशन असोसिएसन के सभी सदस्यों एवं विजय अवस्थी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया गया। परिवार ने कहा कि बुजुर्गों का इस तरह सम्मान





सरनाम सिंह को सम्मानित करते संस्था के लोग

समाज में सम्मान और संस्कार की परंपरा को मजबूत करता है। कार्यक्रम में राजेन्द्र नाथ चतुर्वेदी, विनोद अवस्थी, वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, उमेश चन्द्र गुप्ता, रामबहादुर सिंह राठौर, अनिल सिंह राठौर, सत्यवीर सिंह, देवेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## जर्जर केबल से हुई स्पार्किंग, जेई ने मौके पर पहुंचकर बंद कराई बिजली



बिजली सही करते कर्मचारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सधवाड़ा मोहल्ले में जर्जर विद्युत बंच केबल में स्पार्किंग की शिकायत मिलते ही बिजली विभाग हरकत में आया। अवर अभियंता जेई जावेद अहमद ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बिजली बंद करवाई और खत्मा चेंज कराकर आपूर्ति बहाल कराई। क्षेत्रवासियों ने बताया कि केबल पर कई जोड़ बनने और बंदरों की उछल-कूद से आए दिन स्पार्किंग हो रही थी। इसी केबल से सधवाड़ा के साथ-साथ पाठक मोहल्ले को भी आपूर्ति होती है। मार्ग पर मंदिर, बाजार और स्कूल होने से हादसे का डर बना हुआ था।

## निर्माण कार्यों के दौरान गुणवत्ता नियंत्रण होनी चाहिए सर्वोच्च प्राथमिकता: डीएम

**▸ जिलाधिकारी ने की 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जनपद में 50 लाख एवं उससे अधिक लागत के निर्माणकार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा संचालित परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता, वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धियों तथा कार्य पूर्ण होने की समय-सीमा की विभागवार समीक्षा की गई। डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा, जिन परियोजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, उनके संबंध में संबंधित अधिकारियों से कारण पूछते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यदाई संस्थाओं के प्रतिनिधि संबंधित निर्माण कार्यों के फोटोग्राफ गूगल लोकेशन के साथ ही उपलब्ध कराएं। अधिशाषी अभियंता जल निगम यह सुनिश्चित कर लें कि किसी भी स्थान पर पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत पूर्ण रहे,





बैठक लेती जिलाधिकारी

शिकायत पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जनपद में गैर नक्शा पास एवं अवैध रूप से निर्मित भवनों पर प्रवर्तन की कार्यवाही पूर्ण करें।

डीएम ने कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान गुणवत्ता नियंत्रण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी संबंधित विभाग नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण करें तथा कार्यों की गुणवत्ता का सतत परीक्षण सुनिश्चित करें। यदि किसी कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी अथवा लापरवाही की जाती है तो संबंधित कार्यदायी संस्था की कार्यशैली से शासन को अवगत कराएं, इसके साथ ही जिन परियोजनाओं में भूमि, विद्युत, जलापूर्ति अथवा अन्य विभागीय समन्वय से संबंधित समस्याएं हैं, उनका त्वरित निराकरण कर कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर परियोजनाओं को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विभागों की परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया तथा समयबद्ध रूप से निर्माण कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिव्यांग छात्राओं को मिलेंगी ई-ट्राईसाइकिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्कूल जाने वाली और शिक्षा या प्रशिक्षण प्राप्त कर रही दिव्यांग छात्राओं के लिए एक अच्छी खबर है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए दिव्यांग छात्राओं को ई-ट्राईसाइकिल प्रदान करने की घोषणा की गई है। इस योजना के तहत जनपद की प्रत्येक विधानसभा में 20-20 ई-ट्राईसाइकिलें वितरित की जाएंगी।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग छात्राओं के शैक्षिक पुनर्वास और उनके आवागमन को सुगम बनाना है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए

**▸ प्रत्येक विधानसभा में 20 छात्राओं को मिलेगा लाभ**

**▸ इच्छुक छात्राएं जनसेवा केन्द्र से कर सकती हैं आवेदन**

छात्रा की आयु 16 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। छात्रा वर्तमान में अध्ययनरत पढ़ाई कर रही होनी चाहिए। छात्रा की शारीरिक स्थिति ई-ट्राईसाइकिल चलाने के अनुकूल होनी चाहिए। आवेदक के पास मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रमाणित दिव्यांग प्रमाण पत्र या यूडीआईडी कार्ड होना अनिवार्य है। आवेदन के लिए आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, संबंधित कैटेगरी का जाति प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर, एक पासपोर्ट साइज फोटो होनी चाहिए। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन रखी गई है। इच्छुक छात्राएं अपने किसी भी नजदीकी जनसेवा केंद्र पर जाकर आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। ऑनलाइन आवेदन पूरा होने के बाद, आवेदन की हार्ड कॉपी और सभी संलग्न दस्तावेजों को कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जे.एन.वी. रोड फतेहगढ़ में जमा करना अनिवार्य है। योजना से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी या सहायता के लिए विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर 8189038783 भी जारी किया गया है। पात्र छात्राएं समय रहते आवेदन कर इस लाभकारी योजना का लाभ उठा सकती हैं।

# नीट परीक्षा में धांधली के विरोध में रेवेन्यू बार एसो. ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील के अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और पीड़ित परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजे की मांग उठायी।

कायमगंज तहसील रेवेन्यू बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि आयोजित हो रही नीट परीक्षा में कथित धांधली, पेपर लीक, छात्र उत्पीड़न तथा परीक्षार्थियों की आत्महत्याओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। ज्ञापन में केंद्र सरकार से छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। देश में लगातार नीट परीक्षा में पेपर लीक और अनियमितताओं को रोकने में भारत सरकार पूरी तरह असफल रही है। परीक्षा में कथित धांधली से आहत होकर कई छात्र-छात्राओं द्वारा आत्महत्या एवं अन्य गंभीर कदम उठाए जाने से उनके परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंची है। इस पूरे प्रकरण के विरोध में देशभर के छात्र लंबे समय से आंदोलन और अनशन कर रहे हैं, लेकिन सरकार द्वारा उनकी मांगों पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

आरोप लगाया कि गत 20 जुलाई को पूर्व सूचना के बावजूद अनशनरत छात्रों के साथ कठोर व्यवहार किया गया तथा उन्हें जबरन हटाने और मारपीट जैसी घटनाओं ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। अधिवक्ताओं ने इस कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। सरकार आंदोलनरत छात्रों से तत्काल वार्ता कर उनकी मांगों को स्वीकार करे। साथ ही नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई कथित धांधली और पेपर लीक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री से तत्काल इस्तीफा लिया जाए। रेवेन्यू बार एसोसिएशन ने देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सोनम वांगचुक की मांगों को स्वीकार कर उनका अनशन समाप्त कराने की भी अपील की। इसके अलावा आंदोलनरत छात्रों के उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। नीट परीक्षा की अनियमितताओं से आहत होकर आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। साथ ही आंदोलन में शामिल छात्रों के विरुद्ध दर्ज किसी भी प्रकार के मुकदमे वापस लिए जाएं तथा भविष्य में छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलनों का दमन न किया जाए। अधिवक्ताओं ने सरकार से आग्रह किया कि वह देश में अशांति और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने से बचाए, छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न होने दे तथा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए। इस अवसर पर अध्यक्ष विशेश्वर दयाल यादव, महासचिव अवनीश कुमार गंगवार आदि के हस्ताक्षर शामिल है।



ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

# भाकियू महाशक्ति ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील का किया विरोध

## राष्ट्रीय अध्यक्ष चार दिन से नजरबंद, कार्यकर्ताओं का बुलंदशहर कूच का ऐलान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली के किसान घाट पर होने वाले भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध प्रदर्शन को लेकर किसान संगठनों और प्रशासन के बीच तनाव बढ़ गया है। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह को पिछले 4 दिनों से उनके आवास पर नजरबंद (हाउस अरेस्ट) करके रखा गया है, ताकि वे दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन में शामिल न हो सकें।

भाकियू महाशक्ति जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की नजरबंदी से महाशक्ति के कार्यकर्ताओं में भारी रोष है। जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने महापंचायत बुलाई प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में महाशक्ति के जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को एकजुट होने का अवाह्न किया है। संगठन के सभी सदस्य शनिवार सुबह 11 बजे बुलंदशहर स्थित राष्ट्रीय कार्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे। राष्ट्रीय कार्यालय पर एकत्रित होकर किसान नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष की नजरबंदी हटाने और किसान घाट पर प्रदर्शन को आगे बढ़ाने की रणनीति बनाएंगे। संगठन ने स्पष्ट किया है कि किसानों की आवाज को हाउस अरेस्ट जैसी कार्रवाई से नहीं दबाया जा सकता।



हाउस अरेस्ट किसान नेता

# मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय ध्वस्तीकरण आदेश के विरोध में सपा ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय परिसर रामपुर के 38 भवनों को बिना नक्शा पास कराए बनाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी रामपुर ने ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया है। जिसके विरोध समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजपाल यादव एडवोकेट द्वारा जिले भर के विद्यालयों में जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार सपा नेताओं ने बद्री विशाल महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया।

प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि छात्र नेताओं द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम में कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, सर्वेश अंबेडकर, मंदीप यादव, इलियास मंसूरी, सौरभ कटियार, शशांक सक्सेना, पवन कठेरिया, विनीत परमार, राजन यादव प्रधान आदि नेता भी इस अभियान का हिस्सा बने। अभियान को सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अपना समर्थन देकर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि शिक्षा के लिए बेहतर रूप से विकसित किए गए एक विश्वविद्यालय को अपने राजनैतिक प्रतिशोध और क्षणिक लाभ पाने के लिए ध्वस्त करना सरासर असंवैधानिक तथा छात्र हितों पर सीधी सीधी चोट है। इस दौरान अमन सूर्यवंशी, नागेंद्र सिंह यादव, अंशुल यादव, आशीष यादव, अशोक अंबेडकर, राहुल सिसोदिया, रामतीर्थ राजपूत, सोनू यादव, गोपाल यादव, आदेश यादव, अजय यादव, जयदेव पाल, शिवम पटेल, अर्चित शर्मा, मनोज यादव, रोहित यादव, गौरव आजाद, माजिद अली, कमल बाबू, प्रताप सिंह, हसनैन, आयुष यादव आदि मौजूद रहे।



हस्ताक्षर अभियान चलाते सपा नेता

# उप्र प्रधानाचार्य परिषद का 46वां प्रांतीय अधिवेशन 22 अगस्त को उन्नाव में

- विधानसभा अध्यक्ष होंगे मुख्य अतिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद का 46वां प्रांतीय अधिवेशन आगामी 22 अगस्त को उन्नाव में आयोजित किया जाएगा। समारोह में उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश महामंत्री व मोहनलाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ0 संदीप कुमार चतुर्वेदी ने दी है। डॉ0 चतुर्वेदी ने बताया कि हाल ही में सुभाष इण्टर कालेज, साकेत नगर, कानपुर नगर में परिषद द्वारा एक शैक्षिक संगोष्ठी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सम्मान समारोह और प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई थी।

इसी बैठक में लिए गए निर्णय और मुख्य अतिथि सतीश महाना की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत इस 46वें प्रांतीय अधिवेशन की रूपरेखा और तिथि तय की गई है। उन्होंने बताया कि 22 अगस्त को प्रातः 11 बजे सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, पूरन नगर, उन्नाव में अधिवेशन होगा। विशिष्ट अतिथियों व अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में राज्य सरकार के कई मंत्री और माध्यमिक शिक्षा विभाग के शीर्ष अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

# पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करना निंदनीयः विजेन्द्र सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि बीते दिन जो घटनाक्रम जिला प्रशासन द्वारा किया गया वह बहुत ही निंदनीय है और हम इसकी घोर निंदा करते हैं। किसान अपने खेत को अपने परिवार और अपने मां की तरह समझता है ना तो जिला का किसान लिंक एक्सप्रेस में अपनी जमीन देना चाहता है और ना ही बराकेशव की चकबंदी प्रक्रिया में अनिमियता होने देना चाहता है, बिना बताए जिला संगठन मंत्री का कोटा सिर्फ इस बात पर निलंबित कर दिया जाता है कि उन्होंने अपनी जमीन लिंक एक्सप्रेसवे में नहीं दी। पुलिस के द्वारा जिलाध्यक्ष और संगठन के पदाधिकारियो के ऊपर रातों-रात एफआईआर कर इस तरीके से गिरफ्तार किया गया। जैसे कि वह आतंकवादी हो और उन धाराओं में गिरफ्तार किया गया, जो की 7 वर्ष से कम या सात वर्ष की सजा का प्रावधान हैं। इन धाराओं में इस प्रकार की गिरफ्तारी नहीं की जाती है। घटनाक्रम पर राष्ट्रीय स्तर पर कार्रवाई चल रही है। जनपद में एक बड़ा आंदोलन होगा। जनपद के किसानों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने की दिल्ली में छात्रों पर दिल्ली सरकार द्वारा पुलिस के माध्यम से जो बर्बरता की गई। राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने जल्द ही फर्रुखाबाद में बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने को कहा है, हम इसी सिलसिले में जनपद में संगठन के पदाधिकारी से और किसानों से बैठक कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, उदयवीर यादव, लक्ष्मी शंकर जोशी, छविनाथ शाक्य, कृष्ण गोपाल मिश्रा, ब्रजेश गंगवार, अशोक यादव, अभय यादव, अरविंद गंगवार, अनुज राजपूत, अनीस सिंह सोनू सोमवंशी, टिंकू यादव उपस्थित रहे।



वार्ता करते विजेन्द्र सिंह यादव

## खबरें एक नजर में

### मक्का मशीन का हुक टूटने से पलटी ट्रैक्टर-ट्राली, दो घायल



अस्पताल में भर्ती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मक्का मशीन ले जाते समय हुए हादसे में दो किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार थाना शमसाबाद क्षेत्र के नीबलपुर निवासी सर्वेश उम्र 45 वर्ष पुत्र महावीर सिंह और अहिवरन उम्र 70 वर्ष मक्का मशीन लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में मशीन का हुक टूट गया और ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। इसी दौरान सड़क किनारे बैठे एक किसान मशीन के नीचे दब गया। हादसे में सर्वेश और अहिवरन भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी कायमगंज में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया।

### ई-रिक्शा की टक्कर से महिला घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा क्षेत्र के मोहल्ला वरतल निवासी कुंती देवी पत्नी दुर्वेश कुमार गुरुवार को शाम लगभग 8 बजे महिला का पति कस्बा नवाबगंज के मोहल्ला भगत सिंह स्थित सर्वेश गेस्ट हाउस के पर रेडी पर सब्जी बेच रहे थे, तभी थाना वीरपुर गांव की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ई-रिक्शा के चालक ने रेडी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कुंती देवी के दुर्वेश को चोटें आई। दुर्वेश का इलाज एक निजी चिकित्सक के यहां चला रहा है। थाने पहुंचकर कुंती देवी ने ई-रिक्शा चालक के खिलाफ नामदर्ज तहरीर दी। पुलिस ने जांचकर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

### शराबी ने घर में घुसकर महिलाओं से की अभद्रता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव नगलादमू निवासी रामलड़ैते शर्मा घर से बाहर किसी काम से गये थे, तभी शाम लगभग सात बजे गांव का ही निवासी युवक नशे की हालत में रामलड़ैते के घर में घुस गया और घर में मौजूद महिलाओं को गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक ने महिलाओं को मारपीट कर दी और मौके से भाग गया। कुछ देर बाद जब रामलड़ैते घर पहुंचे तब महिलाओं ने उन्हें घटना की जानकारी दी। रामलड़ैते ने युवक के घर जाकर उसकी शिकायत की। जिसपर युवक बौखलाकर गाली-गलौज कर रामलड़ैते को मारपीट करने पर आमादा हो गया। थाना पुलिस को रामलड़ैते ने नामजद युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### बाइक देने से मना करने पर दबंग ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव घमुइया रसूलपुर निवासी राजनेश कुमार गुरुवार शाम लगभग पांच बजे घर पर बैठा था, तभी उसी समय गांव का ही निवासी युवक आया और राजनेश से उसकी बाइक मांगने लगा। जब राजनेश ने बाइक देने से मना किया। युवक व उसके साथी ने राजनेश को लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। मारपीट होते देख पत्नी अमृता देवी आयी तो युवकों ने उन्हें भी मारपीट की। मारपीट में राजनेश कुमार चोटिल हो गया। थाना पुलिस को राजनेश कुमार ने दो नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# नवनिर्वाचित छात्र सभा के शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेंट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल फतेहगढ़ में नवनिर्वाचित छात्रसभा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ निर्देशक रोजीशन विश्वासी के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने विभिन्न पदों पर निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नेतृत्व सेवा, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से विद्यालय के मूल्यों का पालन करते हुए अपने उत्कृष्ट आचरण से दूसरों के लिए प्रेरणा बनने का आह्वान किया। ऑल सोल्स मेमोरियल चर्च के रेव्ह स्टीफन मसीह ने विभिन्न पदों पर निर्वाचित छात्रों को उनके पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस वर्ष विद्यालय के प्रमुख छात्र पदाधिकारियों में स्कूल कैप्टन ऋषभ कुमार, स्कूल हेड बॉय निर्मल त्रिवेदी, स्कूल हेड गर्ल श्रेया यादव, स्कूल वाइस हेड बॉय यश कुमार एवं स्कूल वाइस हेड गर्ल का चयन किया गया। विभिन्न हाउसों के लिए भी छात्र नेताओं का निर्वाचन किया गया।

जिसमें सेंट मैथ्यू हाउस से अरनव पाल एवं आकृति पाल, सेंट पीटर हाउस से अलका एवं पवन कुमार, सेंट ल्यूक हाउस से सौम्या एवं शौर्य प्रताप तथा सेंट जॉन हाउस से प्रिस्किला एवं उत्कर्ष को हाउस लीडर चुना गया। शपथ ग्रहण के उपरांत विभिन्न पदों पर निर्वाचित छात्रों ने ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। समारोह में विद्यालय के उप-निर्देशक रेयान विश्वासी भी उपस्थित रहे। प्रबंधिका रोहतानी विश्वासी ने छात्र प्रतिनिधियों को नेतृत्व की जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने उत्कृष्ट आचरण से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य डॉ0 अवधेश यादव ने कहा कि छात्र परिषद का दायित्व केवल नेतृत्व करना नहीं, बल्कि अनुशासन, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी का आदर्श प्रस्तुत करना भी है। उन्होंने विभिन्न पदों पर निर्वाचित छात्रों से अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा विद्यालय की गरिमा बनाए रखने का आवाह्न किया। साथ ही उन्होंने समारोह को गरिमामय बनाने हेतु ऑल सोल्स मेमोरियल चर्च के रेव0 स्टीफन मसीह, विद्यालय के निर्देशक रोजिशन विश्वासी एवं प्रबंधिका रोहतानी विश्वासी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। संचालन शिक्षिका वैशाली पीटर एवं शिवानी चंद ने प्रभावी ढंग से किया। नवनिर्वाचित छात्र सभा के शपथ ग्रहण समारोह का सफल आयोजन संजीव कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।




शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद छात्र व विद्यालय स्टाफ

### फोन पर पत्नी को धमकाने वाले पति पर मुकदमा दर्ज

**कायमगंज,समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला पाठक में पति-पत्नी के विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। पति ने फोन पर पत्नी को गोली मारने और शरीर के टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता साक्षी गुप्ता ने बताया कि 18 जून की रात करीब 10:53 बजे उनके मोबाइल पर पति सागर का फोन आया। सागर कन्नौज जिले के छिबरामऊ थाना क्षेत्र के इंद्रा नगर का रहने वाला है। साक्षी के अनुसार बातचीत के दौरान सागर ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि वो उसे गोली मार देगा और शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर देगा। देर रात मिली इस धमकी से साक्षी सहम गई। घटना के बाद साक्षी ने तुरंत कोतवाली पहुंचकर आरोपी पति के खिलाफ लिखित तहरीर दी और सख्त कार्रवाई की मांग की कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पति सागर के खिलाफसंबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# चकबंदी प्रक्रिया के विरोध में भाकियू का थाने पर धरना प्रदर्शन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के वराकेशव गांव में चकबंदी प्रक्रिया के विरोध में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं और किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। राजस्व टीम की नापजोख के विरोध में किसानों ने हंगामा किया और इसके बाद ट्रैक्टरों पर सवार होकर सीधे नवाबगंज थाने पहुंच गए।

बराकेशव गांव के मजरा नगला जब्ब में शुक्रवार को राजस्व टीम चकबंदी के सिलसिले में नापजोख करने पहुंची थी। इसकी सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। इस दौरान भाकियू कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए राजस्व टीम से कथित तौर पर जरीब छीन ली और हंगामा करने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस ने हस्तक्षेप कर जरीब वापस राजस्व टीम को दिलवाई और किसानों को खदेड़ा।

इस दौरान पुलिस और किसान नेताओं के बीच तीखी नोकझोक भी हुई। विवाद के बाद दो दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों पर सवार होकर किसान सीधे नवाबगंज थाने पहुंचे। थाना परिसर में जमीन पर बैठकर किसानों ने किसान एकता जिंदाबाद के नारे लगाए और प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। थाने परिसर में करीब 20 से 25 मिनट तक धरना चला। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। उन्होंने किसान नेताओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनकी मांगों को जल्द से जल्द उच्च अधिकारियों तक पहुँचाने का पूरा आश्वासन दिया।

थाना प्रभारी के समझाने बुझाने के बाद स्थिति शांत हुई और किसान कार्यकर्ता अपनी मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय के लिए रवाना हो गए। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक चकबंदी से जुड़ी उनकी आपत्तियों का उचित समाधान नहीं किया जाता, तब तक उनका विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा।

इस दौरान भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष बिजनेश यादव, संजय सिंह, गुड्डू, ब्रजेश गंगवार, राजू ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में किसान और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



थाने में धरना प्रदर्शन करते किसान नेता

# पुल गालिब पुलिया से ट्रांसपोर्ट तक चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियानः एसडीएम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के पुल गालिब से गंगादरवाजा चौराहा और ट्रांसपोर्ट चौराहे तक लगने वाले भीषण जाम से लोगों को जल्द राहत मिलने वाली है। प्रशासन ने इस मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए सख्त अभियान चलाने का फैसला लिया है।


उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में चरणबद्ध अभियान की कार्ययोजना तैयार की गई। अधिकारियों को तय समय में कार्रवाई पूरी कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में तय हुआ कि सड़क किनारे बने मकानों और दुकानों के अवैध विस्तार, सीढ़ियां, गेट, अस्थायी रेहड़ी-ठेले, तिरपाल, एल-शेप बोर्ड और लावारिस खड़े वाहनों को चिन्हित किया जाएगा।

तहसीलदार हर्षित सिंह और अधिशासी अधिकारी डॉ0 लव कुमार मिश्र की टीम पूरे मार्ग की पैमाइश कर लाल रंग से अतिक्रमण चिन्हित करेगी। संबंधित लोगों को नोटिस देकर मुनादी कराई जाएगी और अतिक्रमण हटाने का समय दिया जाएगा।

समय सीमा खत्म होने के बाद पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण रोधी दस्ता कार्रवाई करेगा। उपजिलाधिकारी ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध कब्जे हटाकर यातायात को सुचारु बनाना है।

# 27 जुलाई से गांव-गांव लगेगी ग्राम चौपाल, एसडीएम ने जारी किया रोस्टर

- तहसील के चक्कर से मिलेगी मुक्ति, 3 से 4 बजे तक होगा निस्तारण
- खतौनी, अतिक्रमण और कोर्ट आदेश के मामले होंगे हल



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र में राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित निस्तारण अब गांव में ही होगा। उप जिलाधिकारी अभिषेक वर्मा ने 27 जुलाई से ग्राम चौपाल लगाने का साप्ताहिक रोस्टर जारी किया है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि ये चौपालें हर सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे तक लगेंगी। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को तहसील के चक्कर काटने से बचाना और उनकी समस्याओं का गांव में ही समाधान करना है। चौपाल के दौरान खतौनी संशोधन, अवैध अतिक्रमण और कोर्ट आदेशों के पालन से संबंधित मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा।

# इटावा-बरेली नेशनल हाईवे पर लगा तीन किमी लंबा जाम

- पांचाल घाट पुल पर एक ज्वाइंट खुल जाने से वन-वे व्यवस्था लागू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट पुल पर एक ज्वाइंट खुल जाने के कारण शुक्रवार को वन-वे व्यवस्था लागू करनी पड़ी। मरम्मत कार्य के चलते पुल पर वाहनों की आवाजाही धीमी हो गई। जिससे इटावा-बरेली नेशनल हाईवे पर दोनों तरफ 2 से 3 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। करीब एक सप्ताह पहले हुए मरम्मत कार्य के बावजूद हुई है। इटावा-बरेली नेशनल हाईवे पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। दो दिन पहले पुल का एक ज्वाइंट फिर से खुल गया था, जिसकी मरम्मत शुक्रवार सुबह शुरू की गई। मरम्मत कार्य के दौरान यातायात को नियंत्रित करने के लिए वन-वे प्रणाली अपनाई गई। मसेनी चौराहे की ओर से आने वाले वाहनों को चौराहे से पहले ही बैरिकेड लगाकर रोका जा रहा था, जबकि बरेली की तरफ से आने वाले वाहनों को पांचाल घाट पुल के पास रोका गया। पुलिसकर्मी एक-एक करके वाहनों को निकाल रहे थे। इस व्यवस्था के कारण पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम में फंसी रोडवेज बसों के यात्रियों ने पहले इंतजार किया, लेकिन जब बसें आगे नहीं बढ़ीं तो वे पैदल ही निकल पड़े। कई यात्रियों ने बताया कि उन्हें 2 से 3 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ा। यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के लिए पुल के दोनों तरफ पुलिसकर्मी तैनात रहे। जाम का आलम यह था कि अंतिम संस्कार के लिए शव लेकर पांचाल घाट जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली भी इसमें फंस गए। मोहम्मदाबाद और नवाबगंज की ओर से आ रहे ये ट्रैक्टर भी जाम में फंसे रहे, जिससे अंतिम संस्कार के लिए जा रहे लोगों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ा। कुछ यात्रियों ने बताया कि वह 2 किलोमीटर पैदल चलकर आए हैं। करीब डेढ़ किलोमीटर पैदल और चलना है। बताया करीब 40 मिनट तक बस में बैठे रहे। बस आगे नहीं बड़ी तो पैदल ही चलना मुनासिब समझा। करीब 2 किलोमीटर पैदल चल आए हैं बच्चे भी पैदल चलकर आए हैं बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शाहजहांपुर निवासी मुकेश ने बताया कि वह गाजियाबाद जा रहे हैं जाम लगा हुआ था ऐसे में करीब 3 किलोमीटर पैदल चलकर आए हैं। अभी आगे और पैदल चलना है। बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सिर पर सामान रखे और पसीने से लथपथ जा रहे राम सिंह ने बताया ढाई किलोमीटर पैदल चलाएं आगे और जाना है। जाम की वजह से पैदल जाना पड़ रहा है। दिक्कत हो रही है लेकिन क्या कर सकते हैं।



जाम में फंसे वाहन



पैदल जाते लोग

## खबरें एक नजर में

### बाबागंज में तेंदुए का खूनी हमला, बकरियां चरा रहे 10 वर्षीय मासूम की मौत

**खेतों के पास झपटा तेंदुआ, ग्रामीणों के पहुंचने पर जंगल की ओर भागा**

**निघासन-खीरी।** उत्तर निघासन वन रेंज के पढुआ थाना क्षेत्र के बाबागंज गांव में देर शाम तेंदुए के हमले में दस वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। यह हृदयविदारक घटना पूरे क्षेत्र को झकझोर गई है। बच्चे की मौत के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है, जबकि ग्रामीणों में वन्यजीवों के बढ़ते आतंक को लेकर भारी दहशत व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, मासूम रोज की तरह शाम के समय गांव के बाहर खेतों के पास बकरियां चराने गया था। इसी दौरान घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर दिया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके की ओर दौड़े। लोगों को आता देख तेंदुआ जंगल की ओर भाग निकला, लेकिन तब तक मासूम गंभीर रूप से घायल हो चुका था। ग्रामीणों ने तत्काल उसे बचाने का प्रयास किया, किंतु उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई और देर रात तक बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर सांत्वना देते रहे। सूचना पर पढुआ थाना पुलिस एवं बेलरायां रेंजर भूपेंद्र सिंह रेंजर लोधोरी डिप्टी रेंजर हरिलाल वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए प्रभावित क्षेत्र में पिंजरे लगाने के साथ निगरानी बढ़ा दी है। विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे शाम और रात के समय खेतों व सुनसान इलाकों में अकेले न जाएं तथा बच्चों को बिना निगरानी के बाहर न भेजें। ग्रामीणों का कहना है कि बाबागंज और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से तेंदुए की गतिविधियां देखी जा रही हैं। कई बार खेतों और आबादी के निकट तेंदुए के दिखाई देने की सूचना वन विभाग को दी गई, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो सका। इस दर्दनाक घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग करते हुए क्षेत्र को तेंदुए के आतंक से मुक्त कराने की अपील की है।

### खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आकांक्षी ब्लॉक हलिया की समीक्षा



**हलिया ( मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड सभागार में खंड विकास अधिकारी विमल प्रकाश पाण्डेय की अध्यक्षता में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नीति आयोग द्वारा निर्धारित प्रमुख विकास संकेतकों की विभागवार समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) सहित अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग को प्रथम तिमाही में गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण, संस्थागत प्रसव, पूर्ण टीकाकरण तथा उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की स्क्रीनिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। वहीं आईसीडीएस विभाग को कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन, नियमित मॉनिटरिंग एवं पोषण संबंधी गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के लिए कहा गया।खंड विकास अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित संकेतकों में सुधार हेतु विभागीय समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में लक्षित लाभार्थियों तक शासन की योजनाओं का समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने संकेतकों की नियमित समीक्षा करते हुए प्रगति रिपोर्ट समय से उपलब्ध कराए, जिससे विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो सके।बैठक में सीएम फेलो द्वारा आकांक्षी ब्लॉक डैशबोर्ड की वर्तमान प्रगति प्रस्तुत करते हुए कम प्रदर्शन वाले संकेतकों पर विशेष कार्ययोजना एवं सुधारात्मक सुझाव साझा किए गए। सभी विभागों से आगामी समीक्षा बैठक तक निर्धारित लक्ष्यों की संतोषजनक प्रगति सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।बैठक में चिकित्सा विभाग, आईसीडीएस, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, ग्राम्य विकास,एनआरएलएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में खंड विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों से समन्वित एवं परिणामोन्मुखी कार्यशैली अपनाते हुए आकांक्षी ब्लॉक हलिया को विकास के निर्धारित मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।इस दौरान एबीएसए प्रकाश चंद यादव, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया,पशु चिकित्सक कमलेश कुमार, सीएम फेलो गौरव सिंह आदि मौजूद रहे।

### छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन



**चुनार (मिर्जापुर)।** नवयुवक अधिवक्ता समिति के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओ ने दिल्ली के जन्तर मन्तर पर शान्तिपूर्ण तरीके से आन्दोलन कर रहे छात्रो पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किये जाने के विरोध मे शुक्रवार को तहसील परिसर मे नारे बाजी करते हुए चक्रमण किया। नीट पेपर जैसे अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लिक होने पर केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से त्यागपत्र दिये जाने सहित अन्य मांगो को लेकर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अनेग सिह को सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि नई दिल्ली के जन्तर मन्तर पर छात्र सरकार की नितियो के विरुद्ध अपनी असहमति शान्ति पूर्ण ढंग से दर्ज करा रहे थे उन पर अकारण किया गया बल प्रयोगइन मौलिक अधिकारो पर क्रूर प्रहार तथा एक स्वस्थ्य लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत है।अधिवक्ताओ ने कहा कि हम केवल न्यायालयो तक सिमित नही रख सकते संविधान के संरक्षण एवं नागरिक अधिकारो की रक्षा करना भी हमारा दायित्व है। इस दौरान बार अध्यक्ष शिव शंकर सिंह एड,उपाध्यक्ष राम मूरत यादव एड,महामंत्री रामविलास सिंह एड,संयुक्त मंत्री अविनाश गुप्ता एड,शिवअचल मौर्या एड,शीतला प्रसाद यादव एड,गजेंद्र सिंह एड,गोविंद त्रिपाठी एड,राहुल सिंह एड,गुरदास एड,सीमा एड,जय कुमार जायसवाल एड,अमरनाथ यादव एड ,सुरेंद्र सिंह एड,मनोज यादव एड,रामनिहाल सिंह एड,निखिल सिंह एड,सुनीता यादव एड,सहित बडी संख्या मे अधिवक्ता मौजूद रहे।

### पूर्व लेखाकार रामनगीना सिंह के निधन पर शोक

**महराजगंज।** विकास खंड फरेंदा क्षेत्र के बजारडिह निवासी/लालबहादुर शास्त्री स्मारक पीजी कालेज के सेवानिवृत्त लेखाकार रामनगीना सिंह का निधन गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान हो गया है। वह लगभग 75 वर्ष के रहे ।उनका अंतिम संस्कार त्रिमोहानी नदी पर कर्मकांड विधि से बड़े बेटे द्वारा किया गया है ।उनके निधन से पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है ।जो जहां सुना वह स्तब्ध रह गया। उनके निधन की खबर सुनते ही नात रिश्तेदार ,इष्ट मित्र, बन्धु बान्धव , राजनीतिज्ञ , समाजसेवी, शिक्षक व पत्रकार सहित अन्य लोग उनके आवास पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं। उनके निधन पर लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। इस दौरान पूर्व सभापति गणेश शंकर पाण्डेय,फरेंदा के पूर्व विधायक एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी शिवेंद्र सिंह,पूर्व विधायक विनोद तिवारी पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह पूर्व प्रमुख रामप्रकाश सिंह , डॉ निशांत मणि त्रिपाठी,पूर्व चेयरमैन जयप्रकाश लाल श्रीवास्तव पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मुहम्मद अली पूर्व चेयरमैन अशोक जायसवाल पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता प्राचार्य राम पाण्डेय, प्राचार्य अशोक भारती पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव त्रिभुवन मिश्र कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अरूण शुक्ल, पूर्व मंत्री प्रमोद तिवारी, विवेका पाण्डेय, चंद्र प्रकाश द्विवेदी, स्टैनली खान अभिजीत सिंह, पूर्व लेखाकार रामवृक्ष यादव,आशीष सिंह, वरिष्ठ लेखाकार अरूण सिंह राणा, प्रधानाचार्य प्रियंकल मणि, पूर्व ग्राम प्रधान रविन्द्र सिंह, सपा नेता अमित चौबे, पूर्व वार अध्यक्ष सुधेश मोहन श्रीवास्तव, पूर्व स्टोनों रामकृष्ण शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार विशुनदेव त्रिपाठी, रविन्द्र श्रीवास्तव विभूती नारायण पाण्डेय राघवेन्द्र तिवारी व उत्कर्ष सिंह सहित नात- रिश्तेदार, शिक्षक एवं समाजसेवी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

### बेदउर में करंट लगने से 65 वर्षीय वृद्ध की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेदउर गांव में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर में काम करते समय करंट की चपेट में आने से 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेदउर निवासी 65 वर्षीय तौलन शुक्रवार शाम घर के अंदर कोई काम कर रहे थे। इसी दौरान वह बिजली के करंट की चपेट में आ गए। करंट लगते ही वह अचेत होकर गिर पड़े। परिजन आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर पहुंचे। यहां तैनात चिकित्सक डॉ. रीना पटेल ने जांच के बाद वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। तौलन की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल है। सूचना पर हलिया पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# शारदा उफान पर, संपर्क मार्ग डूबा, 50 एकड़ कृषि भूमि नदी में समाई

- इमलिया फार्म मार्ग पर बहने लगा बाढ़ का पानी, सात गांवों का संपर्क प्रभावित
- कांप टांडा-सिंघिया में तेज कटान से किसानों में दहशत

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश और बनबसा बैराज से छोड़े गए पानी के कारण शारदा नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। बिजुआ क्षेत्र में बाढ़ और कटान का संकट लगातार गहराता जा रहा है। एक ओर मझौरा ग्राम पंचायत से इमलिया फार्म होते हुए बरम बाबा जाने वाला संपर्क मार्ग बाढ़ के पानी में डूब गया है, जिससे हजारों ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया है। वहीं कांप टांडा और सिंघिया गांव में तेज कटान के चलते अब तक करीब 50 एकड़ कृषि भूमि शारदा नदी में समा चुकी है।

मझौरा ग्राम पंचायत से इमलिया फार्म होकर बरम बाबा तक जाने वाले संपर्क मार्ग पर बाढ़ का पानी बहने से आवाजाही लगभग ठप हो गई है। यह मार्ग बरम बाबा पहुंचने का प्रमुख शॉर्टकट माना जाता है, जिससे ग्रामीणों की करीब 15 किलोमीटर दूरी बचती है। मार्ग बंद



होने से लोगों को अब भीरा होकर लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे समय और ईंधन दोनों की अतिरिक्त खपत हो रही है।

स्थानीय ग्रामीण मनदीप सिंह, पप्पू सिंह, सिकंदर सिंह और रामकुमार ने बताया कि पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे आसपास के खेतों में खड़ी फसलें जलमग्न होने लगी हैं। यदि जलस्तर और बढ़ा तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। इस मार्ग का उपयोग इमलिया फार्म, जगन्नाथ टांडा, जंगल नंबर-7, जमुनहा, सप्पू टांडा, कुंवरपुर बझेड़ा और सूरजपुर समेत करीब सात गांवों के हजारों लोग प्रतिदिन करते हैं।

उधर, कांप टांडा और सिंघिया गांव में शारदा नदी का तेज बहाव किसानों की उपजाऊ जमीन और गन्ने की खड़ी फसल को लगातार निगल रहा है।

ग्राम प्रधान जय प्रकाश ने बताया कि सोमवार से शुरू हुए कटान में अब तक लगभग 50 एकड़ कृषि भूमि नदी में समा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार सूचना देने के बावजूद अब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने नहीं पहुंचा है।

वहीं क्षेत्रीय लेखपाल आशीष राना ने बताया कि कांप टांडा तक पहुंचने का रास्ता जंगल से होकर गुजरता है, जहां वन्यजीवों का खतरा बना रहता है। लगातार बारिश और कीचड़ के कारण मौके तक पहुंचना फिलहाल संभव नहीं हो सका।

## शारदा नदी में गिरने से बाल-बाल बची रोडवेज बस, पुल की रेलिंग तोड़कर रुकी

- चालक, परिचालक और महिला यात्री घायल, चालक जिला अस्पताल रेफर



**ईसानगर,खीरी।** नेशनल हाईवे-730 पर शुक्रवार तड़के हरिद्वार से रुपैडीहा जा रही सीतापुर डिपो की रोडवेज बस खमरिया थाना क्षेत्र में ऐरा पुल पर अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकरा गई। रेलिंग तोड़ते हुए बस रुक गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। यदि बस कुछ फीट और आगे बढ़ जाती तो शारदा नदी में गिर सकती थी। हादसा शुक्रवार सुबह करीब तीन बजे हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि पुल की रेलिंग का बड़ा हिस्सा चालक की ओर से बस के भीतर तक घुस गया। दुर्घटना में बस चालक अनिल कटियार (45), परिचालक हिमांशु श्रीवास्तव (35) और एक महिला यात्री घायल हो गए। एंबुलेंस से चालक को नकहा सीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिचालक और महिला यात्री को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। एआरएम गीता सिंह ने बताया कि बस में सात यात्री सवार थे। हादसे के बाद सभी यात्रियों को दूसरी रोडवेज बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सामने से आ रही एक पिकअप को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकरा गई।

## फर्जी आख्या से शिकायतें निस्तारित करने का आरोप, पूर्ति निरीक्षक पर उठे सवाल

**बिजुआ (खीरी)।** ग्राम पंचायत पतवारा के ग्रामीणों ने पूर्ति विभाग पर आईजीआरएस व मुख्यमंत्री पोर्टल की शिकायतों का निष्पक्ष जांच के बिना निस्तारण करने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि शिकायतों के मूल तथ्यों की जांच किए बिना भ्रामक आख्या लगाकर मामलों को बंद किया जा रहा है। निशा देवी ने शिकायत की थी कि उनके नाम का उज्ज्वला गैस कनेक्शन किसी अन्य के नाम पर प्रदर्शित हो रहा है, लेकिन आरोप है कि शिकायत के मूल बिंदु पर जवाब देने के बजाय नए कनेक्शन बंद होने का हवाला देकर मामला निस्तारित कर दिया गया। ग्रामीणों ने राशन कार्ड और यूनिट संबंधी शिकायतों में भी ऐसी ही अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। पूर्ति निरीक्षक देवेश भारती ने बताया कि गैस एजेंसी द्वारा राशन कार्ड संख्या दर्ज करने में त्रुटि के कारण यह स्थिति बनी। एजेंसी ने गलती स्वीकार करते हुए प्रक्रिया शुरू होने पर रिकॉर्ड में संशोधन करने का आश्वासन दिया है।

## संत रामपाल महाराज की अन्नपूर्णा सेवा से असहाय परिवार को मिला सहारा

- ईदगाह मोहल्ले में जरूरतमंद परिवार को राशन किट उपलब्ध, परिजनों ने भावुक होकर जताया आभार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

सदर तहसील क्षेत्र के मोहल्ला ईदगाह में आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक जरूरतमंद परिवार को संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों ने अन्नपूर्णा सेवा के तहत राशन किट उपलब्ध कराई। परिवार ने इसे मुश्किल समय में मिली बड़ी राहत बताते हुए आभार व्यक्त किया।

बताया गया कि अमिताभ गुप्ता अपनी पारिवारिक समस्याओं को लेकर कुछ दिन पूर्व जिलाधिकारी से भी मिले थे। विभिन्न स्तरों पर प्रयास करने के बावजूद उन्हें अपेक्षित सहायता नहीं मिल सकी। इसके बाद उनकी समस्या संत रामपाल जी महाराज तक पहुंची, जिस पर अनुयायियों की टीम ने परिवार का सर्वे कर स्थिति का आकलन किया। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर संत रामपाल जी महाराज के निर्देश पर अनुयायियों की टीम अमिताभ गुप्ता के घर पहुंची और अन्नपूर्णा सेवा के तहत आटा, चावल, चना दाल, उड़द दाल, खाद्य तेल, चीनी, चायपत्ती, दूध पाउडर,



नहाने व कपड़े धोने का साबुन, डिटर्जेंट सहित अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री से युक्त राशन किट प्रदान की। राशन मिलने पर अमिताभ गुप्ता की माता संध्या गुप्ता भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि कठिन समय में मिली यह सहायता उनके परिवार के लिए बड़ी राहत है। परिवार के अन्य सदस्यों ने भी संत रामपाल जी महाराज और उनकी सेवा टीम का आभार व्यक्त किया। जिला समन्वयक रवि कुमार वर्मा ने बताया कि संत रामपाल जी महाराज के मार्गदर्शन में देशभर में अन्नपूर्णा सेवा के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को राशन, आवास और अन्य मूलभूत सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उनके अनुसार सेवा का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक समय पर सहायता पहुंचाना और मानवता की भावना को मजबूत करना है।

## गुरुपूर्णिमा की तैयारियों का एसडीएम-सीओ ने लिया जायजा

**परमहंस आश्रम औरा पहुंचकर सुरक्षा व व्यवस्था का किया निरीक्षण**

**हलिया (मिर्जापुर)।** गुरुपूर्णिमा पर्व पर परमहंस आश्रम औरा में जुटने वाली भारी भीड़ को देखते हुए गुरुवार की शाम को एसडीएम लालगंज अजीत कुमार व सीओ लालगंज अमर बहादुर ने आश्रम पहुंचकर तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।अधिकारियों ने आश्रम परिसर, पार्किंग स्थल, श्रद्धालुओं के ठहरने व प्रसाद वितरण की जगह का जायजा लिया। सीओ अमर बहादुर ने थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि गुरुपूर्णिमा पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे व कंट्रोल रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।एसडीएम अजीत कुमार ने कहा कि गुरुपूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालु आश्रम पहुंचते हैं। ऐसे में जाम की स्थिति न बने, इसके लिए रूट डायवर्जन व पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस व मेडिकल टीम तैनात करने और बिजली विभाग को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।एसडीएम ने आश्रम प्रबंधन को परिसर व आसपास साफ-सफाई, टैंकरों से पेयजल, मोबाइल शौचालय व प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। आग से बचाव के लिए फ़ायर ब्रिगेड की गाड़ी भी तैनात करने के निर्देश दिए गए।अधिकारियों ने आश्रम के पदाधिकारियों से कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की। आश्रम प्रबंधन ने बताया कि गुरुपूर्णिमा पर सुबह से ही दर्शन-पूजन व सत्संग का आयोजन होगा। लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

## एसपी के निर्देश पर हलिया बाजार में पुलिस ने की पैदल गश्त

- सीओ व थानाध्यक्ष ने किया वाहन चेकिंग, आमजन को दिया सुरक्षा का भरोसा

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में गुरुवार रात सीओ लालगंज अमर बहादुर व थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस बल के साथ हलिया बाजार में पैदल गश्त की। इस दौरान संदिग्ध वाहनों की चेकिंग भी की गई।सीओ अमर बहादुर व थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने हलिया के मुख्य बाजार, सब्जी मंडी व भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल मार्च किया। अधिकारियों ने दुकानदारों व आमजन से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था का फीडबैक लिया। पुलिस को देख बाजार में लोगों में सुरक्षा का भाव दिखा। गश्त के दौरान पुलिस ने दोपहिया व चारपहिया वाहनों के कागजात जांचे। बिना हेलमेट व तीन सवारी बाइक चलाने वालों को चेतावनी दी गई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है।एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि त्योहारों व आगामी



आयोजनों के मद्देनजर बाजारों, सार्वजनिक स्थानों पर लगातार पैदल गश्त करें। अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखें और असामाजिक गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई करें। सीओ अमर बहादुर ने कहा कि आमजन निर्भय होकर अपना कारोबार करें। किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 या थाने पर सूचना दें। पुलिस हर समय जनता की सुरक्षा के लिए तत्पर है।गश्त के दौरान हलिया थाने के उपनिरीक्षक व अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

## स्कूल चलो अभियान का असरः उच्च प्रा. वि. लोहियापुरवा ने नामांकन में बनाया नया रिकॉर्ड




**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्कूल चलो अभियान का सकारात्मक असर अब परिषदीय विद्यालयों में दिखाई देने लगा है। सत्र 2026-27 के प्रवेश अभियान के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहियापुरवा ने पिछले पांच वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सर्वाधिक नवीन नामांकन दर्ज किया है। एक जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक चले स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर से किया था। अभियान का उद्देश्य छह से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना तथा पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ना है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशन एवं खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव के मार्गदर्शन में उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहियापुरवा ने इस सत्र में अब तक 43 नए विद्यार्थियों का नामांकन कर अपने पिछले पांच वर्षों का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड बनाया है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सलीम अहमद ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है। अभिभावक अपने नजदीकी सरकारी विद्यालय में प्रधानाध्यापक से संपर्क कर सीधे नामांकन करा सकते हैं।

## पुरंदरपुर पुलिस ने चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुरंदरपुर पुलिस ने चोरी की वारदातों का सफल खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी का सामान, अवैध तमंचे, जिंदा कारतूस, नकदी तथा अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर पुरंदरपुर पुलिस ने गोविन्द उर्फ गोभी निवासी करमहवा बुजुर्ग, दिनेश यादव निवासी बड़हरा (कोतवाली)



तथा सुजीत यादव निवासी करमहवा बुजुर्ग को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, 12 जुलाई की रात ग्राम हरैया रघुवीर निवासी गंगाराम वर्मा अपने परिवार सहित रिश्तेदारी में आयोजित मुंडन समारोह में गए थे। इसी दौरान चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर सिलाई मशीन, गैस सिलेंडर, बर्तन, पायजेब, कान की बाली तथा नगदी सहित अन्य सामान चोरी कर लिया था। घटना के संबंध में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया। गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से एक .303 बोर का देशी तमंचा, एक .22 एमएम का अवैध तमंचा, सात जिंदा कारतूस, दो गैस सिलेंडर, एक मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन, सोने की अंगूठी, चांदी की पायल, छह सिक्के, एक एलईडी टीवी, पीली धातु के बर्तन तथा 20,420 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपित गोविन्द उर्फ गोभी के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में चोरी, गैंगस्टर समेत कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं दिनेश यादव और सुजीत यादव का भी आपराधिक इतिहास रहा है। खुलासा करने वाली टीम में थानाध्यक्ष गौरव राय कन्नौजिया, उपनिरीक्षक अभय सिंह, अजय कुमार, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, राहुल यादव, जनार्दन चौधरी, कांस्टेबल अंजेश श्रीवास्तव, आदित्य यादव, संजय कुमार, सतीश कुमार एवं पवन कुमार यादव शामिल रहे।

## अजीत मणि त्रिपाठी बने पूर्वोत्तर रेलवे के पैनल अधिवक्ता

**जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से करेंगे पैरवी**



**महराजगंज।** नगर पंचायत आनंदनगर के निराला नगर निवासी युवा अधिवक्ता अजीत मणि त्रिपाठी को पूर्वोत्तर रेलवे ने महराजगंज स्थित जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से रेलवे अधिवक्ता (रेलवे काउंसिल) नियुक्त किया गया है। इस संबंध में पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के उप महाप्रबंधक (विधि) कार्यालय से नियुक्ति पत्र जारी किया गया है। पत्र के अनुसार अजीत मणि त्रिपाठी अब जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में रेलवे की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। साथ ही रेलवे के पक्ष अथवा रेलवे के विरुद्ध दायर होने वाले मामलों में न्यायालय के समक्ष प्रभावी पैरवी करेंगे। यह नियुक्ति रेलवे बोर्ड के निर्देशों एवं विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम फीस अनुसूची के तहत निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार की गई है। पूर्वोत्तर रेलवे के उप महाप्रबंधक (विधि) उदय प्रताप सिंह ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए निर्धारित अवधि के भीतर स्वीकृति-पत्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। अजीत मणि त्रिपाठी की इस नियुक्ति पर पूर्व विधायक चौधरी शिवेंद्र सिंह, पूर्व सिविल कोर्ट अध्यक्ष सुधेशमोहन श्रीवास्तव, पूर्व वार अध्यक्ष रवींद्र उपाध्याय, सिविल कोर्ट अध्यक्ष रामसहाय गुप्ता,सिविल कोर्ट बार अध्यक्ष प्रेम सिंह, विनीत मणि, पूर्व वार अध्यक्ष अरविन्द मिश्र, स्कन्द श्रीवास्तव, सत्येन्द्र सिंह, अनुरुद्ध लाल श्रीवास्तव, सनत त्रिपाठी, रेवेन्यू बार के अध्यक्ष जितेंद्र सैनी,मंत्री सतीश चंद्र दुबे,मृत्युंजय शुक्ल, अरविन्द उपाध्याय, सुनील मणि, उमाकांत विश्वकर्मा, मोहम्मद हई खांन ने बधाई दी है।

## ग्राहक बनकर उड़ाते थे जेवर, अंतरजनपदीय महिला चोर गिरोह का खुलासा

- पांच महिलाएं समेत छह गिरफ्तार, चोरी का सोना गलाकर बनाई जाती थी टिकिया, ऑटो से देते थे वारदात को अंजाम

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

भीड़भाड़ वाले बाजारों और सर्राफा दुकानों को निशाना बनाकर शातिर अंदाज में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले अंतरजनपदीय महिला चोर गिरोह का महराजगंज पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने गिरोह की पांच महिलाओं समेत छह आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी के सोने को गलाकर बनाई गई 5.57



ग्राम पीली धातु की टिकिया, वारदात में प्रयुक्त ऑटो, चार मोबाइल फोन और 12,580 रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार सभी महिलाएं आपस में रिश्तेदार हैं और गोरखपुर जनपद की रहने वाली हैं। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि 17 जुलाई को कोल्हुई क्षेत्र के ग्राम बड़हरा इंद्रदत्त निवासी नूर मोहम्मद ने बृजमनगंज थाने में अपनी आभूषण की दुकान से जेवर चोरी होने की तहरीर दी थी। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तथा गांडीव पोर्टल के माध्यम से संदिग्धों की पहचान की गई। जांच के दौरान मुख्य आरोपित मंजू की पहचान हुई, जो पूर्व में भी चोरी के मामलों में जेल जा चुकी है। उसकी निशानदेही पर गिरोह की अन्य महिलाओं तथा वारदात में शामिल ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे सुनियोजित तरीके से अलग-अलग जनपदों के बाजारों और भीड़भाड़ वाले प्रतिष्ठानों को अपना निशाना बनाती थीं। पुलिस के अनुसार गिरोह हमेशा एक ही ऑटो वाहन को रिजर्व कर घटनास्थल तक पहुंचता था और उसी से वापस लौटता था। चोरी के बाद पहचान छिपाने के लिए आरोपी महिलाएं कुछ दिनों तक धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर चली जाती थीं। चोरी के आभूषणों को तुरंत गलाकर पीली धातु की टिकिया बना दिया जाता था, ताकि उनकी पहचान समाप्त हो सके। गिरफ्तार आरोपितों में मंजू पत्नी विजय बहादुर निवासी मतौनी, पोस्ट कुसुमी बाजार, सरिता पत्नी रामभवन, सोना पत्नी छोटेलाल, कुंती पत्नी जत्तन, मंजू पत्नी राजेश निवासी सूबा बाजार थाना खोराबार, गोरखपुर तथा ऑटो चालक इंदल निवासी पोछिया ब्रह्मस्थान थाना झंगहा, गोरखपुर शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मंजू पत्नी विजय बहादुर के खिलाफ नौतनवा, राजघाट और गुलरिहा थानों में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।

**खुलासे में शामिल टीमः** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मदन मोहन मिश्रा, उपनिरीक्षक गजेन्द्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक निरंजन राय, उपनिरीक्षक अर्चना यादव, प्रिया वर्मा, कांस्टेबल राहुल तिवारी, अरविन्द खरवार, अस्मिता पांडेय एवं खुशबू की सराहनीय भूमिका रही।